हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 6, अंकः 292, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 11 अप्रैल, 2022 दिन सोमवार गाजीपुर/वाराणसी

भारत-रूस के बीच सीधी विमान सेवाएं बंद होने से बढ़ेंगी छात्रों की मुश्किलें

एयर इंडिया की उड़ानें एक अप्रैल से निलंबित चल रही हैं

नई दिल्ली। यूक्रेन-रूस युद्ध के चलते जहां यूक्रेन में पढ़ रहे हजारों भारतीय छात्रों को परेशानियों का सामना करना पड़ा है, वहीं एक बार फिर भारतीय छात्रों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इस बार परेशानी भारत-रूस के बीच सीधी विमान सेवाएं बंद होने के कारण होने वाली हैं। छात्रों के अलावा रूस नौकरी और व्यापार के लिए जाने वाले भारतीयों की दिक्कतें भी बढ़ सकती हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर का कहना है कि स्थिति चिंताजनक है और सरकार इस मामले को देख रही है। भारत-रूस के बीच वर्तमान में सिर्फ एयर इंडिया और रूस की विमान कंपनी एयरोप्लोट की ही सीधी विमान सेवाएं हैं। एयर इंडिया की उड़ानें एक अप्रैल से निलंबित चल रही हैं। उड़ानें कब शुरू होंगी, ये भी स्पष्ट नहीं है। रूस पर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों के कारण एयर इंडिया को अंतरराष्ट्रीय बीमा कंपनियां रि-इश्योरेंस प्रदान नहीं कर रही हैं। एयर इंडिया इसका विकल्प तलाशने के साथ-साथ सरकार से

भी मदद की गुजारिश कर रही है। एयर इंडिया की उड़ानें बंद होने के साथ-साथ आगे की बुकिंग भी अभी रुकी हुई है। रूसी एयरलाइंस एयरोफ्लोट इंश्योरेंस संबंधी प्रतिबंधों के कारण वर्तमान में केवल बेलारूस तक ही उड़ानों का संचालन कर रही है। सूत्रों की मानें तो एयरोफ्लोट ने फिलहाल अपनी सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को बंद कर दिया है। कंपनी ने जिन विमानों को लीज पर लिया हुआ है, उनके अनुबंधों का नवीनीकरण नहीं हो पा रहा है। इस कारण कंपनी को डर है कि दूसरे देशों में उसके विमानों को संबंधित कंपनी जब्त कर सकती हैं। रूसी कंपनी यूक्रेन युद्ध की शुरूआत से पहले दुनिया के 150 से ज्यादा शहरों में अपनी सेवाएं दे रही थी। इस रूसी एयरलाइंस ने आधे से ज्यादा विमान लीज पर लिए हुए हैं।

मसूद अजहर के सभी 5 भाई आतंकी बाप की तरह जहर उगलता है हाफिज सईद का बेटा

नई दिल्ली। माना जाता है कि डॉक्टर का बेटा डॉक्टर और इंजीनियर का बेटा इंजीनियर बनता है। मगर, दहशतगर्दी में भी इस तरह के कई उदाहरण हैं जब बेटे ने बाप का खूनी रास्ता अपनाया। इसी कड़ी में हाफिज सईद के बेटे हाफिज तल्हा सईद को भी अब आतंकी घोषित कर दिया गया है। पाकिस्तान में बैठकर भारत के खिलाफ जहर उगलने वाला आतंकी हाफिज सईद का बेटा हाफिज तल्हा सईद भी अपने पिता के नक्शे कदम पर आगे बढ़ रहा है। वह भी भारत के खिलाफ लगातार जहर उगलता है। जम्मू-कश्मीर को लेकर लगातार विवादित बयान देता रहा है। साथ ही जम्मू-कश्मीर में जेहाद फैलने की बात करता है। हमेशा लोगों को भड़काने की कवायद में रहता है। साल 2007 में उसका एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वह कह रहा था कि कश्मीर में हर कीमत पर जेहाद होकर रहेगा। मसूद अजहर की पत्नी का नाम शाजिया है। इससे उसके दो बेटे वलिउल्लाह और अब्दुल्ला हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने दी रामनवमी की शुभकामनाएं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रामनवमी के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आने की कामना की। पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा, "देशवासियों को रामनवमी की ढेरों शुभकामनाएं। भगवान श्रीराम की कृपा से हर किसी को जीवन में

सुख, शांति और समृद्धि प्राप्त हो। जय श्रीराम मान्यता है कि चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की नवमी को भगवान राम का जन्म हुआ था। इसी दिन देशभर में हर्षोल्लास के साथ रामनवमी का त्योहार मनाया जाता है। शाह ने भी दी शुभकामनाएं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को देशवासियों को रामनवमी महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन हमें मयार्दाओं का पालन कर सत्य व धर्म के मार्ग पर चलने की सीख देता है। अमित शाह ने ट्वीट कर कहा, "समस्त देशवासियों को रामनवमी के महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन हमें मयार्दाओं का पालन कर सत्य व धर्म के मार्ग पर चलने की सीख देता है।

मास्क अनिवार्य था तब भी नहीं लगाते थे लोग

नई दिल्ली। एक ताजा सर्वेक्षण के अनुसार, देश के 10 में से 9 लोगों का मानना है कि जब मास्क लगाना अनिवार्य था, तब भी उनके इलाके, शहर या जिले के ज्यादातर लोग मास्क लगाते नहीं थे या गलत तरीके से लगाते थे। जब लोगों से मास्क पहनने को लेकर सवाल किया गया तो 57 फीसद लोगों का कहना था कि लोग मास्क पहनते तो थे, लेकिन वह महज खानापूर्ति होती थी। कोई भी ठीक तरीके से मास्क नहीं पहनता था।

वहीं 22 फीसद लोगों का मानना था कि कि लोगों के पास मास्क तो होता था, लेकिन वह पहनते नहीं थे और 11 फीसद लोगों का कहना था कि लोगों के पास मास्क ही नहीं होता था। इस बीच केवल 7 फीसद लोगों ने माना कि उनके इलाके के लोगों ने मास्क पहनने की अनिवार्यता का ठीक से पालन किया। भारत के 349 जिलों के 30000 लोगों के साथ यह सर्वेक्षण किया गया। जब इनसे मास्क के नियमों का पालन करने से जुड़ा सवाल किया गया तो 7 फीसद लोगों का जवाब था कि किसी ने भी नियमों का पालन नहीं किया। वहीं 36 फीसद का मानना था कि 30 प्रतिशत लोगों ने नियमों का पालन किया। वहीं 35 फीसद लोगों का कहना था कि 30 से 60 प्रतिशत के बीच में लोगों ने मास्क से जुड़े नियमों को माना। करीब 10 फीसद

लोगों ने कहा कि 60 से 90 फीसद लोगों ने नियमों का पालन किया और 6 फीसद लोग ये मानते हैं कि 90 फीसद से ज्यादा लोगों ने मास्क पहना है। लोगों से उनके इलाके, शहर या जिले में लोगों द्वारा पहनी गई मास्क की किस्म के बारे में पूछने पर सामने आया कि 3 में से 2 लोग यानी करीब 62 फीसद लोग कपड़े से बना मास्क पहनते हैं। इस मास्क से सीमित स्तर पर ही सुरक्षा हो पाती है। इस तरह सर्जिकल मास्क पहने वालों की संख्या 20 फीसद और एन-95, केएन-95, या डब्ल्यू 95 मास्क पहनने वाले की संख्या 6 फीसद है। देश भर में अब कोविड के रोजाना आने वाले मामले घटकर 1000 से कम हो गए हैं। इसके चलते महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा और तेलंगाना ने इस महीने से मास्क पहनने की अनिवार्यता को वापस ले लिया है। हालांकि दुनिया के कई हिस्सों में अभी भी कोरोना का कहर बना हुआ है। चीन में हाल ही में दो नए वेरिएंट मिले हैं जिसके बाद कई शहरों में फिर से लॉकडाउन की नौबत आ गई है। ऐसे में ये सर्वेक्षण बताता है कि देश में लोगों ने मास्क की अनिवार्यता को गंभीरता से नहीं लिया है। जबकि यूरोपीय देशों में फरवरी में मास्क की अनिवार्यता खत्म होते ही वहां संक्रमण के मामले बढ़ने शुरू हो गए हैं। ऐसे में नियमों और सावधानियों का गंभीरता से पालन अभी भी बेहद जरूरी है। ज्ञात हो कि अब कोरोना संक्रमण के मामलों की संख्या लगातार कम ही बनी हुई है। ऐसे में भारत के कई राज्यों ने मास्क पहनने की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया है। वहीं कई राज्यों ने इस पर लगने वाले जुमार्ने को हटा दिया है।

संकट में श्रीलंकाः सरकार छोड़ चुके 41 सांसदों के साथ बैठक करेंगे राष्ट्रपति राजपक्षे, समाधान ढूंढने के प्रयास

कोलंबो। श्रीलंका में चल रहे आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक संकट का समाधान ढूंढने के प्रयासों के तहत राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे हाल ही में इस्तीफा देने वाले 41 सांसदों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक

करेंगे। जानकारी के अुसार श्रीलंका फ्रीडम पार्टी (एसएलएफपी) और राष्ट्रपति राजपक्षे के बीच यह बैठक रविवार को शाम सात बजे होगी। इस निर्णायक और अहम बैठक की जानकारी पूर्व राष्ट्रपति और एसएलएफपी नेता मैत्रीपाला सिरिसरना ने दी।

रविवार की सुबह सिरिसरना ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रपति राजपक्षे को कम से कम विभागों के साथ राजपक्षे के बिना एक सर्वदलीय मंत्रिमंडल के तहत एक अंतरिम प्रशासन बनाने के लिए मजबूर करना रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि अंतरिम प्रशासन की स्थापना होने से पहले कार्यकारी अध्यक्ष पद की कार्यकारी शक्तियों को कम करने के लिए संविधान के 19वें संशोधन को अतिरिक्त शक्तियों के साथ फिर से पेश किया जाना चाहिए।

1948 में आजाद होने के बाद से सबसे गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे श्रीलंका में लोग बड़ी संख्या में सरकार विरोधी प्रदर्शन कर रहे हैं और राष्ट्रपति से इस्तीफा देने की मांग कर रहे हैं। लोगों को भारी बिजली कटौती और गैस, खाद्य पदार्थों व अन्य जरूरी सामग्रियों की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को 'गाले फेस ग्रीन पार्क' में 10 हजार से अधिक लोग एकत्र हुए थे। उन्होंने सरकार के विरोध में पूरा रात प्रदर्शन किया था। सिरिसरना ने कहा कि ऐसा लगता है राष्ट्रपति और सत्तारूढ़ श्रीलंका पोदुजाना पेरामुना (एसएलपीपी) सरकार के खिलाफ विरोध और आंदोलन तब तक कम नहीं होंगे जब तक राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे सत्ता में रहेंगे। उन्होंने आगे कहा, 'लेकिन यह एक लंबी प्रक्रिया और इसमें समय लगता है। हमारे देश के लोगों को बिजली और भोजन की कमी तथा आसमान छूती महंगाई जैसी वर्तमान समस्याओं के तत्काल समाधान की आवश्यकता है।'

राजस्थान में हिंसा के दम पर सत्ता में आने का ख्वाब देख रही भाजपा : अशोक गहलोत

नई दिल्ली। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी भाजपा प्रदेश में हिंसा के दम पर सत्ता में आने का ख्वाब देख रही है। दो दिवसीय दौरे पर बीकानेर पहुंचे गहलोत ने शनिवार को सादुल क्लब मैदान में हेलीपैड पर मीडिया से बातचीत में करौली हिंसा का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा माहौल शांत करने के बजाय बिगाड़ने में जुटी है।

हमारी सरकार ने ऐसा खुशहाली वाला बजट इस वर्ष पेश किया है, जिसकी हर वर्ग और हर समुदाय सराहना कर रहा है। इस बजट के कारण कांग्रेस लोकप्रियता से घबराई भाजपा अब प्रदेश में सांप्रदायिकता की आग भड़काना चाहती है। इसकी शुरूआत भाजपा ने करौली से कर दी है। गहलोत ने कहा कि दिल्ली में बैठे भाजपा नेताओं ने राजस्थान में पार्टी के नेताओं को बकायदा आगाह किया है कि राजस्थान में आग भड़काओ, तभी हमारी सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि अब बताओ यह कहां का लोकतंत्र है। भाजपा धर्म के नाम पर हिंसा भड़का कर सत्ता पर काबिज होना चाहती है। उसे महंगाई और बेरोजगारी जैसे ज्वलंत मुद्दों से कोई लेना देना नहीं है। देशभर में उपजे ताजा हालातों पर गहलोत ने कहा कि बहुत खतरनाक दौर देश में चल रहा है। लोकप्रियता के लिए मुद्दों को भाजपा क्या-क्या रंग दे रही है। गहलोत ने कहा- मैं पूछना चाहता हूं कि जगह-जगह तनाव पैदा कर भाजपा देश को कहां ले जाना चाहती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि राजस्थान में भाजपा आग भड़काने के कितने भी प्रयास कर ले, उनके मंसूबों को हम कामयाब नहीं होने देंगे। हमारी पिछली सरकार ने राजस्थान में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई थीं। बाद में वसुंधरा सरकार आई तो एक-एक कर योजनाओं को बंद कर दिया। गहलोत ने कहा कि आप (भाजपा) यह कैसी राजनीति कर रहे हैं। हमारी सरकार ने कोरोना से उपजे घोर आर्थिक संकट के बावजूद राजस्थान में ऐतिहासिक बजट पेश किया है।

नडाबेट में पर्यटन से बनासकांठा के पांच लाख लोगों को मिलेगा रोजगार : अमित शाह

अहमदाबाद। केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को गुजरात में कहा कि जवानों के कारण देश सुरक्षित है। दुनिया में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। गुजरात के नडाबेट पर पर्यटकों को बीएसएफ जवानों की बहादुरी व जीवन को नजदीक से देखने को मिलेगा। बनासकांठा के नडाबेट में अमित शाह ने रविवार को सीमा दर्शन प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। अमित शाह ने कहा कि अगले 10 साल में नडाबेट पर आने वाले पर्यटकों के कारण बनासकांठा के पांच लाख लोगों को रोजगार मिल सकेगा। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नडाबेट पर सीमा दर्शन के रूप में बार्डर ट्यूरिज्म को विकसित करने की कल्पना की थी। इस दूरदर्शिता के लिए उनको हाथ जोड़कर वंदन करता हूं। अमित शाह ने कहा कि पूरा देश सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पर गर्व करता है। नडाबेट पर आने

वाले पर्यटकों को बीएसएफ जवानों से संवाद करने, उनके जीवन व बहादुरी को नजदीक से देखने का मौका मिलेगा। वाघा बार्डर की तरह यहां भी बीएसएफ की बीटिंग द रिट्रीट देखने को मिलेगी। सीमा दर्शन प्रोजेक्ट के तहत भारत- पाकिस्तान सीमा को करीब से देखने, बीएसएफ गैलरी में जवानों की गौरव गाथा को जानने का मौका मिलेगा। अमित शाह ने यहां बीएसएफ अधिकारियों से कई मुद्दों पर चर्चा की तथा बीएसएफ जवानों की शहादत व बहादुरी को दशार्ने वाली सरहद गाथा, बीएसएफ बैरक व म्यूजियम को देखा। इस मौके पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने बताया कि यहां पर्यटकों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। बार्डर ट्यूरिज्म के विकास के लिए टी जंक्शन, जीरो पाइंट तक रास्ता बनाया है। सरकार ने यहां 500 लोगों की बैठक क्षमता वाले वातानुकूलित सभागार, सरहद गाथा म्यूजियम, सोलर ट्री आदि के विकास पर सवा सौ करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

भारत में 18+ लोगों को मिलेगी बूस्टर डोज

नई दिल्ली। देश के सभी वयस्क कोविड -19 के खिलाफ बूस्टर वैक्सीन खुराक पाने के पात्र हैं। केंद्र सरकार ने इस सप्ताह की शुरूआत में इसकी घोषणा की थी। भारत में कोरोना वायरस को नए सब वैरिएंट एक्सई के मामले मिलने के बीच इसकी घोषणा की गई। इससे पहले केवल स्वास्थ्य कार्यकर्ता, फ्रंटलाइन वर्कर और 60 वर्ष से अधिक आयु के लोग ही तीसरी खुराक के लिए पात्र थे। आपको बता दें कि निजी टीकाकरण केंद्रों पर सभी वयस्कों के लिए कोविड -19 एहतियात खुराक यानी बूस्टर डोज उपलब्ध होंगे। इस बीच सरकारी केंद्रों पर सरकार का मुफ्त टीकाकरण अभियान जारी रहेगा। यहां पहली और दूसरी खुराक पा चुके बुजुर्गों, फ्रंटलाइन कार्यकताओं और स्वास्थ्य कर्मियों को बूस्टर डोज दिए जाएंगे। बूस्टर डोज के लिए आपको वही टीका लगाया जाएगा जो आपने अपनी पहली और दूसरी खुराक के तौर पर ली है। उदाहरण के लिए, यदि आपको अपनी पहली और दूसरी खुराक के समय कोविशील्ड दिया गया था, तो आपको कोविशील्ड का ही बूस्टर डोज दिया जाएगा। अपना कोविड -19 एहतियाती खुराक स्लॉट बुक करने के लिए, आपको बस अपने पूर्व-पंजीकृत मोबाइल नंबर के साथ कोविन पोर्टल पर लॉग इन

करना होगा। उसी तरह एक स्लॉट बुक करना होगा जैसे पहली और दूसरी खुराक के समय किया गया था। आप अपने निकटतम टीकाकरण केंद्र का चयन कर सकते हैं और पोर्टल पर सुविधाजनक तिथि और समय बुक कर सकते हैं। आप पहले से ऑनलाइन स्लॉट बुक करने के बजाय वॉक-इन पंजीकरण का विकल्प चुन सकते हैं। लेकिन सुनिश्चित करें कि आप पहले एहतियाती खुराक के लिए पात्र हैं।

पंजाब की आप सरकार में पहली तकरार एमएलए ने जताई पुलिस नियुक्तियों पर आपत्ति

अमृतसर। पंजाब में आम आदमी पार्टी की नई सरकार में दरार पड़ती नजर आ रही है। अब आप विधायक कुंवर विजय प्रताप ने दो वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों प्रबोध कुमार और अरुण पाल सिंह की नियुक्ति पर आपत्ति जताई है। शनिवार को पंजाब में बड़े फेरबदल हुए। हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में आप ने 92 सीटों पर जीत हासिल कर सरकार बनाई है। अधिकारी सिंह को अमृतसर पुलिस आयुक्त बनाया गया है। वहीं, पंजाब सरकार ने 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी कुमार को 25 मार्च को स्पेशल डीजीपी (खुफिया) नियुक्त किया है। कुंवर प्रताप ने शनिवार को फेसबुक पोस्ट के जरिए इन दोनों अधिकारियों की नियुक्ति पर सवाल उठाए हैं। साथ ही उन्होंने इसपर विचार करने का भी अनुरोध किया है। उन्होंने लिखा, 'आम लोगों की मांग पर मैंने पार्टी के मंच पर उन दो पुलिस अधिकारियों की नियुक्ति पर दोबारा विचार करने का अनुरोध किया है, जो नंबर एक और नंबर दो के तौर पर तत्कालीन रक्ळ का हिस्सा था और जिन्होंने बड़े राजनीतिक घरानों का पक्ष लिया था। ये दो अधिकारी बरगारी-बेहबाल-कोटकपूरा मामले में न्याय नहीं मिलने के जिम्मेदार हैं। मैं SIT में नंबर तीन पर था। नंबर एक को पुलिस

विभाग के सबसे ताकतवर पद खुफिया प्रमुख बनाया गया है। नंबर दो को पवित्र शहर अमृतसर के पुलिस आयुक्त के रूप में इनाम दिया गया है।' कुंवर प्रताप पूर्व आईपीएस अधिकारी हैं और पंजाब पुलिस में आईजी रह चुके हैं। उनके नेतृत्व में काम कर रही एसआईटी की जांच को पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया था, जिसके कुछ समय बाद अप्रैल में ही उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया था। उस दौरान SIT गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के खिलाफ विरोध कर रहे लोगों पर कोटकपूरा और बेहबाल कलां में गोलीबारी के दो मामलों में जांच कर रहे थे। बाद में वह आप में शामिल हो गए थे। कुंवर प्रताप ने कहा कि उन्होंने पहले ही यह साफ कर दिया था कि किसी को भी बेअदबी के मुद्दे का राजनीतिकरण या ग्लैमर से नहीं जोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा, 'जो लोग इस मुद्दे पर राजनीति करते हैं उन्हें गुरु गोविंद सिंह जी की सबसे ऊंची अदालत से सजा मिली...। गुरु महाराज ने पंजाब के दो बड़े सियासी घरानों को सजा दी, जो मेरे इस्तीफे से जल रहे थे। ये दो परिवार पंजाब के सियासी मैदान में दोबारा नहीं आएंगे। बरगारी-बेहबाल-कोटकपूरा मामले में आम लोगों को हमारी आप सरकार से न्याय की उम्मीद है।

रूसी हमले के बीच अचानक यूक्रेन पहुंचे बोरिस जॉनसन

नई दिल्ली। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन अचानक रूस का हमला झेल रहे यूक्रेन पहुंच गए। अपनी इस औचक यात्रा के दौरान वह कीव की सड़कों पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के साथ घूमते हुए दिखे। यूक्रेन की सरकार द्वारा शेयर किए गए दो मिनट से अधिक लंबे वीडियो में दोनों नेताओं को स्नाइपर्स और अन्य सुरक्षा के बीच सड़कों पर घूमते हुए देखा जा सकता है। कीव के मुख्य क्रेशचैटिक सड़क से मैदान स्क्वायर जाते समय दोनों राहगीरों का अभिवादन करते हैं।

राहगीरों में से एक यूक्रेन की राजधानी में ब्रिटिश नेता को देखकर भावुक दिखाई दे रहा था। उसने कहा, "हमें आपकी जरूरत है।" जॉनसन ने भी उसका जवाब दिया। ब्रिटिश पीएम बोले, "आपसे मिलकर अच्छा लगा। हमें मदद करने का सौभाग्य मिला है। आपके पास एक अच्छे राष्ट्रपति मिस्टर जेलेंस्की हैं। 24 फरवरी को रूस द्वारा आक्रमण शुरू करने के बाद से किसी जी-7 नेता की यह पहली यात्रा थी। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने 120 बख्तरबंद वाहनों और नई एंटी-शिप मिसाइल सिस्टम का वादा किया है। उन्होंने विश्व बैंक के ऋण में अतिरिक्त 500 मिलियन डॉलर की भी पुष्टि की है। इससे यूके की कुल ऋण गारंटी एक अरब डॉलर तक पहुंच गई है। आपको बता दें कि इस रूसी आक्रमण से लाखों यूक्रेनियन विस्थापित हो गए हैं। बेहतर सैन्य शक्ति होने के बावजूद रूस को यूक्रेन पर कब्जा करने और जेलेंस्की सरकार को उखाड़ फेंकने के अपने प्रयास में बड़े झटके का सामना करना पड़ा है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने हाल ही में यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में अपने अब तक के सबसे निराशाजनक आकलन में नुकसान स्वीकार किया।

चिंतन मनन

अर्थव्यवस्था बेहतर नहीं

भारतीय रिजर्व बैंक ने तीन दिवसीय एमपीसी की बैठक के नतीजों का ऐलान कर दिया। भारतीय रिजर्व बैंक ने नए वित्त वर्ष (2022-2023) की पहली बैठक में ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया। रेपो रेट को 4 फीसदी और रिवर्स रेपो को 3.35 फीसदी पर जस का तस रखा है। यानी आपकी ईएमआई पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। यह लगातार 11वीं बार है जब केंद्रीय बैंक ने रेपो रेट स्थिर रखी है। वहीं बैंक ने वित्तीय वर्ष 23 के लिए जीडीपी ग्रोथ अनुमान 7.8 से घटाकर 7.2 फीसदी कर दिया है। महंगाई दर का अनुमान 4.5 से बढ़ाकर 5.7 फीसदी किया है। इस बार भी केंद्रीय बैंक ने रेपो दर को बिना किसी बदलाव के यथावत रखा है। अर्थव्यवस्था की चिंता के साथ ही आरबीआई बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र को मजबूत बनाने की दिशा में भी सक्रिय दिख रहा है। उपभोक्ताओं के हितों की फिक्र भी उसे है। इसलिए ग्राहक सेवाओं में सुधार के लिए समिति बनाने की बात की है। अब ज्यादातर बैंक डिजिटल सेवाएं दे रहे हैं। इस लिहाज से उपभोक्ता संरक्षण का पक्ष महत्त्वपूर्ण हो जाता है। हालांकि एमपीसी ने इस बार भी कहा कि उदारता भरा रुख अब ज्यादा लंबा नहीं चलने वाला। इसलिए आने वाले वक्त में रिजर्व बैंक से बेहद उदार रुख की उम्मीद नहीं की जानी चाहिए। मतलब साफ है कि नीतिगत दरों में बदलाव पर विचार हो भी सकता है। लगता है कि एमपीसी आने वाले दिनों के जोखिमों को समझ रही है। इसलिए उसने मुद्रास्फीति का अनुमान बढ़ा कर 5.7 फीसद कर दिया, जबकि इस साल फरवरी में यह साढ़े चार फीसद रखा गया था। इतना ही नहीं, हालात को देखते हुए जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान भी घटा कर 7.2 फीसद कर दिया है, जो पहले 7.8 फीसद था। महंगाई और जीडीपी के अनुमानों में बदलाव इस बात का संकेत है कि अर्थव्यवस्था की चुनौतियां और बढ़ सकती हैं। जहां तक महंगाई की बात है, केंद्रीय बैंक यह पहले से ही कह रहा है कि इस साल यानी 2022-23 में भी महंगाई से मुक्ति नहीं मिलने वाली। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के लिए ही मुद्रास्फीति का अनुमान 6.3 फीसद रखा है। बाकी अगली तीन तिमाहियों में भी यह पांच फीसद से ऊपर ही रहने का अनुमान है। ऐसा इसलिए भी है कि रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से कच्चे तेल के दामों में उतार-चढ़ाव बड़ी समस्या बन गया है। इसका असर साफ दिख भी रहा है। पेट्रोल-डीजल से लेकर सीएनजी और पीएनजी तक के दाम जिस रफ्तार से बढ़ रहे हैं, उससे महंगाई भी बेलगाम होती जा रही है। खाने-पीने के सामान और खाद्य तेलों से लेकर दूसरी जिंसों के दाम भी आसमान छू रहे हैं। यह तब है जब लोगों की आमदनी नहीं बढ़ रही और बेरोजगारी के आंकड़े डराने वाले हैं। औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों में भी कोई दम नहीं दिख रहा। निजी निवेश और खपत में भी कहीं कोई तेजी नहीं है। एमपीसी ने माना भी है कि आर्थिक गतिविधियां शुरू तो हुई हैं, पर अभी कोविड से पहले वाले स्तर तक आने में समय लगेगा। ऐसे में नीतिगत दरों में किसी भी तरह का बदलाव फिलहाल जोखिम भरा ही साबित होता। अर्थव्यवस्था की चिंता के साथ ही आरबीआई बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र को मजबूत बनाने की दिशा में भी सक्रिय दिख रहा है। उपभोक्ताओं के हितों की फिक्र भी उसे है। इसलिए ग्राहक सेवाओं में सुधार के लिए समिति बनाने की बात की है। अब ज्यादातर बैंक डिजिटल सेवाएं दे रहे हैं। इस लिहाज से उपभोक्ता संरक्षण का पक्ष महत्त्वपूर्ण हो जाता है। बैंक ग्राहकों को एक और बड़ी सहूलियत देने की बात है और वह यह कि सभी बैंकों के ग्राहकों को एक ही नेटवर्क पर बिना कार्ड एटीएम से पैसा निकालने की सुविधा देना। हालांकि अभी कुछ ही बैंक ऐसी सुविधा दे रहे हैं। इससे एटीएम कार्ड धोखाधड़ी के मामलों पर भी अंकुश लगेगा। मौद्रिक नीति समिति के फैसले बता रहे हैं कि अर्थजगत के लिए आने वाला समय कठिनाइयों भरा है। सरकार के लिए भी और आमजन के लिए भी। आर्थिक कुप्रबंधन और महंगाई ने श्रीलंका और पाकिस्तान जैसे देशों की क्या हालत कर दी, यह हम देख ही रहे हैं। हालांकि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत स्थिति में बताया जा रहा है। पर महंगाई से निजात का कोई तोड़ किसी को नहीं सूझ रहा। ऐसे में रिजर्व बैंक के लिए मौद्रिक प्रबंधन बड़ी चुनौती है।

हुआ जो उनका हाल!

आज पड़ोसी देशों का ।
मामला कंगाल ।।
देख रही है दुनिया ।
हुआ जो उनका हाल ।।
पर हम ताकत से खड़े ।
रहा ये जग निहार ।।
अलग तरह से दुनिया ।
ले रही आकार ।।
धूल धूसरित हो रहे वो ।
जिनको था गुमान ।।
है सबको मालूम ।
बचा क्या सम्मान ।।
आगे-आगे देखते हैं ।
क्या है होने वाला ?
हो जाए चमत्कार ।
फैले कुछ उजाला ।।

-कृष्णेन्द्र राय

सामाजिक समरसता का समुच्चय है श्रीराम का जीवन

प्रायः कहा जाता है कि जीवन हो तो भगवान श्रीराम जैसा। जीवन जीने की उच्चतम मयार्दा का पथ प्रदर्शक भगवान श्रीराम के जीवन पर दृष्टिपात करेंगे तो निश्चित ही हमें कई पाथेय दिखाई देंगे, लेकिन इन सबमें सामाजिक समरसता का आदर्श उदाहरण कहीं और दिखाई नहीं देता। अयोध्या के राजा श्रीराम ने अपने जीवन से अनुशासन और विनम्रता का जो चरित्र प्रस्तुत किया, वह आज भी समाज के लिए एक दिशाबोध है।

वनवासी राम का सम्पूर्ण जीवन सामाजिक समरसता का अनुकरणीय पाथेय है। श्रीराम ने वनगमन के समय प्रत्येक कदम पर समाज के अंतिम व्यक्ति को गले लगाया। केवट के बारे में हम सभी ने सुना ही है, कि कैसे भगवान राम ने उनको गले लगाकर समाज को यह संदेश दिया कि प्रत्येक मनुष्य के अंदर एक ही जीव आत्मा है। बाहर भले ही अलग दिखते हों, लेकिन अंदर से सब एक हैं। यहां जाति का कोई भेद नहीं था। वर्तमान में जिस केवट समाज को वंचित समुदाय की श्रेणी में शामिल किया जाता है, भगवान राम ने उनको गले लगाकर सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। सामाजिक समरसता के भाव को नष्ट करने वाली जो बुराई आज दिखाई दे रही है, वह पुरातन समय में नहीं थी। समाज में विभाजन की रेखा खींचने वाले स्वार्थी व्यक्तियों ने भेदभाव को जन्म दिया है। वर्तमान में हम स्पष्ट तौर पर देख रहे हैं कि समाज को कमजोर करने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है, जिसके कारण जहां एक ओर समाज की शक्ति तो कमजोर हो रही है, वहीं देश भी कमजोर हो रहा है। वर्तमान में राम राज्य की संकल्पना को साकार करने की बात तो कही जाती है, लेकिन उसके लिए सकारात्मक प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। सामाजिक एकता स्थापित करने के लिए रामायण हम सभी को उचित मार्ग दिखा सकती है।

यह भी सर्वविदित है कि राम वन गमन के दौरान भगवान राम ने निषाद राज को भी गले लगाया, केवट को भी पूरा सम्मान दिया। इतना ही नही भगवान राम ने उन सभी को अपना अंग माना जो आज समाज में हेय दृष्टि से देखे जाते हैं। इसका यही तात्पर्य है कि भारत में कभी भी जातिगत आधार पर समाज का विभाजन नहीं था। पूरा समाज एक शरीर की ही तरह था। जैसे शरीर के किसी भी हिस्से में दर्द होता है, तब पूरा शरीर अस्वस्थ हो जाता था। इसी प्रकार समाज की भी अवधारणा है, समाज का कोई भी हिस्सा वंचित हो जाए तो सामाजिक एकता की धारणा समाप्त होने लगती है। हमारे देश में जाति आधारित राजनीति के कारण ही समाज में विभाजन के बीजों का अंकुरण किया गया। जो आज एकता की मयार्दाओं को तार-तार कर रहा है। भगवान राम ने अपने वनवास काल में समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का काम पूरे कौशल के साथ किया। समाज की संग्रहित शक्ति के कारण ही भगवान राम ने आसुरी प्रवृति पर प्रहार किया। समाज को निर्भयता के साथ जीने का मार्ग प्रशस्त किया। इससे यही शिक्षा मिलती है समाज जब एक धारा के साथ प्रवाहित होता है तो कितनी भी बड़ी बुराई हो, उसे नत मस्तक होना ही पड़ता है। सीधे शब्दों में कहा जाए तो संगठन में ही शक्ति है। इससे यह संदेश मिलता है कि हम समाज के साथ कदम मिलाकर नहीं चलेंगे तो हम किसी न किसी रुप में कमजोर होते चले जाएंगे और हमें कोई न कोई दबाता ही चला जाएगा। सम्पूर्ण समाज हमारा अपना परिवार है। कहीं कोई भेदभाव नहीं है। जब इस प्रकार का भाव बढ़ेगा तो स्वाभाविक रुप से हमें किसी भी व्यक्ति से कोई खतरा भी नहीं होगा। आज समाज में जिस प्रकार के खतरे बढ़ते जा रहे हैं, उसका अधिकांश कारण यही है कि समाज का हिस्सा बनने से बहुत दूर हो रहे हैं। अपने जीवन को केवल भाग दौड़ तक सीमित कर दिया है। यह सच है कि व्यक्ति ही व्यक्ति के काम आता है। यही सांस्कृतिक भारत की अवधारणा है।

पूरे विश्व में भारत एक सांस्कृतिक राष्ट्र के रुप में पहचाना जाता है, जब हम भारत को राष्ट्र बोलते हैं, तब हमें इस बात का बोध होना ही चाहिए कि राष्ट्र आखिर होता क्या है? हम इसका अध्ययन करेंगे तो पता चलेगा कि राष्ट्र की एक संस्कृति होती है, एक साहित्यिक अवधारणा होती है, एक आचार विचार होता है, एक जैसी परंपराएं होती हैं। भगवान राम के जीवन में इन सभी का साक्षात दर्शन होता है, इसलिए कहा जा सकता है कि राम जी केवल वर्ग विशेष के न होकर सम्पूर्ण विश्व के हैं। उनके आदर्श हम सभी के लिए हैं। हमें राम जी के जीवन से प्रेरणा लेकर ही अपने जीवन को उत्सर्ग के मार्ग पर ले जाने का उपक्रम करना चाहिए। इस लेख का तात्पर्य यही है कि भगवान श्रीराम का जीवन हमारे सामाजिक जीवन के उत्थान के लिये

राम से जुड़कर जीवन की कठिन से कठिन यात्रा सरल हो जाती है

चैत्र शुक्ल रामनवमी दो कारणों से महत्वपूर्ण है।पहला कारण यह है कि वसन्त सम्पात के बाद इसका आगमन होता है।वसन्त सम्पात के बाद सूर्य प्रखर होने लगता है,पुष्प आने लगते हैं,वनस्पतियां समृद्ध होने लगती हैं तथा इसी समय फसल भी पक कर तैयार हो जाती है।खेतिहर समाज के लिए यह एक बड़े उत्सव का समय होता है।इस काल अवधि में कृतज्ञता ज्ञापन के उद्देश्य से देवी की आराधना होती है।यह आराधना चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से चैत्र शुक्ल नवमीं तक होती है।वासन्तिक नवरात्र का दूसरा महत्व यह है कि चैत्र शुक्ल नवमीं को भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया जाता है।लोक में यह अवधारणा है कि भगवान राम नवमीं तिथि को चैत्र मास में जन्म लेते हैं।यह अपने आप में बड़ी ही अदभुत बात है कि उन्होंने जन्म लिया भी था और जन्म लेते भी हैं।वे एक ऐतिहासिक पुरुष थे साथ ही साथ जनमानस के बीच उनकी सनातन उपस्थिति भी है।इन दो कारणों से इस पर्व का विशेष महत्व है।राम एक मानवीय उदात्त शक्ति के अवतार हैं,मयार्दापुरुषोत्तम हैं ,इसलिए वासन्तिक नवरात्र का राम के जन्म से सम्बन्ध है तथा शारदीय नवरात्र का राम के विजयोत्सव से सम्बन्ध है।दोनों नवरात्रों में शक्ति की आराधना और राम का स्मरण साथ साथ चलता है तथा राम को अपने बीच पाने का अनुभव भी होता है।राम का अवतार आसुरी शक्तियों द्वारा पैदा किये गए असन्तुलन को दूर कर सन्तुलन स्थापित करने के लिए तथा आसुरी शक्तियों के उन्मूलन के लिए हुआ।राम के जन्म का एक और प्रयोजन भी है।जो लोग बहुत ही उपेक्षित हैं राम ने उनके अंदर विश्वास भरने का काम अपने निर्वासन की अवधि में किया।केवट,शबरी,जटायु, हनुमान ,सुग्रीव जैसे वननर को पूरे देश के सामान्य जन से जोड़ना एक बहुत बड़ा काम था।ये सभी पात्र राम के लिए दया या अनुकम्पा के योग्य नहीं वरन प्रेमास्पद,स्नेहास्पद हैं।राम सबके साथ समानता का व्यवहार करते हैं।राम का पूरा जीवन सच्चाई के पीछे चलने का,अत्यंत शीलवान होने का और सहज होने का है।सहजता अत्यंत महत्वपूर्ण गुण है।राम कर्तव्य पालन के सन्दर्भ में कठोर हैं लेकिन जहां स्नेह देना है वहां कोमल हैं।जहाँ उन्हें समस्त समाज की चिंता होती है वहां वे कठोर हो जाते हैं,अकेले हो जाते हैं।राम का अकेलापन भी बहुत सहज लगता है।सहज व्यक्ति के प्रति,कर्तव्यशील व्यक्ति के प्रति,सत्यनिष्ठ व्यक्ति के प्रतिआकर्षण होता है।राम में ये तीनों गुण हैं।एक पराक्रमी व्यक्ति में भी आकर्षण होता है।पराक्रम,शील ,सौंदर्य,सहजता,मधुरता तथा कर्तव्य के प्रति कभी भी शिथिलता नहीं, इन सबका संगम राम के व्यक्तित्व में दिखाई देता है।राम के साथ जुड़कर कठिन से कठिन यात्रा सरल हो जाती है।राम का हमारे जीवन में सदा सर्वदा विशेष महत्व बना रहेगा। हम राम को सामने रखकर ,राम के पीछे चलकर जनसामान्य के साथ आत्मीयता का भाव पैदा कर सकते हैं तथा जीवन की विषाक्तता से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होगा।

डॉ. सन्तोष कुमार मिश्र

युगों- युगों के महानायक मयार्दा पुरुषोत्तम राम के अवतरण दिवस हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं

लंका नरेश लंकेश को पराजित करने के उपरांत चौदह वर्षीय वनवासी जीवन की अनुभूतियों की थाती को हृदय में समाहित किये हुए वापस अयोध्या आकर जिन सिद्धांतों और विचारों के आधार पर मयार्दा पुरुषोत्तम ने शासन व्यवस्था स्थापित किया उसे समृद्ध भारतीय साहित्य और चिंतन परम्परा में " राम-राज्य

सर्वश्रेष्ठ कल्याणकारी राज्य का दिग्दर्शन होता हैं मयार्दा पुरुषोत्तम राम के राम राज्य में

"के नाम से जाना समझा जाता हैं । भारतीय साहित्य और राजनीतिक चिंतन परम्परा में वर्णित राम-राज्य को आधुनिक दौर में वर्णित और कुछ देशो में प्रचलित कल्याणकारी राज्य के समतुल्य माना जाता है। वस्तुतः जिस शासन सत्ता की अंतरात्मा में ईमानदारी सच्चाई सचरित्रता जन कल्याण और बचनबद्धता आकंठ अंतर्भूत हो उसे ही रामराज्य कहा जाता हैं। प्रकारांतर से कोई नृप होय हमें क्या हानि की धारणा के विपरीत अंतिम कतार में खड़े इंसान को एहसास हो कि- हमारे उपर शासन करने वाली सरकार हमारी अपनी सरकार हैं।

इस दृष्टि से मयार्दा पुरुषोत्तम राम भारतीय बसुन्धरा पर प्रथम कल्याणकारी राज्य के प्रवर्तक और संस्थापक माने जाते हैं। वस्तुतः मयार्दा पुरुषोत्तम राम के हृदय में चौदह वर्षीय वनवासी जीवन की भूख प्यास तडप और वनवासी लोगों के जीवन जीने की चुनौतियों से साक्षात्कार के फलस्वरूप प्राप्त अनुभूतियों ने लोक मंगल और लोक रंजन पर आधारित एक आदर्श राज्य स्थापित करने की सूझ-बूझ और चेतना प्रदान किया । पाश्चात्य राजनीतिक चिंतन परम्परा में इंग्लैंड के विद्वान विचारकों जेम्स मिल, जरमी बेंथम और जान स्टुअर्ट मिल ने " अधिकतम लोगों के अधिकतम सुख " के सिद्धांत पर आधारित शासन व्यवस्था को कल्याणकारी राज्य के रूप में प्रतिपादित किया । मयार्दा पुरुषोत्तम राम द्वारा संचालित राम-राज्य निश्चित रूप से पाश्चात्य विचारकों द्वारा प्रतिपादित कल्याणकारी राज्य से श्रेष्ठ ,उत्तम और व्यापक रूप से स्वीकार्य था। क्योंकि इसमें अधिकतम लोगों के कल्याण के बजाय सबके कल्याण को महत्व दिया गया था। इसका प्रमाण महाकवि तुलसीदास की रचनाओं में स्पष्ट रूप से मिलता है। तुलसीदास ने रामचरित मानस में राम-राज्य का उल्लेख करते हुए लिखा है कि-" दैहिक,दैविक भौतिक तापा, रामराज काहू नहीं व्यापा। । वस्तुतः राम राज्य और वर्तमान दौर के कल्याणकारी राज्य में मौलिक अंतर यह है कि- वर्तमान दौर के कल्याणकारी राज्य का उद्भव उदारवादी पूंजीवादी माडल के पुलिसियॉ राज्य की प्रतिक्रिया के फलस्वरूप हुआ।

इस पुलिसिया राज्य की अवधारणा के अनुसार सरकार लोगों के जीवन में न्यूनतम हस्तक्षेप करेंगी और सरकार का कार्य केवल कानून व्यवस्था बनाएं रखते हुए लोगों के जीवन, सम्पत्ति और स्वतंत्रता की रक्षा करना हैं। इसकी प्रतिक्रया के फलस्वरूप उत्पन्न कल्याणकारी राज्य की अवधारणा के अनुसार सरकार को लोगों का जीवन स्तर उपर उठाने के लिए सक्रिय और सकारात्मक हस्तक्षेप करना चाहिए। इसके विपरीत राम राज्य का उद्भव उन कष्टदायक संघर्षमयी अनुभवों और अनुभूतियों के फलस्वरूप हुआ था जिनको वनवासी जीवन के दौरान राम ने झेला था या साक्षात्कार किया था। यातना , कष्ट और जीवन जीने की चुनौतियों के अनुभवों से शासन व्यवस्था के लिए आई समझदारी और परिपक्वता के फलस्वरूप उत्पन्न राम-राज्य का स्वरूप स्वाभाविक रूप से प्रतिक्रिया के फलस्वरूप उत्पन्न कल्याणकारी राज्य के स्वरूप से बेहतर और व्यापक रूप से स्वीकार्य था।

एक कल्याणकारी राज्य का उद्देश्य न केवल राज्य के लोगों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है बल्कि विविध प्रकार के भेद-भावो और भेदभाव पर आधारित रूढ़ियों और परम्पराओ को मिटा कर प्रत्येक व्यक्ति को गरिमा पूर्ण जीवन प्रदान करना होता हैं।वनवासी जीवन के दौरान मयार्दा पुरुषोत्तम राम ने विसंगतियों से भरी रुढिओ और परम्पराओं को मिटाकर नई मयार्दाओ को स्थापित

करने का श्लाघनीय प्रयास किया। भक्त वत्सल श्रीराम ने शबरी की जूठी बेर खाकर अपने समय की छुआ-छूत जैसी घिनौनी प्रथा पर करारा प्रहार किया और यह भेदभाव रहित समाज बनाने की दिशा में उठाया गया आवश्यक क्रांतिकारी कदम था । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने स्वाधीनता संग्राम के दौरान यह महसूस किया कि- हमारे समाज में एक बडी आबादी सदियो से छुआ-छूत जैसी घृणित कुप्रथा का शिकार हैं और सदियों से पददलित पदक्रमित और तिरस्कृत यह आबादी सामाजिक बहिष्कार का दंश झेल रही हैं।

भारतीय सामाजिक संरचना का विश्लेषण करते हुए प्रख्यात समाजशास्त्री श्रीनिवासन ने कहा था कि-"भारतीय समाज विश्व का सर्वाधिक विश्रृखंलित, विभाजित विखंडित और श्रेणीबद्ध समाज है। "इन समस्त विकृतियों को समाप्त किए बिना हम स्वस्थ्य समरस और सशक्त भारत का निर्माण नहीं कर सकते हैं। सत्ता प्राप्ति और अपनी राजनीति चमकाने के लिए राजनीति के कुछ गिरगिटों द्वारा सामाजिक वातावरण को निरन्तर विषाक्त बनाया जा रहा है। मयार्दा पुरुषोत्तम राम और शबरी के संबंधों को स्मरण करते हुए हम बढती सामाजिक कडवाहट को रोक सकते हैं। वनगमन के दौरान दुर्गम , कंकड़ीले-पथरीले रास्तों पर चलते हुए मयार्दा पुरुषोत्तम राम ने उत्कट परोपकार की भावना का परिचय देते हुए घायल जटायु को गले लगाया। मयार्दा पुरुषोत्तम राम ने जटायु की व्यथा-वेदना को जिस तत्परता और तल्लीनता से सुनने समझने और दूर का प्रयास किया वह आज भी राह में पडें घायल दीन,दुखियो की सेवा -सुशुश्रा करने का अद्वितीय और वर्तमान दौर में कल्याणकारी राज्य का दावा करने वाली सरकारों के लिए प्रेरणा ग्रहण कर योग्य उदाहरण है। क्योंकि- कल्याणकारी राज्य की यह मूलभूत विशेषता है कि- सरकार समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को उपर उठाने के लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करेगी। आज सडकों से लेकर गांव की पगडंडियो पर आते-जाते लोगों की रफ्तार इतनी तेज है कि सडक पर घायल अवस्था में पडे बुढे-बुजुर्ग और अपाहिजो को लोग अनदेखा कर देते हैं। आज हम सडक पर शरारती तत्वों द्वारा किसी सज्जन के साथ किये जाने वाले दुर्व्यवहार या किसी महिला के साथ आम सडक पर होती अशिष्टता और अभद्रता के दृश्य के महज तमाशबीन बनकर रह गये हैं या अधिक से अधिक सूचना प्रौद्योगिकी के आधुनिकतक हाइटेक औजार के माध्यम से सेल्फी लेने में मशगूल रहते हैं। मयार्दा पुरुषोत्तम राम द्वारा घायल जटायु को गले लगाने का अनुपम उदाहरण हमें सामाजिक सरोकारों के लिए प्रेरित करता है और उत्तरदायी बनाता है। इस उदाहरण से हम समाज के सामूहिक दुख दर्द से स्वयं को जोड़कर शरारती तत्वों और मनचलों द्वारा की जाने वाली असामाजिक गतिविधियों और प्रायः सडक पर होने वाले सामूहिक दुष्कर्मो और दुर्व्यवहारो को रोक सकते है । मयार्दा पुरुषोत्तम राम स्वस्थ्य , मर्यादित और अनुशासित स्त्री-पुरुष संबंधों की आवश्यकता और महत्ता के प्रति संवेदनशील थे। मर्यादित रिश्तों नातों की बुनियाद पर टिका हुआ समाज कभी अराजक नहीं होता और उस समाज का नैतिक मनोबल ऊंचा रहता हैं।

मनोज कुमार सिंह प्रवक्ता बापू स्मारक इंटर कॉलेज दरगाह मऊ।

सतत विकासः लोकमूल्यों को आत्मसात करने की आवश्यकता

सतत विकास पर केन्द्रित दो दिवसीय संगोष्ठी भोपाल के मिण्टो हाल में संपन्न हुई। इसमे राज्य के 52 जिलों के सामाजिक, स्वयंसेवी और सामुदायिक संगठनो ने मूलतः आजीविका, स्वास्थ्य, सूक्ष्म वित्त और कृषि क्षेत्र के उन्नयन पर विमर्श कर अनुभवों और जरूरतों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। कार्यक्रम में अजीम फाण्डेशन के प्रमुख अजीम जी, पदम्श्री महेश शर्मा, अनुराग बेहार, कुलपति के.जी. सुरेश जैसे वक्ताओं ने अपने विचार साझा किये। अजीम प्रेमजी ने स्वयंसेवी संस्थाओं को सरकारी वित्तपोषण से बचने का आहव्रान किया। वहीं महेश शर्मा ने उद्यमशील लोगो तक पहुंचने में सरकार की विफलता को रेखांकित किया। सहकारिता मंत्री ने लोकेषणा अर्थात महत्वकांक्षी गुण को त्यागने की तो एक अन्य वक्ताओं ने गुड़ न खाने का उदाहरण देते हुए नैतिकता, इण्डिया से भारत के ग्रामीणजन की आजीविका के लिए स्थानीय उद्योग पर बल दिया। समापन सत्र में संस्थान के उपाध्यक्ष प्रोफेसर सचिन चतुवेर्दी ने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते मध्यप्रदेश की उत्कृष्ट भूमिका से अवगत कराने के बाद भविष्य के रोडमैप पर प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री ने वसुधैव कुटुम्बकम सहित एक ग्रामीण क्षेत्र का उदाहरण देते हुए ऊर्जा साक्षरता के प्रति सजगता का आहव्रान किया। इससे पूर्व दिल्ली में मध्यप्रदेश सुशासन पर आधारित प्रतिवेदन का विमोचन किया गया, जिसके प्रसार के लिए लगभग आधा दर्जन

राष्ट्रीय व प्रादेशिक अखबारो के पूर्णपृष्ठ पर विज्ञापन प्रसारित गया था।

किसी कार्यक्रम के पश्चात होने वाली समीक्षा बैठक में प्रायः हुई त्रुटियों से अनुभव लेकर अगले कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई जाती है, जिसे विचार मंथन कहते हैं। लेकिन प्रथम दृष्टया जिन लक्ष्यों को लेकर कार्यक्रम संपन्न हुआ उसमे पूर्णतः समर्पण का अभाव दिखा। शायद वक्ताओं के उद्बोधन से भी संस्थान ने कोई सबक नहीं लिया इसीलिए तो हर्षध्वनि के रूप में विविध दीर्घा से तालियां गूंज रही थीं। कार्यक्रमस्थल में प्रवेश पूर्व जल सहित आर्थिक भार से बचने के लिए संस्थान सहायको के लिए पृथक से मंगाये गये भोजन पैकेट के प्रवेश को लेकर वाद-विवाद के वावजूद सहभोज उन्हें वंचित रखना, ग्रामीण परिवेश से आये प्रतिभागियों से अंग्रेजी में संभाषण से उत्पन्न नीरसता और अरुचि का वातावरण, वातानुकूलित व दिन में भी अनावश्यक चकाचौध वातावरण में प्रतिबंधित डिस्पोजलों के दुरूपयोग से व्यंजनो का लुत्फ उठाते हुए पर्यावरण व ऊर्जा साक्षरता के व्यवहारिकता का माखौल के साथ ही विचार मंथन का हिन्दी सार प्रस्तुतीकरण की विफलता और दिल्ली में विमोचित पुस्तक के लिए प्रादेशिक अखबारो में विज्ञापन पर लाखों रुपए की बबार्दी सुशासन के लक्ष्यों की प्राप्ति में कहॉ तक सार्थक होंगे यह यक्ष प्रश्न बना रहेगा।

कार्यक्रम में जिस इंडिया से भारत की ओर आने और लोकेषणा अर्थात महत्वकांक्षा को त्यागने पर बल दिया गया वह दूब व हल्दी से देव की आरती थाली सजाने जैसा अभिव्यंजन है अभिधान नहीं। एक भी धूल न सहने वाले आपके पाहन-नयन सतह से जुड़े मिट्टी से विकसित नलिन नयनों को कैसे निरख पायेंगे? अभिधान को प्रकट करने में हम दोष मानते हैं और अभिव्यंजन के लिए सहृदयता की आवश्यकता पड़ती है जो लोकजीवन में व्याप्त है। इसलिए देश का जीवन भी मृदंग की भांति मुखर(आर्थिक समृद्ध के कीर्तिमानों के साथ) होते हुए भी खोखला(अंत्योदय की अधूरी अवधारणा) है।

खतरनाक होता है संक्रामक रोग टीबी

क्षय रोग एक संक्रामक रोग है, जो पहले से ही ग्रस्त रोगी के संपर्क में आने पर, रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने, बैक्टीरिया, खानपान में कोताही बरतने के कारण हो सकता है। क्षय रोग फेफड़ों के साथ-साथ शरीर के अन्य हिस्सों को भी प्रभावित करता है। क्षय रोग जिसे टीबी भी कहा जाता है, वास्तव में एक संक्रामक रोग है। इसे अमूमन टी.बी. तपेदिक, ट्यूबरकुलासिस, राजयक्ष्मा, दण्डाणु आदि भी कहा जाता है। यह रोग उन लोगों को अधिक प्रभावित करता है, जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। अगर समय रहते इसका सही व पूरा इलाज न किया जाए तो इसस व्यक्ति को अन्य बीमारियां होने का खतरा भी बढ़ जाता है। तो चलिए जानते हैं इसके बारे में-



क्या है क्षय रोगः क्षय रोग एक संक्रामक रोग है, जो पहले से ही ग्रस्त रोगी के संपर्क में आने पर, रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने, बैक्टीरिया, खानपान में कोताही बरतने के कारण हो सकता है। क्षय रोग फेफड़ों के साथ-साथ शरीर के अन्य हिस्सों को भी प्रभावित करता है। आमतौर पर क्षय रोग तीन प्रकार का होता है- फुफ्सीय क्षय रोग, पेट का क्षय रोग व हड्डी क्षय रोग।

जानें लक्षणः टीबी होने पर व्यक्ति को खांसी, सीने में दर्द व हल्का बुखार होने के साथ-साथ अन्य कुछ लक्षण भी नजर आते हैं। जैसे ऐसे व्यक्ति को बेहद कम भूख लगती है और उसका वजन भी कम होने लगता है। क्षय रोग से पीड़ित व्यक्ति को थकावट का अहसास होता है और उसे अक्सर रात में पसीना आता है। इसके अतिरिक्त कमर की हड्डी में सूजन, घुटने में दर्द, घुटने मोड़ने में कठिनाई तथा गहरी सांस लेने में सीने में दर्द होना भी क्षय रोग का लक्षण है। वहीं जिन लोगों को पेट का क्षय रोग होता है, उन्हें पेट दर्द, अतिसार या पेट फूलने जैसी समस्याएं भी होती हैं।

इसका रखें ध्यानः जो व्यक्ति टीबी से पीड़ित है और उसका इलाज चल रहा है तो उसे कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। सबसे पहले तो आप अपने मुंह को ढककर रखें ताकि आपके कारण अन्य व्यक्ति इस बीमारी से पीड़ित न हों। साथ ही छींकते व खांसते हुए मुंह को ढककर रखें। अपनी दवाइयों के साथ खानपान का पूरा ध्यान रखें और कुछ दिन घर पर ही रहने का प्रयास करें।

ऐसे करें पहचान

माना जाता है कि तीन सप्ताह से अधिक खांसी टीबी हो सकती है। ऐसे में इसकी पहचान के लिए बलगम की जांच करवानी चाहिए। वैसे कई बार इसकी पहचान के लिए एक्स रे व अन्य जांच भी करवाई जाती है।

इलाजः क्षय रोग की पहचान के बाद दवाइयों के जरिए ही उसका इलाज किया जाता है। इस दवा के जरिए शरीर में पैदा हुए टी.बी के जीवाणुओं को खत्म किया जाता है। इन दवाओं का कोर्स तीन महीने से लेकर नौ महीने तक का होता है। टीबी के इलाज के दौरान एक बात का खास ध्यान रखना होता है कि दवाओं का कोर्स कभी भी बीच में न छोड़ें। कुछ लोग आराम होने के बाद दवाइयां लेना बीच में ही छोड़ देते हैं, इससे दोबारा टीबी होने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।

खाने के बाद भी कर सकते हैं वज्रासन

वज्रासन करने के लिए घुटनों के बल जमीन पर बैठ जाएं। इस दौरान दोनों पैरों के अंगुठों को साथ में मिलाएं और एड़ियों को अलग रखें। अब अपने नितंबों को एड़ियों पर टिकाएं। साथ ही अपनर हथेलियां को घुटनों पर रख दें। इस दौरान अपनी पीठ और सिर को सीधा रखें। योगा का वास्तविक लाभ तभी मिलता है, जब उसे करते समय नियमों व सावधानी पर गौर किया जाए। आमतौर पर योगासनों को खाली पेट या सुबह के समय करने की सलाह दी जाती है। लेकिन वज्रासन अकेला ऐसा आसन है, जिसे आप खाना खाने के तुरंत बाद कर सकते हैं। इतना ही नहीं, अगर आप खाने के बाद वज्रासन का अभ्यास करते हैं तो इससे भोजन के पाचन में भी आसानी होती है। तो चलिए जानते हैं वज्रासन करने का तरीका और उससे होने वाले लाभों के बारे में-

करने का तरीका

वज्रासन करने के लिए घुटनों के बल जमीन पर बैठ जाएं। इस दौरान दोनों पैरों के अंगुठों को साथ में मिलाएं और एड़ियों को अलग रखें। अब अपने नितंबों को एड़ियों पर टिकाएं। साथ ही अपनर हथेलियां को घुटनों पर रख दें। इस दौरान अपनी पीठ और सिर को सीधा रखें। ध्यान रखें कि इस दौरान आपके दोनों घुटने आपस में मिले हों। अब अपनी आंखें बंद कर लें और सामान्य रूप से सांस लेते रहें। इस अवस्था में जब तक संभव हो, आप बैठने का प्रयास करें।

जाने फायदे : वज्रासन पाचन तंत्र के लिए किसी रामबाण से कम नहीं है। जो लोग नियमित रूप से इसका अभ्यास करते हैं, उन्हें पाचन संबंधी समस्याएं जैसे कब्ज, एसिडिटी और अल्सर आदि की समस्या नहीं होती। इसके अतिरिक्त इस आसन के अभ्यास के दौरान व्यक्ति का पूरा शरीर खासतौर से पीठ तनी होती है, जिससे व्यक्ति की पीठ सुदृढ़ होती है और पीठ के निचले हिस्से की समस्या और साइटिका की समस्या से राहत दिलाता है।

अमूमन लोग पद्मासन में बैठकर ध्यान करते हैं, लेकिन आप व्रजासन में बैठकर भी ध्यान कर सकते हैं। इससे भी आपको लाभ होगा। वैसे तो यह आसन हर किसी के लिए लाभदायक है, लेकिन महिलाओं को इससे विशेष फायदा होता है। सबसे पहले तो यह मासिक धर्म के दौरान होने वाले दर्द और ऐंठन को कम करता है। वहीं अगर कोई स्त्री गर्भवती है तो उसे भी प्रसव के दौरान पीड़ा कम होती है।

बरते सावधानीः वैसे तो वज्रासन का अभ्यास कोई भी व्यक्ति कभी भी कर सकता है। लेकिन फिर भी इसका अभ्यास करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। सबसे पहले तो इसका अभ्यास करते हुए अपने बॉडी पॉश्चर पर ध्यान दें। इसके अतिरिक्त अगर आपके घुटनों में कोई समस्या है या हाल ही में घुटने की सर्जरी हुई है, तो यह आसन न करें।

क्या है मधुमेह और कैसे करें इसकी पहचान

मधुमेह की एक पहचान यह है कि जब व्यक्ति इसकी चपेट में आता है तो उसका वजन तेजी से कम होने लगता है। वैसे थॉयराइड होने पर भी व्यक्ति का वजन तेजी से बढ़ता या घटता है। ऐसे में टेस्ट करवा लेना अच्छा विचार है।पिछले कुछ समय में भारत में मधुमेह के रोगियों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। पूरे विश्व के सबसे अधिक मधुमेह रोगी भारत में ही पाए जाते हैं। यहां तक कि आज के दौर में बच्चे से लेकर व्यस्क हर कोई इसकी चपेट में आ रहा है। आलम यह है कि भारत को विश्व की डायबिटीक कैपिटल के रूप में जाना जाता है। देखने में यह समस्या भले ही आम हो, लेकिन इसके कारण व्यक्ति को कई तरह की परेशानियां होती है। तो चलिए आज हम आपको बता रहे हैं कि वास्तव में मधुमेह क्या है और इसकी पहचान कैसे की जाए-

क्या है मधुमेहः मधुमेह जिसे लोग डायबिटीज के रूप में भी जानते हैं, वास्तव में चयापयच संबंधी बीमारियों का एक समूह है, जिसमें लंबे समय तक रक्त शर्करा का स्तर उच्च होता है। जब शरीर में पैनक्रियाज नामक ग्रंथि इंसुलिन बनाना बंद कर देती है तो व्यक्ति मधुमेह पीड़ित होता है। इंसुलिन ही रक्त में ग्लूकोज को नियंत्रित करने का काम करता है। आमतौर पर मधुमेह दो प्रकार का होता है। टाइप 1 डायबिटीज में लक्षणों का विकास काफी तेजी से होता है, जबकि टाइप 2 डायबिटीज में लक्षणों का विकास बहुत धीरे-धीरे होता है और लक्षण भी काफी कम हो सकते हैं। डायबिटीज की समस्या वंशानुगत हो सकती है। वैसे आजकल खराब लाइफस्टाइल व खानपान की गलत आदतों के कारण भी व्यक्ति मधुमेह की गिरफत में आ रहा है।

पहचानें लक्षणः जो भी व्यक्ति मधुमेह ग्रस्त होता है, वह कुछ संकेतों के जरिए इसकी पहचान कर सकता है। जैसे-

बार-बार पेशाब आना

मधुमेह ग्रस्त व्यक्ति को बार-बार पेशाब आता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि शरीर में इकट्ठा हुआ शुगर पेशाब के रास्ते बाहर निकलता है।

पानी की प्यासः गर्मी के मौसम में पानी की अधिक प्यास अधिक लगती है। लेकिन अगर आपको बार-बार पेशाब आ रहा है और पानी की प्यास कुछ आवश्यकता से अधिक लगती है तो यह मधुमेह का संकेत है।

इसे भी पढ़ेंः गर्मी की छुट्टियों में स्विमिंग सीखने का है मन, पहले जान लें इसके फायदेः **लगातार भूख लगनाः** जो व्यक्ति मधुमेह पीड़ित होता है, उसकी भूख सामान्य व्यक्ति की अपेक्षा काफी अधिक होती है। उसे बार-बार भूख लगती है और वह हरदम कुछ खाना चाहता है।

वजन कम होनाः मधुमेह की एक पहचान यह है कि जब व्यक्ति इसकी चपेट में आता है तो उसका वजन तेजी से कम होने लगता है। वैसे थॉयराइड होने पर भी व्यक्ति का वजन तेजी से बढ़ता या घटता है। ऐसे में टेस्ट करवा लेना अच्छा विचार है।

आंखों में धुंधलापनः मधुमेह का विपरीत प्रभाव आंखों पर भी देखने को मिलता है। ऐसे व्यक्ति की नजर कमजोर हो जाती है और उसे धुंधला नजर आने लगता है।

अत्यधिक थकावटः अधिक मेहनत करने पर थकान होना सामान्य है, लेकिन अगर आपको अकारण ही थकान का अहसास हो रहा है या फिर पूरी नींद लेने और आराम करने के बाद भी आप थका हुआ महसूस कर रहे हैं तो इससे यह मधुमेह का संकेत है।

घाव का जल्द ठीक न होनाः हर व्यक्ति के शरीर में यह क्षमता होती है कि चोट लगने पर वह कुछ दिनों में अपने आप ठीक हो जाती है, लेकिन मधुमेह पीड़ित व्यक्ति के शरीर की यह क्षमता धीरे-धीरे कम होती जाती है। जिसके कारण हल्की सी चोट लगने पर भी वह जल्द ठीक नहीं होती। कई बार तो चोट लगने पर वह घाव में तब्दील हो जाती है।

खुजली या त्वचा रोग

मधुमेह के कारण व्यक्ति को स्किन में खुजली होती है या वह कई तरह के त्वचा रोगों से ग्रस्त हो जाता है।

सिरदर्द

लगातार सिर में दर्द होना भी मधुमेह के शुरूआती लक्षणों में से एक है।

रामबाण है आम का पत्ता

आम के पत्ते गुर्दे की पथरी और पित्त पथरी के इलाज में मदद करते हैं। इसके लिए आम के पत्तों को छाया में रखकर उसे सूखा लें और फिर उसका बारीक पाउडर बना लें। अब आप पानी में पाउडर डालकर रातभर के लिए रख दें। अगली सुबह उस पानी का सेवन करें। गर्मी के मौसम में आप आम का सेवन तो करते होंगे, लेकिन क्या आप इसके पत्तों से होने वाले फायदों के बारे में जानते हैं। आम को यूं ही फलों का राजा नहीं कहा जाता। जहां एक ओर आम का सेवन स्वाद और सेहत से भरपूर होता है, वहीं आम के पत्तों की मदद से कई बीमारियों का इलाज आसानी से किया जा सकता है। तो चलिए जानते हैं आम के पत्तों से होने वाले कुछ जबरदस्त स्वास्थ्य लाभों के बारे में-

मधुमेह का इलाजः आम के पत्ते मधुमेह का इलाज प्राकृतिक और बेहतरीन तरीके से करते हैं। दरअसल, आम की पत्तियों में एंथोसाइनिडिन्स नामक टैनिन होता है, जो शुरूआती मधुमेह के इलाज में मदद करता है। मधुमेह के इलाज के लिए आप आम की पत्तियों को रातभर के लिए एक कप पानी में भिगो दें। अगले दिन आप छानकर इसका सेवन करें।

कम करे ब्लड प्रेशरः जिन लोगों को उच्च रक्तचाप की समस्या रहती है, उनके लिए भी आम की पत्तियां बेहद लाभदायक है। उनमें हाइपोटेंशन गुण होते हैं। वे रक्त वाहिकाओं को मजबूत करने और वैरिकाज नसों की समस्या का इलाज करने में मदद करते हैं।

पित्त और गुर्दे की पथरी का इलाजः आम के पत्ते गुर्दे की पथरी और पित्त पथरी के इलाज में मदद करते हैं। इसके लिए आम के पत्तों को छाया में रखकर उसे सूखा लें और फिर उसका बारीक पाउडर बना लें। अब आप पानी में पाउडर डालकर रातभर के लिए रख दें। अगली सुबह उस पानी का सेवन करें।

सांस संबंधी समस्याएंः आम के पत्ते सांस संबंधी सभी प्रकार की समस्याओं के इलाज में सहायक है। खासतौर से, अगर कोई व्यक्ति कोल्ड, ब्रोंकाइटिस और अस्थमा से पीड़ित है, वह इसका सेवन अवश्य करें। इसके सेवन के लिए आम की पत्तियों को थोड़े से शहद के साथ पानी में उबालकर काढ़ा बनाएं। इस काढ़े का सेवन करने से खांसी ठीक होती है। यह आवाज की कमी को ठीक करने में भी मदद करता है।

कान में दर्दः कान में दर्द होने पर व्यक्ति काफी परेशान होता है। ऐसे में आप आम के पत्तों को बतौर घरेलू उपाय इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप आम के पत्तों का रस निकालें और फिर उसे हल्का सा गर्म करें। ध्यान रखें कि रस बहुत अधिक गर्म न हो, आप गुनगुने रस का प्रयोग कर सकते हैं। अब इस रस की दो-तीन बूंदे कान में डालें। इससे आपको काफी राहत मिलेगी।

मूली के पत्तों से सेहत को मिलते हैं जबरदस्त लाभ

मूली के पत्तों का एक सबसे बड़ा लाभ यह है कि इसमें मूली से भी अधिक डायटरी फाइबर पाए जाते हैं। इन डायटरी फाइबर के कारण व्यक्ति का पाचन तंत्र बेहतर तरीके से काम करता है। यह मूली के पत्ते कब्ज व पेट फूलने जैसी समस्याओं से निजात दिलाते हैं। मूली का सेवन तो हर कोई बेहद खुश होकर करता है। लेकिन आप इसके पत्तों का क्या करते हैं। शायद कुछ भी नहीं। बहुत से लोग तो सब्जीवाले से मूली के पत्ते लेते ही नहीं और जो लोग लेते हैं, वह भी उसे तोड़कर बाहर फेंक देते हैं। अगर आप भी ऐसा ही करते हैं तो हम आपको बता दें कि मूली की तरह ही उसके पत्ते भी पोषक तत्वों से पैक होते हैं। तो चलिए आज हम आपको मूली के पत्तों से सेहत को होने वाले कुछ जबरदस्त फायदों के बारे में बता रहे हैं-

कई पोषक तत्वः मूली के पत्तों में कई तरह के आवश्यक पोषक तत्व पाए जाते हैं। अगर आप इसका सेवन करते हैं तो आपको आयरन, कैल्शियम, फोलिक एसिड, विटामिन सी और फॉस्फोरस आदि प्राप्त होता है। यह पोषक तत्व कई तरह के शारीरिक कार्यों में सहायक होते हैं।

उच्च डायटरी फाइबरः मूली के पत्तों का एक सबसे बड़ा लाभ यह है कि इसमें मूली से भी अधिक डायटरी फाइबर पाए जाते हैं। इन डायटरी फाइबर के कारण व्यक्ति का पाचन तंत्र बेहतर तरीके से काम करता है। यह मूली के पत्ते कब्ज व पेट फूलने जैसी समस्याओं से निजात दिलाते हैं।

कम करे थकान

चूंकि मूली के पत्तों में आयरन और फास्फोरस की मात्रा काफी होती है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं। इतना ही नहीं, इसमें विटामिन सी, विटामिन ए और थायमिन जैसे पोषक तत्व थकान को दूर करने में मददगार होते हैं।

बवासीर का इलाजः आपको शायद पता न हो लेकिन बवासीर जैसी कष्टकारी शारीरिक समस्या को दूर करने में भी मूली के पत्ते लाभदायक है। इसमें एंटी-बैक्टीरियल प्रॉपर्टीज होती है, जो सूजन व दर्द को कम करती है। इसके इस्तेमाल के लिए मूली के पत्तों को सुखाएं और उसमें बराबर मात्रा में चीनी मिलाएं। साथ ही कुछ बूंदे पानी की मिलाकर एक पेस्ट बनाएं। आप चाहें तो इस पेस्ट का सेवन करें या फिर इसे प्रभावित स्थान पर लगाएं।

पीलिया से राहतः मूली के पत्तों का सेवन कई बीमारियों का इलाज करने में सहायक है। बवासीर की तरह ही पीलिया के इलाज में भी मूली के पत्ते लाभदायक है। इसके इलाज के लिए पत्तियों को क्रश करें और फिर एक पतले कपड़े की मदद से इसका अर्क निकालें। इस रस का आधा लीटर रोजाना दस दिनों तक सेवन करने से पीलिया ठीक हो जाता है।

नियंत्रित करे मधुमेहः मूली के पत्तों में ऐसे कई गुण होते हैं, जो रक्त में शर्करा के स्तर को कम करने में मदद करते हैं। इसके लिए आप मूली के पत्तों का साग बनाएं और उसका सेवन करें।

जोड़ों के दर्द से निजात दिलाते हैं ये कुछ आसान से उपाय

पुराने समय में उम्र बढ़ने के साथ-साथ व्यक्ति को जोडों में दर्द की परेशानी होती थी, लेकिन आज के समय में यह समस्या कम उम्र में ही तकलीफ देने लगती हैं और इसके पीछे मुख्य कारण है व्यक्ति का गलत लाइफस्टाइल। वैसे तो लोग जोड़ों के दर्द से निजात पाने के लिए दवाइयों का सेवन करते हैं, लेकिन आज हम आपको इस दर्द से मुक्ति दिलाने के लिए कुछ आसान व घरेलू उपाय बता रहे हैं-

सेंधा नमकः मांसपेशियों व जोड़ों के दर्द से निजात पाने के लिए सेंधा नमक से नहाना एक बेहद पुराना नुस्खा है। मैग्नीशियम और सल्फेट में समृद्ध सेंधा नमक आसानी से स्किन के अब्जार्ब हो जाते हैं, जिससे आपको सूजन, मांसपेशियों की ऐंठन व दर्द से निजात मिलती है। जोड़ों के दर्द से निजात पाने के लिए बाथटब में गुनगुना पानी डालकर उसमें दो कप सेंधा नमक डालें और करीबन 20 मिनट के लिए इस पानी में बैठें। इससे आपको तुरंत जोड़ों के दर्द से निजात मिलेगी।

घटाए वजनः जोड़ों के दर्द का एक मुख्य कारण अधिक वजन भी होता है। वजन अधिक होने पर जोड़ों व शरीर की हड्डी पर जोर पड़ता है, जिसके कारण उनमें दर्द होता है। ऐसे में आप अपने वजन को संतुलित रखने का प्रयास करें। साथ ही अपनी डाइट पर भी ध्यान दें ताकि आपके शरीर को पर्याप्त पोषण प्राप्त हो और आपका शरीर रोगमुक्त रहे। जिन लोगों को जोड़ों में दर्द होता है, उन्हें अपनी डाइट में ओमेगा 3 फैटी एसिड, ताजे फल व सब्जियां व अधिक से अधिक एंटी-ऑक्सीडेंट्स को शामिल करें।

हीट एंड कोल्ड पैकः पीठ के निचले हिस्से व गठिया के दर्द से निजात दिलाने में हीट एंड कोल्ड पैक का इस्तेमाल बेहद प्रभावकारी होता है। जहां हीट मसल्स को रिलैक्स करते हैं और स्टिफनेस दूर होती है। इसके लिए आप गर्म पानी की बोतल व हीट पैड का प्रयोग करें। वहीं कोल्ड पैक के लिए आप बर्फ का प्रयोग करें। इसके लिए आप कपड़े में बर्फ लपेंटे और प्रभावित स्थान पर रखें। इससे दर्द व सूजन में आराम मिलेगा।

जरूरी है व्यायामः सिर्फ जोड़ों में ही नहीं, बल्कि शरीर के विभिन्न हिस्सों में दर्द का एक कारण व्यक्ति का व्यायाम न करना भी होता है। दरअसल, जब व्यक्ति व्यायाम नहीं करता तो उसका वजन तो बढ़ता है ही, साथ ही शारीरिक रूप से एक्टिव न होने पर कई तरह की बीमारियां उसे अपनी चपेट में ले लेती हैं। इसलिए सिर्फ जोड़ों के दर्द से निजात पाने के लिए ही नहीं, अपितु स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन कुछ देर व्यायाम अवश्य करें।

ब्रह्मास्त्र की शूटिंग पूरी

करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन्स और फाक्स स्टार स्टूडियोज की विज्ञान फंतासी फिल्म ब्रह्मास्त्र पार्ट 1 शिवा की शूटिंग पूरी हो गई है। अंतिम शेड्यूल में रणबीर कपूर और आलिया

भट्ट ने हिस्सा लिया। भारत की सबसे महंगी फिल्मों में से ब्रह्मास्त्र पार्ट 1 में मौनी राय, अमिताभ बच्चन, नागार्जुन और डिंपल कपाड़िया प्रमुख भूमिकाओं में है। फिल्म 22 सितम्बर को प्रदर्शित होने जा रही है।

सलमान अकेले मनाएंगे ईद-दिवाली

सलमान खान अब अकेले ही दिवाली और ईद मनाएंगे। सलमान की फिल्म कभी ईद कभी दिवाली फरहद समजी के निर्देशन में बन रही है, इस ड्रामा फिल्म के नायक सलमान खान है। इसके निर्माण में साझीदार नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट थी। अब साजिद ने किनारा कर लिया है। मतलब इकलौती निर्माता सलमान की कंपनी सलमान खान फिल्म्स (एसकेएफ) ही रह गई है। लम्बे समय से बन रही इस फिल्म की कास्ट लगातार बढ़ती जा रही थी। नाडियाडवाला के कहने पर सलमान ने अपनी फीस 125 करोड़ रुपए कर दी थी। लगता है, नाडियाडवाला को सलमान खान बिकाऊ माल नहीं लग रहे। कभी ईद कभी दिवाली 2022 की आखिरी रिलीज फिल्म थी। इसमें सलमान अपने बहनोई आयुष शर्मा के अलावा अपनी खास अभिनेत्रियों पूजा हेगड़े और कृति सेनन को भी मौका दे रहे हैं।

जून में कमल हासन की विक्रम

कमल हासन की एक्शन थ्रिलर फिल्म विक्रम को 3 जून 2022 को पूरी दुनिया में प्रदर्शित किया जाएगा। पुलिस वाले की कहानी में शीर्षक भूमिका कमल कर रहे है। हासन के साथ फहद फासिल, विजय सेतुपति और शिवानी नारायणन भी है। इस विक्रम की कहानी न तो सीक्वल है, न रीमेक है। कमल हासन की 1986 में प्रदर्शित फिल्म विक्रम की कहानी भी ईमानदार पुलिस अधिकारी की थी। 1986 की तमिल भाषा की स्पाई फिल्म का निर्देशन राजशेखर ने किया था। फिल्म में कमल हासन के बड़े भाई चारूहासन, डिंपल कपाडिया, सत्यराज, अमजद खान, आदि भी। खास भूमिकाओं में थे। विक्रम 2022 का निर्देशन लोकेश कनकराज ने किया है।

एमएक्स टकाटक पर रितेश

शार्ट वीडियो प्लेटफार्म एमएक्स टकाटक पर रितेश देशमुख को सेलिब्रिटी इनफ्लुएंसर लाया गया है। अपनी प्रतिभा और सेंस आफ ह्यूमर के लिए मशहूर रितेश अलग-अलग जानर्स में आएंगे, जिनमें कामेडी, मिमिक्री, सीन क्रिएशन आदि शामिल होंगे। रितेश ने कहा, एक्टिंग और लोगों का मनोरंजन करना हमेशा मुझे प्रेरित करता है, जब इसमें थोड़ी मस्ती और हंसी शामिल हो जाए, तो बात ही कुछ अलग है।

अमेजन का राकी

हालीवुड की फिल्म निर्माण संस्था एमजीएम (मेट्रो गोल्डविन मायर) और डिजिटल प्लेटफार्म अमेजन प्राइम के बीच समझौता हो गया है, इसके बाद, जेम्स बांड की सभी फिल्में अमेजन प्राइम पर देखने को मिलेंगी। स्टूडियो की कुछ दूसरी चर्चित फिल्मे 12 एंग्री मेन, बेसिक इंस्टिंक्ट, क्रीड, राकी, लीगली ब्लोंड, मूनस्ट्रक, पोल्टरगीस्ट, रेजिंग बुल, रोबोकोप, साइलेंस आफ द लैम्ब्स, स्टारगेट, थेल्मा एंड लुइस, ट्रू रेडर, द मग्निफिसेंट सेवेन, द पिंक पैंथर, द थामस क्राउन अफेयर तथा फार्गो, द हैण्डमैडस टेल और वाइकिंग अमेजन के कब्जे में होंगे, यह सौदा 8.5 बिलियन डालर में हुआ है।

रणबीर कपूर की रश्मिका

गुडी पडवा के दिन, रणबीर कपूर की शीर्षक भूमिका वाली फिल्म एनिमल के निर्माताओं ने अभिनेत्री का नाम सार्वजनिक किया। परिणीति चोपड़ा के लिए जाने की घोषणा बहुत पहले की गई थी पर परिणीति ने यकायक फिल्म छोड़ दिया। इसके बाद रश्मिका मंदाना का नाम सामने आ गया है। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा द राइज के बाद, रश्मिका हिंदी फिल्म दर्शकों का जाना पहचाना चेहरा बन चुकी है। पर पहले ही रश्मिका ने सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ स्पाई थ्रिलर फिल्म मिशन मजनू अनुबंधित कर ली थी। यह 10 जून को प्रदर्शित होगी। इसके अलावा, कामेडी ड्रामा फिल्म गुडबाय में अमिताभ बच्चन के साथ है।

दो साल से रुकी और रुक रुक कर बन रही फिल्मों की रिलीज के कारण 2022 में फिल्मों की भरमार हो गई है। लगभग हर महीने और सप्ताह कोई न कोई टकराव बनने जा रहा है। मार्च में तीन बड़ी फिल्में राधे श्याम, बच्चन पाण्डेय और आरआरआर एकल फिल्म के रूप में प्रदर्शित हुई। लेकिन, द कश्मीर फाइल्स ने राधे श्याम को चैन नहीं लेने दिया, बच्चन पाण्डेय को ऐसी टक्कर मिली की एक हफ्ते में ही औंधे मुंह जा गिरी।

बीस्ट वर्सेज केजीएफ 2

लेकिन अब अनायास नहीं- आगामी कुछ महीनों में चोट मिलना तय माना जा रहा है। अप्रैल के दूसरे हफ्ते में तीन बड़ी फिल्में शाहिद कपूर की क्रिकेट पर फिल्म जर्सी, विजय की तमिल फिल्म बीस्ट का हिंदी संस्करण और यश की कन्नड़ फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 का हिन्दी संस्करण त्रिकोणात्मक टकराव की स्थिति पैदा कर रही है। हालांकि, विजय की एक्शन फिल्म बीस्ट एक दिन पहले13 अप्रैल 2022 को प्रदर्शित हो कर सीधे टकराव को टाल रही है पर शुक्रवार से टकराव तो होना ही है।

बीस्ट हिंदी में रा- तमिल सुपरस्टार दलपति विजय की फिल्म बीस्ट का हिंदी संस्करण रा 13 अप्रैल को प्रदर्शित होने जा रही। नेल्सन दिलीप कुमार की यह पहली निर्देशित फिल्म होगी। इसको उन्होंने ही लिखा भी है। नेल्सन ने इससे पहले फिल्म नयनतारा के साथ कोलामाऊ कोकिला और शिव कार्तिकेयन के साथ फिल्म डाक्टर का लेखन और निर्देशन किया था। दलपति की पिछली चार फिल्में मास्टर, व्हिसल, सरकार और मेर्सल बड़ी हिट थी। इनको हिंदी ने भी देखा और सराहा। अब फिल्म को केरल में हिट बनाने के लिए मलयालम सितारों का जमावड़ा कर रहा है।

सबसे आगे केजीएफ 2- बीस्ट/रा यश की फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 को बाक्स आफिस पर पछाड़ने की कोशिश में होगी। केजीएफ चैप्टर 2, कन्नड़ सुपरस्टार यश की 2018 में प्रदर्शित फिल्म केजीएफ चैप्टर 1 की सीक्वल फिल्म है। 2018 में हिंदी पट्टी में कन्नड़ फिल्मों और यश का कोई नामलेवा नहीं था, लेकिन केजीएफ चैप्टर 1 के बाद, हिंदी दर्शकों में कन्नड़ फिल्मों और कन्नड़ सुपरस्टार का दबदबा दिखाई दे रहा है। हीरे के खदान पर कब्जे के लिए टकराने वाले दो माफिया के दूसरे अध्याय को देखने के लिए हिंदी दर्शक बेचैन है। संजय दत्त और रवीना टंडन को भी इसमें शामिल किया है। ट्रेड पंडितों का मानना है कि फिल्म बाक्स आफिस पर सुनामी ले आएगी।

केजीएफ 2 और रा- साफतौर पर केजीएफ चैप्टर 2 और जर्सी का कोई मुकाबला नहीं कर रहा। केजीएफ चैप्टर 2 का मुकाबला फिल्म बीस्ट से है। दोनों फिल्मों को आमने सामने खड़ा किया जा रहा है। सवाल उठाया कि क्या यह केजीएफ चैप्टर 2 बनाम बीस्ट है। इस पर यश का उत्तर था, यह चुनाव नहीं है, सिनेमा है। यह केजीएफ चैप्टर 2 वर्सेज बीस्ट नहीं, केजीएफ चैप्टर 2 और बीस्ट है। मैं हमेशा अपने वरिष्ठों का सम्मान करता हूं मुझे आशा है कि विजय सर के प्रशंसक दर्शक मेरी फिल्म केजीएफ 2 को भी पसंद करेंगे।

क्रिकेटर रा एजेंट माफिया- बाक्स आफिस पर शाहिद कपूर, मृणाल ठाकुर और पंकज कपूर अभिनीत फिल्म जर्सी क्रिकेटर की कहानी है। फ्लैश बैक में कही गई जर्सी अपने बेटे के लिए सालों बाद क्रिकेट के मैदान में उतर कर अपनी टीम को विजय दिलाने वाले क्रिकेटर अर्जुन तलवार की कहानी है। यह नानी की तेलुगु फिल्म जर्सी की हिंदी रीमेक है। तेलुगु फिल्म के निर्देशक गौतम तिन्नानुरी ही हिंदी के निर्देशक है। दूसरी फिल्म विजय की बीस्ट मूल रूप से तमिल फिल्म है, जिसे हिंदी में भी प्रदर्शित किया जा रहा है। हिंदी में रा शीर्षक से प्रदर्शित किया जा रहा है। विजय रा एजेंट की भूमिका में हैं, जो आतंकवादियों के समूह द्वारा कुछ लोगों माल में बंधक बनाए जाने की घटना को अंजाम देता है। नेल्सन दिलीपकुमार निर्देशित रा की नायिका पूजा हेगड़े है। यह 13 अप्रैल को जनता के सामने होगी। तीसरी फिल्म यश की सुपरहिट कन्नड़ फिल्म केजीएफ चैप्टर 1 की सीक्वल है।

जर्सी बाहर- दो दिनों में तीन टाइटल प्रदर्शित हो रहे हैं, इसलिए त्रिकोणीय टकराव होना चाहिए परन्तु, शाहिद कपूर के बालीवुड एक्टर होने के बावजूद उनकी फिल्म जर्सी को बाक्स आफिस के मैदान से किनारे बैठा दिया गया है। पिछले साल, क्रिकेट पर बुरी तरह से फ्लाप बड़े बजट की फिल्म 83 की विफलता के बाद, क्रिकेट में वह दम नहीं दिखाई दे रहा कि वह जर्सी को बाक्स आफिस बीस्ट और केजीएफ 2 की गरमी से निजात दिला पाए। बाक्स आफिस सीधे टकराव की स्थिति दिखाई दे रही है। जर्सी तो काफी अंतर से तीसरे स्थान पर नजर आने जा रही है।

टीवी

दमदार किरदार निभाएंगी चित्रा बनर्जी

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के स्लाइस-आफ-लाइफ ड्रामा 'जगन्नाथ और पूर्वी की दोस्ती अनोखी' में चित्रा बनर्जी दीपा की भूमिका निभाएंगी। दीपा, जगन्नाथ की इकलौती बेटी है, लेकिन दीपा ने जब भागकर शादी करने का फैसला किया था, तब से उनका रिश्ता खराब हो गया। चित्रा ने कहा, दीपा जिद्दी किरदार है और सिंगल मदर के रूप में अपनी बेटी की परवरिश करती है। खुद को दोषी मानती है, क्योंकि इससे उसके माता-पिता के साथ उसके रिश्तों पर असर पड़ा है ।

'कामना' में शामिल निधि सेठ

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो 'कामना, जहां होगा ख्वाहिशों और उसूलों का आमना सामना' में निधि सेठ, मीरा सिंघानिया के किरदार में नजर आएंगी। निधि ने कहा, मेरा किरदार मीरा बड़ा दिलचस्प है। उनका दबदबा है लोग उनका नाम देखकर ही केस वापस ले लेते हैं। मीरा अधिकार भाव रखने वाली प्रभावशाली महिला हैं, जिनसे लोग, खासतौर पर पुरुष वकील भी डरते हैं। खतरनाक एडवोकेट की भूमिका निभाना वाकई रोमांचक है, क्योंकि यह मेरे लिए नया मौका है।

मीरा निभाएंगी मुख्य किरदार

स्टार भारत की पेशकश 'गुड़ से मीठा इश्क' में मीरा देवस्थले पेंडेमिक टेलीविजन पर वापसी कर रही हैं। मीरा पैरेलल लीड की भूमिका निभा रही हैं। मीरा देवस्थले ने बताया, सच कहूं तो मैं शुरू में झिझक रही थी, मैं इसे लेकर झूठ नही कहूंगी। हालांकि, दो अभिनेत्रियों को स्क्रीन साझा करने की बात करूं तो पंखुड़ी और मेरी भूमिका जमीन और आसमान की तरह बहुत अलग-अलग हैं। यह प्रेम कहानी है।

ऋतु ने छेड़छाड़ का दिया करारा जवाब

स्टार प्लस के रियलटी शो 'स्मार्ट जोड़ी' में यूट्यूब व्लागर गौरव तनेजा और पायलेट ऋतु राठी की जोड़ी है। ऋतु ने बचपन से जुड़ा किस्सा शेयर किया आवाज उठाई। मेरी क्लास में गौरव नाम का लड़का था, जो हमेशा मेरी आगे वाली बेंच पर बैठता था और लकड़ी की बेंच हुआ करती थी जिसमें पीछे की तरफ जगह खुली हुआ करती थी, जहां से वो मेरे पैर टच करता था। मैंने हिम्मत जुटाई कि अब उसे जवाब दूंगी। मैं हमेशा अपनी बेटी को गुड और बैड टच सिखाती हूं ताकि वो ऐसी किसी भी परिस्थिति में घबराएं नहीं और खुलकर बात करें।

मनाया सबा कमर का जन्मदिन

जिंदगी का 'मिसेज एंड मिस्टर शमीम', सबा कमर और नौमान एजाज की मुख्य भूमिका वाला शो हाल ही में जी5 पर लान्च हुआ था। शमीम ऊर्फ सबा के जन्मदिन के अवसर पर जिंदगी ने अपने ओएसटी का म्यूजिक वीडियो आज लगिया ये पता' को रिलीज किया। सबा कमर ने इंस्टाग्राम के माध्यम से कहा, ऐसे मौके आते हैं जब सच्चाई आपको काफी हद तक प्रभावित करती है और इस गाने के साथ उस भावना को शब्दों में बयां करने का इससे बेहतर तरीका क्या हो सकता है। वाकई क्या खूबसूरत वर्थडे तोहफा है।

सचिन श्राफ की एंट्री से आएगा ट्विस्ट

स्टार प्लस के शो 'गुम है किसी के प्यार में' में नील भट्ट, ऐश्वर्या सिंह और आयशा सिंह लीड रोल में हैं। राजीव के किरदार में एंट्री लेने वाले सचिन श्राफ बताते हैं, मेरी मां ने पूछा किसका फोन था तो मैंने बताया आफर आया है, उन्होंने कहा अरे वाह यह तो मेरा फेवरेट शो है । मैं चाहती हूं कि तुम इस शो में काम करो। मां के कहते ही मैंने यह रोल ले लिया। मेरा किरदार राजीव खुशमिजाज इंसान है, वो जहां जाता है सिर्फ खुशियां बिखेरता है।

'लाक अप' में धमाल

देसी ओटीटी प्लेटफार्म आल्ट बालाजी ने विज्ञापन-आधारित वीडियो आन डिमांड (एवीओडी) माडल लान्च किया है। यह प्लेटफार्म कट-थ्रू कंटेंट का रोस्टर देकर मनोरंजन जगत में नई मिसाल कायम कर हैं। रियलिटी शो 'लाक अप' को ओरिजिनल कंटेंट फ्री में देख पाएंगे। इसके पास 91 से भी ज्यादा ओरिजिनल शोज की लाइब्रेरी है तथा कई और शोज आने वाले है।

सास से मारवाड़ी खाना सीखा : भाग्यश्री

स्टार प्लस में 'स्मार्ट जोड़ी' में भाग्यश्री और हिमालय रोटी बना रहे हैं। इस दौरान भाग्यश्री बताती हैं, मैंने शादी से पहले खाना बनाना अपने पापा से सीखा हालांकि मेरी मम्मी भी खाना बनाती थी, लेकिन हम उनकी मदद करने नहीं गए। लेकिन रेगुलर खाना जैसे चाय बनाना, दाल बघारना, दही जमाना, बेसिक सब्जियां बनाना ये न कभी समझ आता था और न ही कभी मैंने किया था, ये सब मुझे मेरी सास ने सिखाया। मारवाड़ी खाना तो बहुत अलग होता है, जैसे गट्टे की सब्जी, बड़ी का साग, पापड़ मेथी की सब्जी, सांगरी का अचार ये सभी बेसिक चीजें मेरी सास ने सिखाई।

किरण बेदी प्रेरणा हैं

जी टीवी के फिक्शन शो 'मीत' में मीत हुड्डा (आशी सिंह) काम और जिम्मेदारियों को लेकर समाज में मौजूद लैंगिक भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस आफिसर का रोल निभाना

आसान नहीं है, किरदार में ढलने के लिए आशी ने भारत की पहली महिला आईपीएस आफिसर किरण बेदी से प्रेरणा ली। आशी बताती हैं, किरण बेदी हमारे समाज की बहुत-सी महिलाओं के लिए प्रेरणा हैं और मैं भी उनमें से एक हूं।

मन्नु को हुआ प्यार

सोनी सब के 'सब सतरंगी' में असलियत का पता चल जाता है, मन्नु की भूमिका निभा रहे, मोहित कुमार कहते हैं, अपनी पत्नी के साथ मन्नु का काफी लंबा सफर रहा है, लेकिन वह किसी और से प्यार करती है। गार्गी को चाहने वाले मन्नु के लिए यह देखना बड़ा मुश्किल हो रहा है। गार्गी की भूमिका निभा रही, कगन बरुआ कहती हैं, गार्गी धीरे-धीरे मन्नु पर विश्वास करने लगी है, क्योंकि उसे उसमें ईमानदारी नजर आती है।

लीड रोल में शबीर अहलुवालिया

जीटीवी नया फिक्शन शो 'प्यार का पहला नाम राधा मोहन वृंदावन की पृष्ठभूमि पर आधारित रोमांस कहानी है। शबीर अहलुवालिया इससे पहले 'कुमकुम भाग्य' में नजर आए थे । शबीर कहते हैं, मैं चाहता था कि दिलचस्प कहानी हो। मुझे मोहन का किरदार बहुत पसंद आया। बहुत-से अलग-अलग शेड्स हैं। उसकी जिंदगी पूरी तरह बदल गई है। उसने अपनी पहचान और जिंदगी का मकसद खो दिया है। यह मेरे लिए घर वापसी जैसा है।

बाम्ब फायर क्रू का हुआ स्वागत

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के टैलेंट रियलिटी शो इंडियाज गाट टैलेंट को अपने टाप 7 फाइनिलस्ट मिल गए हैं। बेराजधानी दिल्ली पहुंचे। बाम्ब फायर क्रू की प्रियंका ने कहा, यह हम सभी के लिए भावनात्मक पल है, क्योंकि हम अपने शहर वापस आए हैं, जहां हम अपने माता-पिता के साथ-साथ दोस्तों और प्रशंसकों से भी मिले।

हमारे लिटिल प्रभु देवा हैं : रेमो डिसूजा

जी टीवी ने यंग डांसिंग टैलेंट की खोज के लिए शो डीआईडी लिटिल मास्टर्स के पांचवें सीजन की शुरुआत की। मौनी राय इतनी प्रभावित हुई कि उन्होंने जजों की टेबल पर खड़े होकर सागर को स्टैंडिंग ओवेशन दिया। रेमो डिसूजा ने बताया, मुकाबला गाना मेरे दिल के बेहद करीब है और प्रभु देवा बिल्कुल मेरे परिवार की तरह हैं। असल में मैं उनका सबसे बड़ा फैन रहा हूं और मैं हमेशा रहूंगा। मैं कहना चाहूंगा कि यदि प्रभु देवा सर डांस करेंगे, तो आप भी ऐसा करते हुए बिल्कुल उन्हीं की तरह दिखेंगे। मैं आप में प्रभु सर की छवि देखता हूं।

ऐश्वर्या राय प्रेरणा है : पंखुरी अवस्थी

स्टार भारत 'गुड़ से मीठा इश्क' शोमें मुख्य किरदार निभा रही पंखुरी अवस्थी टूरिस्ट गाइड के रूप में नजर आएंगी। पंखुरी अवस्थी बताती हैं, इसका टाइटल ट्रैक बहुत खूबसूरत है और ऐश्वर्या राय का ख्याल आता है। उनसे बेहतर इस गाने को कोई पिक्चराइज नहीं कर सकता था। जब मुझे ऐश्वर्या राय की फोटो दिखाई गई कि मुझे अपने लुक में कैसे पोज करना है। ऐसे में ये कहना गलत नहीं होगा कि मैंने उनसे प्रेरणा ली है।

कप्तान बने 'संपूर्ण एंटरटेनर' दानिश खान

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का देसी किड्स सिंगिंग रियलिटी शो 'सुपरस्टार सिंगर' का दूसरा संस्करण 'सिंगिंग के कल' के जश्न के लिए कप्तानों का पैनल होगा। कप्तानों के पैनल में शामिल होने वालों में सुपर टैलेंटेड गायक दानिश खान भी होंगे। उत्तर प्रदेश के रहने वाले दानिश उत्साहित हैं। दानिश ने कहा, मेरा उत्साह और भी बढ़ गया है। मैं अपनी टीम में आने वाली नई प्रतिभाओं से रूबरू होने के लिए उत्सुक हूं क्योंकि मुझे यकीन है कि यह मजेदार संगीतमय सफर होगा।

शूटिंग में गोलीबारी

सोनी सब का शो 'मैडम सर' के महिला पुलिस थाना में ग्लैमर का जलवा दिखेगा, उर्मिला (गुल्की जोशी) को फिल्म की लीड एक्ट्रेस है। गुल्की जोशी ने कहा, उर्मिला जिंदादिल

लड़की है इसलिए बहुत उत्साहित हो जाती है। उसकी खुशी उस समय और भी बढ़ जाती है, जब डायरेक्टर उसे फिल्म की लीड ऐक्ट्रेस के रूप में चुन लेता है। उर्मिला अब तक बड़ा पाव बेचने का काम करती रही है और ऐक्ट्रेस बनने का आफर मिलना उसके लिए अपने जीवन में होने वाली किसी जादुई घटना से कम नहीं है।

मानिक बेदी की दूसरी पारी

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन की मोसे छल किए जाए में अरमान ओबेराय (विजयेंद्र कुमेरिया) के पिता हर्षवर्धन ओबेराय के किरदार में टीवी पर वापस लौटे हैं। मानिक बेदी ने चर्चा की-

प्रेरित होकर - जब मैंने कहानी सुनी, तो बहुत प्रभावित हुआ। असल जिंदगी में, मैं हर्षवर्धन के बिल्कुल विपरीत हूं। मैं बार-बार एक ही तरह की भूमिकाएं नहीं निभाना चाहता था। यह टेलीविजन पर मेरी दूसरी पारी है, और मैं यह देखना चाहता हूं कि मैं एक्टर के रूप में खुद को कितना आगे बढ़ा सकता हूं।

सोच से सहमत - ईमानदारी से कहूं तो मेरा व्यक्तित्व और विचारधारा मेरे आन-स्क्रीन किरदार से बहुत अलग है। हर्षवर्धन मानता है कि महिला को नियंत्रण में रखा जाना चाहिए, उसे घर और परिवार की देखभाल करनी चाहिए और पुरुष अपनी पत्नी की देखभाल करने के लिए जिम्मेदार है। मैंने असल जिंदगी में हर उस महिला से प्रेरणा ली है, जो मेरे जीवन का हिस्सा हैं, चाहे वो मेरी मां हों, पत्नी हो, बहन या बेटी हो।

मुश्किल पहलू - हर्षवर्धन के किरदार में ढलने के लिए मुझे कुछ समय लगा। हर्षवर्धन ऐसा इंसान है, जो महिलाओं से बिल्कुल प्रेरित नहीं होता और वही करता है, जो उसे सही लगता है।

छोटे पर्दे पर वापसी - मैं जहां से ताल्लुक रखता हूं, वहां वापस लौटना बहुत अच्छा है। खासकर तब, जब आपके पास वापसी के लिए इतनी सधी हुई स्क्रिप्ट हो। छोटा पर्दा हमेशा से मेरी खुशियों का ठिकाना रहा है।

साथी कलाकार- सह-कलाकारों के साथ मेरा मजबूत संबंध है। ऐसे प्रतिभाशाली और मेहनती लोगों के साथ काम करना बहुत बढ़िया अनुभव है।

गरुड़ आदर्श है

सोनी सब के 'धर्म योद्धा गरुड़' के फैजल खान ने कहा

माइथोलाजी कान्सेप्ट है गरुड़- यह किरदार बेहद दिव्य और ताकतवर होने के बावजूद भी लोग उनके बारे में ज्यादा नहीं जानते। गरुड़ उड़ सकते हैं, वह अपराजेय को हरा सकता है। मैंने लगभग 8 किलो वजन कम करने से शुरुआत की, क्योंकि मैंने गरुड़ जैसा ही दिखना चाहता था। मैं अभी तक अपने फिजिक के लक्ष्य तक नहीं पहुंचा हूं, लेकिन निरंतर काम कर रहा हूं।

किरदार- मैं गरुड़ से बहुत प्रेरणा लेता हूं वह वास्तव में आदर्श, दयालु पुत्र है जो अपनी मां को अपने बुरे परिवार की चपेट से बचाने के लिए सारी हदें पार कर देता है। वह शक्ति के साथ-साथ अपनी बुद्धि का भी उपयोग करते हैं। वह निश्चित रूप से रक्षक, बहुत संवेदनशील और अति-बुद्धिमान है। वे इतनी सच्चाई और सत्यनिष्ठा से भरे हुए हैं।

बदलाव का सफर- यह बेहद ही थका देने वाला सफर रहा है, क्योंकि मैं खाने का बहुत शौकीन हूं और इसके बावजूद भी मुझे काफी सारा वजन कम करना पड़ा। मैं क्लीन डाइट पर रहता हूं और ज्यादा मेहनत करने की कोशिश करूंगा।

तैयारियों से गुजरना- गरुड़ की भूमिका निभाने के लिए, मुझे शारीरिक और मानसिक बदलाव से होकर गुजरना पड़ा। मुझे गरुड़ पर काफी ज्यादा रिसर्च करनी पड़ी और परदे पर जीवंत करने के लिए मुझे अपना सबसे बेहतर देने की कोशिश करनी पड़ी। उनके साथ भावनात्मक जुड़ाव बनाया। इसमें काफी वक्त लगा।

नया वेरिएंट बीए.1 व बीए.2 से अधिक संक्रामक

नई दिल्ली। क्या कोरोना का नया वेरिएंट फिर से तबाही मचाएगा। देश में कोरोना की नई लहर तो नहीं आएगी। इस तरह के विचार लोगों के मन में आ रहे हैं। हालांकि, इस बारे में एक्सपर्ट की राय थोड़ी राहत देने वाली है। साइंटिस्टों का कहना है कि शुरूआती रिपोर्ट से पता चलता है कि नया वेरिएंट बीए.1 और बीए.2 से अधिक संक्रामक है। हालांकि, अभी तक इस बात के कोई साइंटिफिक प्रूफ नहीं हैं कि यह गंभीर संक्रमण का कारण बन सकता है या नहीं?



एक्सई वेरिएंट का सबसे पहला मामला ब्रिटेन में सामने आया था। यूके की हेल्थ सिक्योरिटी एजेंसी के अनुसार ब्रिटेन में अब तक एक्सई वेरिएंट के 700 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं। नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) के प्रमुख डॉ सुजीत कुमार सिंह ने कहा कि यूके में, जहां एक्सई वेरिएंट की पुष्टि की गई थी, कोविड -19 की घटनाएं अधिक हैं, लेकिन अस्पताल में भर्ती होने की दर कम है। उन्होंने कहा कि भारत में अब तक रिइन्कॉम्बिएंट वेरिएंट, एक्सई के किसी भी मामले की पुष्टि नहीं हुई है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के अतिरिक्त महानिदेशक समीरन पांडा ने कहा है कि कोई भी नया वेरिएंट, चाहे वह रिकॉम्बीनेंट स्ट्रेन हो या नहीं, जरूरी नहीं कि वेरिएंट ऑफ कंसर्न हो।

उन्होंने कहा कि हमें नहीं लगता कि ऐसा होने जा रहा है। बुधवार को, बॉम्बे नगर निगम ने दावा किया था कि उसने एक दक्षिण अफ्रीकी ड्रेस डिजाइनर से एकत्र किए गए सैंपल में एक्सई वेरिएंट पाया था।इस व्यक्ति की एक महीने पहले मुंबई में कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। हालांकि, केंद्र सरकार ने कहा कि यह गलत डाइग्नोज का मामला था। सैंपल में अंतर का आकलन करने के लिए आगे जीनोम सिक्वेंसिंग की जा रही है। दूसरी तरफ डॉ सुजीत कुमार सिंह ने कहा कि डॉ सिंह ने कहा नए वेरिएंट के सामने आने से हमें तब तक परेशान या डरना नहीं चाहिए जब तक कि यह इसका प्रभाव व्यापक रूप से ना दिखाई दे। देश में, कोविड -19 मामले कम हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश भर में 1,000 से कम मामले सामने आ रहे हैं, यहां तक कि अमेरिका और यूके जैसे देशों में भी मामलों में वृद्धि दर्ज की गई है। यह एक सकारात्मक संकेत है और शायद पिछले संक्रमण और व्यापक टीकाकरण का परिणाम है। बता दें कि देश में कोरोना के नए वेरिएंट एक्सई को लेकर अब काफी चर्चा हो रही है। मुंबई में इस नए वेरिएंट के पहले संभावित पहला केस आने की बात सामने आई थी। हालांकि, सरकार की तरफ से इसकी पुष्टि नहीं हुई है। कोरोना वायरस का यह नया वेरिएंट ओमीक्रोन के दो सबलाइनेज बीए.1 और बीए.2 का कॉम्बिनेशन है। ऐसे में लोगों के मन में एक बार फिर से सवाल उठ रहा है।

बूस्टर खुराक ओमीक्रोन सहित विभिन्न स्वरूपों से बचाती है : अध्ययन

नई दिल्ली। कोरोना रोधी टीकाकरण के तहत पहली दो खुराकें लेने के छह महीने बाद कोवैक्सीन की बूस्टर खुराक लेने से ओमीक्रोन सहित सार्स-सीओवी-2 के चिंताजनक स्वरूप (वीओसी) के खिलाफ प्रतिरक्षा मजबूत होती है तथा गंभीर बीमारी से सुरक्षा मिलती है। आईसीएमआर और भारत बायोटेक के अध्ययन में यह बात कही गई है। पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. प्रज्ञा यादव ने कहा कि ज्यादातर टीकों के लक्षित क्षेत्र के भीतर कम से कम 30 उत्परिवर्तन के साथ ओमीक्रोन फैलने से और टीके से उत्पन्न एंटीबॉडीज के इस पर असर न होने से इसका प्रसार बढ़ा तथा फिर से संक्रमण फैला। उन्होंने कहा कि इसके अलावा अन्य मान्यता प्राप्त टीकों के मामले में भी वायरस के चिंताजनक स्वरूप (वीओसी) पर एंटीबॉडी का असर कम होने की खबरों ने दुनियाभर में चिंता पैदा की। आईसीएमआर और कोवैक्सीन के निमार्ता भारत बायोटेक ने यह अध्ययन जनवरी में किया था और इसके नतीजे 24 मार्च को प्रकाशित हुए।

महाराष्ट्र में लाउडस्पीकर विवाद गहराया शिवसेना भवन पर हनुमान चालीसा का किया पाठ

मुंबई। महाराष्ट्र में लाउडस्पीकर को लेकर खड़ा हुआ विवाद बढ़ता जा रहा है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने रामनवमी पर आज मुंबई में शिवसेना पार्टी मुख्यालय 'शिवसेना भवन' के बाहर लाउडस्पीकर लगाया और उस पर हनुमान चालीसा बजाया। हालांकि, कुछ ही देर में पुलिसकर्मी मौके पर पहंच गए और इसे बंद करा दिया। पुलिस ने उस गाड़ी को जब्त कर लिया है, जिस पर हनुमान चालीसा बजाया जा रहा था। साथ ही मनसे नेता यशवंत किल्लेकार हिरासत में ले लिया गया, उन्हें शिवाजी पार्क पुलिस स्टेशन ले जाया गया है। आज सुबह ही शिवसेना भवन के सामने रामनवमी के पोस्टर लगाए गए। मनसे ने हनुमान चालीसा बजाने का ऐलान पहले ही कर दिया था। मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने बीते हफ्ते राज्य सरकार से मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाने की मांग की थी। मुंबई के शिवाजी पार्क में एक रैली में अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए राज ठाकरे ने कहा था, "मस्जिदों में लाउडस्पीकर इतनी अधिक मात्रा में क्यों बजाए जाते हैं? अगर इसे नहीं रोका गया तो मस्जिदों के बाहर अधिक मात्रा में हनुमान चालीसा के स्पीकर बजने लगेंगे। मैं प्रार्थना या किसी विशेष धर्म के खिलाफ नहीं हूं। मुझे अपने धर्म पर गर्व है।" शिवसेना के वरिष्ठ नेता संजय राउत ने राज ठाकरे पर सरकार से मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाने के लिए कहने पर निशाना साधा था। राउत ने कहा कि उनका भाषण भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा "'स्क्रिप्टेड और प्रायोजित" था। राउत ने कहा कि यह स्पष्ट है कि शिवाजी पार्क में बज रहे लाउडस्पीकर का भाषण "बीजेपी द्वारा लिखित और प्रायोजित" था। महाराष्ट्र वह राज्य है जहां कानून अभी भी कायम है। राज्य के गृह मंत्री कानून के अनुसार सब कुछ करेंगे और महाराष्ट्र में देश का कानून कायम है।

ऑनलाइन उपस्थिति अपलोड न करने पर सात केंद्र व्यवस्थापकों को नोटिस

मैनपुरी। यूपी बोर्ड परीक्षा में कक्ष निरीक्षक और परीक्षार्थियों की ऑनलाइन उपस्थिति अपलोड करने में लापरवाही बरतने पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने सात केंद्र व्यवस्थापकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जिले में 95 परीक्षा केंद्रों पर प्रथम पाली में सुबह आठ बजे से और द्वितीय पाली में दोपहर दो बजे से परीक्षाएं चल रही है। परीक्षा शुरू होने के दो घंटे में केंद्र व्यवस्थापकों को माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट पर केंद्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक और परीक्षार्थियों की उपस्थिति ऑनलाइन अपलोड करनी होती है। जिले के सात केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापकों ने नौ अप्रैल की प्रथम पाली में समय से उपस्थिति अपलोड नहीं की। शासन द्वारा वीसी के माध्यम से की गई समीक्षा में इस पर नाराजगी जताई गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार वर्मा ने संबंधित केंद्र व्यवस्थापकों को नोटिस जारी कर 11 अप्रैल को सुबह 11 बजे तक जवाब उपलब्ध कराने के आदेश दिए हैं।

इन्हें दिया गया नोटिस- कैप्टन उम्मेद सिंह इंटर कॉलेज-कल्होर, संत त्रिजानंद इंटर कॉलेज-नगला गवे, दरबारी लाल इंटर कॉलेज-संजापुर, प्रकाश इंटर कॉलेज-जसनपुर, श्री रामदयाल रामचंद्र इंटर कॉलेज-मलपुर फर्दपुर, जनार्दन इंटर कॉलेज- घुसूपुर और बीएएनएम इंटर कॉलेज, तिलकनगर।

शिवपाल यादव का मुलायम से भी टूटा दिल पहली बार बड़े भाई के लिए कही ऐसी बात

नई दिल्ली। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (प्रसपा) के प्रमुख शिवपाल यादव अपने भतीजे और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से नाराज हैं। इसमें तो अब कोई संशय नहीं है। वह जल्द ही सपा से नाता तोड़ने वाले हैं, यह भी साफ हो चुका है। हैरानी की बात यह है कि पहली बार शिवपाल सिंह यादव ने बड़े भाई मुलायम सिंह यादव से नाराजगी जाहिर की है। इस बीच सपा के निशान पर विधायक बने शिवपाल यादव ने एक बार फिर कहा कि उचित समय आने वाला है और वह जल्द अपने अगले कदम का खुलासा करेंगे। दरअसल, शनिवार को विधानपरिषद चुनाव में वोटिंग के लिए मुलायम कुनबे के अधिकतर सदस्य इटावा में थे। सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के अलावा सपा के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव और प्रसपा अध्यक्ष और जसवंतनगर से विधायक शिवपाल सिंह यादव ने मतदान किया। इस दौरान शिवपाल और रामगोपाल के अलग-अलग बयान सामने आए। जिसने शिवपाल के भाजपा प्रेम के संकेत दिए। हालांकि शिवपाल ने कहा, उनके फैसले का सही समय जल्द आने वाला है। इटावा में वोटिंग के बाद कुछ पत्रकारों ने जब शिवपाल यादव से सवाल किया कि मुलायम सिंह यादव भी आए हुए हैं, क्या आप उनसे मिलेंगे? शिवपाल ने सबको चौंकाते हुए तपाक से कहा, "आप जाकर मिल लो।" अखिलेश से पहले भी शिवपाल का झगड़ा हुआ है, लेकिन उस दौर में भी शिवपाल और मुलायम के बीच प्यार और सम्मान कम नहीं हुआ। शिवपाल यादव हमेशा मुलायम को पिता तुल्य बड़ा भाई बताते रहे हैं। दरअसल प्रसपा अध्यक्ष 2022 विधानसभा चुनाव में अपना दमखम दिखाने को पूरी तरह तैयार थे। उन्होंने करीब 100 सीटों पर उम्मीदवार भी तय कर लिए थे। लेकिन मुलायम सिंह यादव ने उन्हें अखिलेश का साथ देने को कहा। अखिलेश को सीएम बनवाने के लिए उन्होंने सपा से गठबंधन पर राजी किया। लेकिन अखिलेश ने चाचा को महज एक सीट दी और सपा के चुनाव चिह्न पर ही लड़ने को मजबूर किया। चुनाव प्रचार के दौरान ही कई बार शिवपाल का यह दर्द जुबान पर आ गया था।

उन्होंने कहा था कि बड़े भाई मुलायम सिंह यादव के कहने पर उन्होंने अपनी पार्टी कुर्बान की, लेकिन महज एक सीट दी गई। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि शिवपाल यादव इस बात को लेकर खफा हैं कि उनका जब भी भतीजे से टकराव हुआ है, मुलायम पुत्र मोह से ही बंधे दिखे हैं, जबकि शिवपाल ने दशकों तक मुलायम के साथ मिलकर जमीन पर मेहनत कर-के सपा को मजबूती दी थी।

एक हफ्ते में शुरू होगी स्मार्ट पार्किंग कहीं से भी सिर्फ 30 सेकेंड में बुक होगा स्लॉट

नोएडा। नोएडा में वाहन पार्किंग स्मार्ट होगी। इसके लिए गूगल प्ले स्टोर पर नोएडा प्राधिकरण का एप आ गया है। इसको डाउनलोड किया जा सकता है। अभी इसका ट्रायल शुरू किया गया है। करीब एक सप्ताह में इसकी शुरूआत अधिकारिक रूप से हो जाएगी। संभवतः प्राधिकरण के 17 अप्रैल को स्थापना दिवस के मौके पर इसकी शुरूआत हो जाएगी। लोग घर बैठे 30 सेकेंड में पार्किंग में स्लॉट बुक कर सकेंगे। पहले चरण में बहुमंजिला व पार्कों के नीचे बनी वाहन पार्किंग से शुरूआत की जाएगी जबकि दूसरे चरण में सड़कों की सरफेस पार्किंग को शामिल किया जाएगा। ऐसे में एक एप के जरिए शहर की पूरी पार्किंग व्यवस्था जुड़ जाएगी। इस एप को नोएडा अथॉरिटी पार्क स्मार्ट एप का नाम दिया गया है। ट्रायल बेस पर इसे गूगल प्ले स्टोर पर डाला गया है। आईओएस से भी इसका जल्द क्लीयरेंस आ जाएगा। इसके बाद इस एप को आधिकारिक रूप से लांच किया जाएगा। शहर में कहीं से भी मोबाइल एप के जरिए पार्किंग की बुकिंग की जा सकेगी। ऑनलाइन भुगतान भी किया जा सकेगा। भुगतान के लिए जल्द ही एप को यूपीआई से भी जोड़ दिया जाएगा। गूगल मैप के जरिए पार्किंग तक पहुंचना भी जा सकेगा। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि गूगल प्ले स्टोर के जरिए एप डाउनलोड कर सकते हैं। ओपन करने के बाद मोबाइल नंबर मांगा जाएगा। वेरीफीकेशन कोड डालने के बाद एप में प्रवेश कर जाएंगे।

गुजरात-हिमाचल में चुनाव नजदीक विदेश यात्रा पर जाने की तैयारी में राहुल गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस महीने विदेश यात्रा पर जा सकते हैं। यह खबर ऐसे समय सामने आई है जब उनकी पार्टी (कांग्रेस) कई चुनौतियों से घिरी हुई है। पांच राज्यों में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में राजनीतिक जानकारों का मानना है कि पार्टी नेताओं पर जमीनी स्तर पर काफी काम करने की जरूरत है। सूत्रों ने बताया कि राहुल गांधी के इस महीने विदेश जाने की संभावना है। उनका हाल ही में वहां जाने का कार्यक्रम था, लेकिन यात्रा स्थगित कर दी गई थी, आखिरकार फिर से यह कार्यक्रम बन गया है। राहुल की यह विदेश यात्रा गुजरात और हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों से कुछ महीने पहले हो रही है, जहां इस साल के अंत में इलेक्शन होने वाले हैं। बीते पांच महीनों में यह राहुल की दूसरी विदेश यात्रा है। इससे पहले वह दिसंबर 2021 में लगभग एक महीने के लिए 'निजी यात्रा' पर विदेश गए थे।

अमेरिका का दोहरा रवैया, भारत को मना कर खुद रुस से खरीद रहा कच्चा तेल

नई दिल्ली। भारत में डीजल-पेट्रोल के दाम आसमान छू रहे हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह है, कच्चा तेल , जो रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से ही महंगा हो रहा है। एलपीजी और गैस की कीमतों पर भी युद्ध का असर दिख रहा है। दाम महंगे हो रहे हैं, क्योंकि अमेरिका ने रूस पर तमाम तरह के प्रतिबंध लगा दिए हैं। अमेरिका तमाम देशों को रूस से साथ सारे रिश्ते तोड़ने और किसी भी तरह का व्यापार ना करने को कह रहा है। रूस से सस्ते कच्चे तेल के ऑफर पर भी अमेरिका नाराजगी जता रहा है, लेकिन रूस ने ऐसा दावा किया है, जो अमेरिका के दोहरे चरित्र को दिखाता है। पिछले रविवार को ही रूस के सुरक्षा काउंसिल के डिप्टी सेक्रेटरी मिखाइल पोपोव ने दावा किया है कि युद्ध के दौरान भी अमेरिका ने रूस से खूब तेल खरीदा है। पोपोव के दावे से अमेरिका सहित तमाम देश हैरान हैं। दावे में कहा है कि अमेरिका ने हाल ही में रूस से हर रोज करीब 43 फीसदी अधिक कच्चा तेल यानी करीब 1 लाख बैरल तेल रोज खरीदा है। तमाम यूरोपीय देशों से भी ऐसी ही खबरें आ रही हैं। अमेरिका एक बड़ा तेल निर्यातक देश भी है, जिससे उसकी तगड़ी कमाई होती है। रूसी दावे के बाद अमेरिका का दोहरा रुख सामने आ रहा है। भारत ने हाल ही में रूस के सस्ते कच्चे तेल के ऑफर को स्वीकार किया था। भारत के इस फैसले की पश्चिमी देशों ने खूब आलोचना की। अमेरिका की कॉमर्स सेक्रेटरी ने यहां तक कह दिया कि यह वक्त आजादी, लोकतंत्र और संप्रभुता के लिए अमेरिका सहित तमाम देशों के साथ खड़े होने का है और यूक्रेन का समर्थन करने का है। उन्होंने कहा कि इस वक्त में रूसी राष्ट्रपति पुतिन को पैसे मुहैया कराकर युद्ध को और बढ़ाने का काम करना सही नहीं है। वहीं दावा है कि खुद अमेरिका ही रूस से तेल खरीद रहा है और बाकी देशों को मना कर रहा है। जब से अमेरिका ने रूस पर प्रतिबंध लगाए हैं, अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें बढ़ गई हैं, जिसका सीधा फायदा अमेरिका को हो रहा है। जो प्रतिबंध अमेरिका ने लगाए हैं, उससे तेल महंगा हुआ है,तब फिर उसका सारा असर गरीब देशों पर ही पड़ रहा है, जिसमें यूरोपीय देश कोई मदद नहीं कर रहे हैं। भारत एक मिडिल इनकम वाला देश है, जो आज भी 70 फीसदी तक ऊर्जा के लिए आयात पर निर्भर है। इसके बाद इन बढ़ती कीमतों की वजह से भारत में महंगाई तेजी से बढ़ रही है।

इमरान खान का सत्ता गंवाना शरीफ की वापसी होना, भारत के लिए क्या हैं इसके मायने

नई दिल्ली। पाकिस्तान की सियासत में रविवार का दिन इतिहास में दर्ज हो गया। इमरान खान मुल्क में अविश्वास प्रस्ताव के जरिए सत्ता गंवाने वाले पहले प्रधानमंत्री बन गए हैं। 342 सदस्यों वाली नेशनल असेंबली में इमरान सरकार के खिलाफ 174 सांसदों ने वोट किया। बहरहाल, इस सत्ता परिवर्तन की गवाह पूरी दुनिया बनी, लेकिन इसके साथ ही एक बार फिर भारत-पाकिस्तान रिश्तों का सवाल सामने आया है। खासतौर से तब जब सत्ता गंवाने के कुछ दिन पहले ही इमरान ने भारत को सराहा था। पाकिस्तान की सियासत में रविवार का दिन इतिहास में दर्ज हो गया। इमरान खान मुल्क में अविश्वास प्रस्ताव के जरिए सत्ता गंवाने वाले पहले प्रधानमंत्री बन गए हैं। 342 सदस्यों वाली नेशनल असेंबली में इमरान सरकार के खिलाफ 174 सांसदों ने वोट किया। बहरहाल, इस सत्ता परिवर्तन की गवाह पूरी दुनिया बनी, लेकिन इसके साथ ही एक बार फिर भारत-पाकिस्तान रिश्तों का सवाल सामने आया है।

मुर्तजा के चाचा डॉ. खालिद अब्बासी को एटीएस ने भेजा नोटिस

लखनऊ। गोरखनाथ मंदिर हमला प्रकरण में एटीएस ने आरोपी मुर्तजा के चाचा और शहर के मशहूर डॉक्टर व अब्बासी नर्सिंगहोम के मालिक डॉ. खालिद अब्बासी को भी पूछताछ के लिए बुलाया है। शुक्रवार की देर शाम उन्हें इसका नोटिस दिया गया था और शनिवार को लखनऊ पहुंचना था। हालांकि, उम्र का हवाला देकर डॉ. अब्बासी ने लखनऊ हेड ऑफिस जाने से मना करते हुए गोरखपुर आफिस में ही पूछताछ/बयान दर्ज करने का आग्रह किया है। इसके लिए उन्होंने कानून का भी हवाला दिया है। वहीं दूसरी तरफ मुर्तजा के माता-पिता अभी भी लखनऊ में ही हैं। एटीएस उनसे बैंक खाते के लेनदेन के बारे में पूछताछ कर रही है। गोरखनाथ मंदिर पर तैनात सुरक्षा कर्मियों पर हमले के आरोपी मुर्तजा को मंगलवार को एटीएस ने अपनी कस्टडी में ले लिया और उसी रात 10 बजे एटीएस मुख्यालय लखनऊ ले गई। बुधवार की रात में मुर्तजा के मां-बाप को भी एटीएस पूछताछ के लिए ले गई अभी उनसे पूछताछ जारी है। इसी बीच शुक्रवार की रात मुर्तजा के चाचा डॉ. अब्बासी को सी आरपीसी की धारा 160 के तहत एटीएस ने पूछताछ और बयान दर्ज करने के लिए नोटिस रिसीव कराया। नोटिस में कहा गया है कि 9 अप्रैल को उन्हें एटीएस मुख्यालय पहुंचना है। सहयोग न करने पर धारा 174 के तहत विधिक कार्रवाई की भी चेतावनी दी गई। यह नोटिस केस के विवेचक की तरफ से जारी किया गया था। नोटिस मिलने के बाद डॉ. अब्बासी शनिवार को गोरखपुर स्थित एटीएस कार्यालय पर बयान देने पहुंच गए। हालांकि, वहां उनका बयान नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने एटीएस मुख्यालय को ईमेल भेजकर नोटिस का जवाब दिया है। उसमें उन्होंने धारा 160 सीआरपीसी के नियम का जिक्र करते हुए कहा है कि उनकी उम्र 65 वर्ष है। ऐसे में वह लखनऊ जाकर बयान दर्ज कराने में असमर्थ हैं। उन्होंने अपना बयान गोरखपुर में ही दर्ज कराने और मामले की विवेचना से संबंधित पूछताछ करने का अनुरोध किया है।

डोनाल्ड ट्रंप ने फिर राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के दिए संकेत

नई दिल्ली। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह फिर से राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ सकते हैं। हालांकि, इसे लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। ट्रंप ने उत्तरी कैरोलिना में रैली में अपने समर्थकों से कहा, "सच्चाई यह है कि मैं दो बार दौड़ा, मैं दो बार जीता, मैंने पहली बार की तुलना में दूसरी बार बहुत बेहतर किया। और अब हमें इसे फिर से करना पड़ सकता है। क्या यहां कोई है जो मुझे फिर से दौड़ते देखना चाहेगा ट्रंप ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन पर एक के बाद एक शर्मनाक आत्मसमर्पण करने का आरोप लगाया। उन्होंने दोहराया कि रूस ने उनके प्रशासन के समय यूक्रेन में विशेष सैन्य अभियान शुरू नहीं करता। ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका के पास सबसे मजबूत परमाणु क्षमताएं हैं। मार्च के अंत में ट्रंप ने फॉक्स बिजनेस से कहा था कि अगर वह अभी भी राष्ट्रपति रहते, तो वह रूस को परमाणु पनडुब्बियों के साथ धमकी देते।

हाईस्कूल परीक्षा में दूसरे की जगह पर परीक्षा दे रहे दो शातिर गिरफ्तार

मऊ। शनिवार को थाना चिरैयाकोट क्षेत्रान्तर्गत श्री भोलानाथ इन्टर कालेज हिरनपुर सरसेना में दूसरे की जगह पर हाईस्कूल की सामाजिक विज्ञान की परीक्षा देते हुए सौरभ कुमार पुत्र कुलदीप राय निवासी गोहना थाना जहानागंज जनपद आजमगढ़, व पवन यादव पुत्र बलिराम यादव निवासी सिकन्दर थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ को केन्द्र व्यवस्थापक अनिल कुमार सिंह तथा स्ट्रेटजिक मजिस्ट्रेट भूषण यादव द्वारा पकड़ कर थाना स्थानीय को सूपूर्द किया गया। उक्त गिरफ्तार दोनों द्वारा क्रमशः विशाल कुमार तथा अनमोल सिंह के स्थान पर परीक्षा दी जा रही थी। इस सम्बन्ध में केन्द्र व्यवस्थापक अनिल कुमार सिंह के तहरीर पर उक्त अभियुक्तों के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 48/22 धारा 419, 420, 467, 468,471 भादवि0 का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तगण का चालान न्यायालय किया गया।

विद्युत कटौती लोग बेहाल, दी चेतावनी

मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ। बाजार करहां के जमुई विद्युत उप केंद्र से शुक्रवार की रात 11 बजे से बाजार करहां की विद्युत सप्लाई बाधित है और शनिवार की शाम 3:30 तक विद्युत सप्लाई चालू नहीं हो सकी थी। बताते चलें विद्युत उपकेंद्र से आए दिन क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बाधित रहती है। किसान, व्यापारी, मजदूर मीडिया के माध्यम से और उच्च अधिकारियों को और विद्युत विभाग के अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर अवगत करा चुके हैं लेकिन मशीन जर्जर होना बताकर विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी पल्ला झाड़ लेते हैं। वही चेकिंग के नाम पर विभाग के लोग उपभोक्ताओं का जमकर उत्पीड़न कर रहे हैं और धन उगाही कर रहे हैं। उपकेंद्र की समस्या यह है यहां कोई भी सरकारी कर्मचारी का एलाटमेंट नहीं है। एसएसओ से लेकर लाइनमैन तक प्राइवेट है जो एक तार जोड़ने का भी 100 200 से नीचे बात नहीं करते। चेकिंग के नाम पर हजारों रुपए में समझौता होता है। व्यापार मंडल द्वारा विद्युत कटौती को लेकर कई बार धरना प्रदर्शन और आंदोलन हुआ कुछ समय तक यह विद्युत व्यवस्था सुधार में रहती है फिर अपने ढर्रे पर आ जाती है। व्यापारी को व्यापार करने में मुश्किल हो जा रही है वही कटाई का समय चल रहा है किसान परेशान है। चिलचिलाती गर्मी में बच्चें एग्जाम की तैयारी नहीं कर पा रहे हैं।

क्षेत्र के किसान व्यापारी बुनकर आदि लोगों ने चेताया है कि अगर विद्युत व्यवस्था सुधार में नहीं आई तो आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से व्यापार मंडल अध्यक्ष विष्णु कांत श्रीवास्तव, शहजादे खां, सुनील सिंह, अतुल सिंह, रवि सिंह, अभिषेक यादव, प्रदीप शर्मा, अमितेश दिलशाद, एकलाख, संतोष सिंह, अनिल, इंदरजीत, अरुण सिंह, इनामुल हक, फैजुल हसन अंसारी, सिरगू गुप्ता, गौतम सैनी, आदि लोगों ने आक्रोश जताते हुए विद्युत विभाग के खिलाफ रोड पर उतरने की चेतावनी दी है।

माहुल शराब कांड के आरोपितों की संपत्ति प्रशासन ने जुटाया ब्योरा

माहुल (आजमगढ़)। अहरौला थाना क्षेत्र के माहुल में हुए जहरीली शराब कांड के बाद प्रशासन ने अब उसके आरोपितों पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी कर ली है। उनकी संपत्तियों को जब्त करने से पहले उसका ब्योरा जुटाना शुरू कर दिया है। शुक्रवार की देर शाम भारी संख्या में पुलिस बल के साथ पहुंची राजस्व टीम ने क्षेत्र के रुपाईपुर गांव और माहुल कस्बे में स्थित आरोपितों की चल-अचल संपत्तियों व प्रतिष्ठानों आदि का अवलोकन कर ब्योरा इकट्ठा किया। तहसीलदार फूलपुर संजय कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में लेखपाल प्रमोद कुमार सिंह व दिवाकर मिश्रा पुलिस बल के साथ आई राजस्व टीम सबसे पहले क्षेत्र के रुपाइपुर गांव पहुंची। वहां पहुंचकर टीम ने जेल में बंद नदीम अहमद, कलीम अहमद, नईम अहमद, सलीम अहमद, फहीम अहमद के मकानों व खेत आदि को चिह्नित किया। उसके बाद टीम ने माहुल कस्बे में पहुंचकर आरोपितों के मेडिकल एजेंसी, बिल्डिग मैटेरियल की दुकान, मकान, प्लाट का ब्योरा जुटाया। ज्ञात हो कि 20 फरवरी को माहुल कस्बे के ठेके की देसी शराब के सेवन से आधा दर्जन से अधिक लोगों की जान चली गई थी, जबकि बहुत लोग बीमार हो गए थे। पुलिस ने विवेचना शुरू की, तो शराब व दवा की अवैध फैक्ट्री पुलिस ने पकड़ी थी। अभी हाल में ही प्रशासन ने इन आरोपितों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। तहसीलदार फूलपुर संजय कुमार कुशवाहा का कहना है कि आरोपितों की खुद और पैतृक संपत्तियों की जांच के साथ ही स्थित का अवलोकन किया गया है। इसकी सूची तैयार की जा रही है।

चेन्नई की हार का चौका हैदराबाद ने खोला जीत का खाता

मैन ऑफ द मैच अभिषेक शर्मा ने जड़ा अर्धशतक, हैदराबाद आठ विकेट से जीता

मुंबई (एजेंसी)। मैन ऑफ द मैच अभिषेक शर्मा की नाबाद 75 रन की बेहतरीन पारी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने गत चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स को शनिवार को आठ विकेट से हराकर आईपीएल में लगातार चौथी हार झेलने के लिए मजबूर कर दिया और अपनी पहली जीत दर्ज की।

चेन्नई ने इस मुकाबले में 20 ओवर में सात विकेट पर 154 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया लेकिन यह हैदराबाद को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं था। हैदराबाद ने 17.4 ओवर में दो विकेट पर 155 रन बनाकर टूर्नामेंट में तीन मैचों में अपने पहले दो अंक अर्जित किए। चेन्नई ने इस हार के साथ लगातार चौथी हार झेली और वह तालिका में नौंवें स्थान पर है। हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का सही फैसला किया। चेन्नई ने 25 रन की अच्छी शुरुआत के बाद नियमित अंतराल में अपने विकेट गंवाए। मोईन अली ने 35 गेंदों पर तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 48 रन की सर्वाधिक पारी खेली। अंबाती रायुडू ने 27 गेंदों में 27, कप्तान रवींद्र जडेजा ने 15 गेंदों में 23, ऋतुराज गायकवाड़ ने 13 गेंदों में 16 और रोबिन उथप्पा ने 11 गेंदों में 15 रन बनाये। महेंद्र सिंह धोनी छह गेंदों में तीन रन बनाकर आउट हुए। हैदराबाद की तरफ से वाशिंगटन सुन्दर और टी नटराजन ने दो-दो विकेट हासिल किये। लक्ष्य का पीछा करते हैदराबाद ने 89 रन की ठोस शुरुआत की। कप्तान केन विलियम्सन 40 गेंदों में 32 रन बनाकर आउट हुए। अभिषेक दूसरे बल्लेबाज के रूप में जब आउट हुए तो हैदराबाद का स्कोर 145 रन पहुंच चुका था और वह जीत के करीब पहुंच चुकी थी। अभिषेक ने 50 गेंदों पर 75 रन की मैच विजयी पारी में पांच चौके और तीन छक्के लगाए। राहुल त्रिपाठी 15 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 39 रन बनाकर नाबाद रहे। निकोलस पूरन पांच रन पर नाबाद रहे।

सुधार करने की कोशिश करेंगे: जडेजा

चेन्नई के कप्तान रवींद्र जडेजा ने मैच के बाद कहा, गेंदबाजों के प्रदर्शन से निराश हैं। हम 20-25 रन पीछे रह गए। हम आखिरी समय तक लड़ने की ओर देख रहे थे। 155 बुरा टारगेट नहीं था और हमारे गेंदबाज विकेट लेने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन सुधार करने की कोशिश करेंगे। हम इस बारे में बात करेंगे कि हमसे चूक कहां हो रही है। हम पेशेवर हैं और कड़ी मेहनत करने, साथ रहने और मजबूत वापसी करने की जरूरत है। वहीं हैदराबाद के कप्तान केन विलियम्सन ने कहा कि उन्हें जीत का खाता खोलने की खुशी है। विलियम्सन ने मैच के बाद कहा,हम ती मैच खेले हैं, खुश हैं कि हमने जीत का खाता खोल लिया है। हमने गेंदबाजी और बल्लेबाजी से अच्छा प्रदर्शन किया। आप जब साझेदारी करते हो तो दबाव बढ़ाते हैं। हमने भी आज यही किया और अंत में आकर राहुल त्रिपाठी ने अच्छी बल्लेबाजी की। पिछले दो मैचों में मुझे आउट होकर दुख हुआ, क्योंकि मैं अपना योगदान देना चाहता हूं।

चेन्नई के लिए सर्वाधिक मुकाबले खेलने वाले तीसरे खिलाड़ी बने जडेजा

महेंद्र सिंह धोनी	218*
सुरेश रैना	200
रविंद्र जडेजा	150*
ड्वेन ब्रावो	124*

स्कोर बोर्ड

चेन्नई सुपर किंग्स	रन	गेंद	4/6
रॉबिन उथप्पा कै. मारक्रम बो. सुंदर	15	11	1/0
गायकवाड़ बो. नटराजन	16	13	3/0
मोईन अली कै. त्रिपाठी बो. मारक्रम	48	35	3/2
अंबाती रायुडू कै. मारक्रम बो. सुंदर	27	27	4/0
शिवम दुबे कै. उमरान बो. नटराजन	03	05	0/0
जडेजा कै. विलियम्सन बो. भुवनेश्वर	23	15	2/1
एम एस धोनी कै. उमरान बो. मार्को	03	06	0/0
ड्वेन ब्रावो नाबाद	08	05	1/0
क्रिस जॉर्डन नाबाद	06	03	0/0

अतिरिक्त: 5, कुल: 20 ओवर में सात विकेट पर 154 रन
विकेट पतन: 1-25, 2-36, 3-98, 4-108, 5-110, 6-122, 7-147 **गेंदबाजी:** भुवनेश्वर कुमार 4-0-36-1, मार्को यानसन 4-0-30-1, वॉशिंगटन सुंदर 4-0-21-2, टी नटराजन 4-0-30-2, उमरान मलिक 3-0-29-0, मारक्रम 1-0-8-1,

सनराइजर्स हैदराबाद	रन	गेंद	4/6
अभिषेक कै. जॉर्डन बो. ब्रावो	75	50	5/3
विलियमसन कै. मोईन बो. चौधरी	32	40	2/1
राहुल त्रिपाठी नाबाद	39	15	5/2
निकोलस पूरन नाबाद	05	02	1/0

अतिरिक्त: 4, कुल: 17.4 ओवर में दो विकेट पर 155 रन
विकेट पतन: 1-89, 2-145, **गेंदबाजी:** मुकेश चौधरी 4-0-30-1, महेश थीक्षाना 4-0-31-0, क्रिस जॉर्डन 3-0-34-0, रवींद्र जडेजा 3-0-21-0, मोईन अली 1-0-10-0, ड्वेन ब्रावो 2.4-0-29-1,

आज के मुकाबले

दोप. 3:30 बजे
कोलकाता नाईट राइडर्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स

शाम 7:30 बजे
राजस्थान रॉयल्स बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स

आईपीएल 2022 अंक तालिका

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक	रन रेट
कोलकाता	04	03	01	06	1.102
गुजरात	03	03	00	06	0.349
बेंगलुरु	04	03	01	06	0.294
लखनऊ	04	03	01	06	0.256
राजस्थान	03	02	01	04	1.218
पंजाब	04	02	02	04	0.152
दिल्ली	03	01	02	02	-0.116
हैदराबाद	03	01	02	02	-0.889
मुंबई	04	00	04	00	-1.181
चेन्नई	04	00	04	00	-1.211

बेंगलुरु सात विकेट से जीता, मुंबई की लगातार चौथी हार



पुणे। अनुज रावत (66) के पहले अर्धशतक और विराट कोहली की 48 रन की बेहतरीन पारी की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मुंबई इंडियंस को आईपीएल में सात विकेट से शिकस्त दी। मुंबई को लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा जबकि बेंगलुरु ने चार मैचों में तीसरी जीत हासिल की।

मुंबई ने सूर्यकुमार यादव (68) के विस्फोटक अर्धशतक की बदौलत 20 ओवर में छह विकेट 151 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। 152 रनों की पीछा करने उतरी बेंगलुरु की टीम को शानदार शुरुआत मिली और फाफ-अनुज रावत ने टीम को 50 के पार पहुंचाया। फाफ डु प्लेसिस (16) का विकेट गिरने के बाद अनुज रावत का साथ देने के लिए विराट कोहली आए, जिन्होंने रनों की बरसात की। बेंगलुरु के लिए अनुज रावत ने 47 गेंदों में 66 रनों की पारी खेली। वहीं पूर्व कप्तान विराट कोहली भी 36 बॉल में 48 रन बनाकर आउट हुए। आखिर में दिनेश कार्तिक (07) और ग्लेन मैक्सवेल (08) ने आसानी से अपनी टीम को जीत दिला दी। पहली जीत की तलाश कर रही मुंबई इंडियंस को सधी हुई शुरुआत मिली थी। रोहित शर्मा ने तूफानी अंदाज में पारी को शुरू किया, लेकिन 50 के स्कोर पर कप्तान रोहित (26), 60 के स्कोर पर देवाल्ड ब्रेविस (08) और फिर 62 के स्कोर किशन (26), तिलक वर्मा (शून्य) और कीरोन पोलार्ड (शून्य)के रूप में मुंबई के इकट्ठे तीन विकेट गिरे। कठिन परिस्थितियों के बावजूद सूर्यकुमार ने अकेले अपने दम पर टीम को संकट से निकालते हुए विस्फोटक अंदाज में 37 गेंदों पर नाबाद 68 रन बनाए। जयदेव उनादकट (13) ने दूसरे छोर पर विकेट बचा कर उनका बखूबी साथ दिया।

एक ही टीम के लिए 4500 रन बनाने वाले ओवरऑल तीसरे खिलाड़ी बने रोहित शर्मा

मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने भी कई उपलब्धियां हासिल कीं। रोहित चार चौकों और एक छक्के के सहारे 15 गेंदों पर 26 रन की पारी खेल कर आईपीएल में एक ही टीम के लिए 4500 रन बनाने वाले मुंबई इंडियंस के पहले और ओवरऑल तीसरे खिलाड़ी बने। इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली के नाम 6341 और चेन्नई सुपर किंग्स के सुरेश रैना के नाम 5528 रन हैं। रोहित ने इसके अलावा आईपीएल में 500 चौकों के आंकड़े को भी छुआ। वह विराट कोहली, शिखर धवन, डेविड वार्नर और सुरेश रैना के बाद इस मुकाम तक पहुंचने वाले पांचवें, जबकि मुंबई के पहले खिलाड़ी बने।

सूर्यकुमार ने 200वें टी-20 मैच में पार किया 150 छक्कों का आंकड़ा

मुंबई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने 2022 आईपीएल के 18वें मैच में नई उपलब्धि हासिल की। सूर्यकुमार ने शनिवार को अपना 200वां टी-20 मैच खेलते हुए टी-20 क्रिकेट में 150 छक्कों के आंकड़े को पार कर लिया। उन्होने पांच चौकों और छह छक्कों की मदद से 37 गेंदों पर 68 रन की विस्फोटक अर्धशतकीय पारी खेली। 200 टी-20 मैचों में अब 154 छक्के सूर्यकुमार के नाम हैं।

गोविंद, अनंत और सुमित ने थाईलैंड ओपन में जीते स्वर्ण पदक

भारत ने 10 पदकों के साथ समाप्त किया अभियान

फुकेत। भारतीय मुक्केबाज गोविंद साहनी, अनंत चोपडे और सुमित सांगवान के शनिवार को यहां स्वर्ण पदक जीतने के साथ भारत ने कुल 10 पदकों के साथ अपना 2022 थाईलैंड ओपन अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट अभियान समाप्त किया।

तीनों मुक्केबाजों ने थाईलैंड के अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज की, जबकि चार अन्य भारतीय मुक्केबाजों मोनिका (48 किग्रा), अमित पंघाल (52 किग्रा), वरिंदर सिंह (60 किग्रा) और आशीष कुमार (81 किग्रा) ने फाइनल में हार के बाद रजत पदक जीता। इसके अलावा मनीषा (57 किग्रा), पूजा (69 किग्रा) और भाग्यबती कचारी (75 किग्रा) ने सेमीफाइनल में हारने के साथ कांस्य पदक हासिल किया। इस तरह 15 सदस्यीय भारतीय दल ने प्रतियोगिता में 10 पदक जीत कर अपने पिछले संस्करण के आठ पदकों (एक स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य) के रिकॉर्ड को भी बेहतर बनाया। गोविंद ने पुरुषों के 48 किग्रा मुकाबले में थाईलैंड के नथाफॉन थुआमचारोएन पर 5-0 से एकतरफा जीत के साथ देश को पहला स्वर्ण दिलाया। वहीं चोपडे और सुमित ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए सर्वसम्मत फैसलों से समान अंतर से जीत दर्ज की। चोपडे ने पुरुषों के 54 किग्रा फाइनल में रिथियामोन सेंगसावांग को हराया, जबकि सुमित ने पुरुषों के 75 किग्रा वर्ग में पीतापत येसुंगनोएन को पराजित किया। इस बीच 2020 टोक्यो ओलंपिक खेलों के बाद पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेलते हुए पंघाल और गत चैंपियन आशीष को हार का सामना करना पड़ा। 2019 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता पंघाल ने फिलीपींस के रोजेन लाडन के खिलाफ पुरुषों के 52 किग्रा के रोमांचक मुकाबले में पूरा दम लगा दिया, लेकिन वह 2-3 से हार गए।

नीदरलैंड ने लिया भारत से हार का बदला

महिला एफआईएच हॉकी प्रो लीग: शूटआउट में 3-1 से हराया

भुवनेश्वर। दुनिया की नंबर एक महिला हॉकी टीम नीदरलैंड ने भारत से शुक्रवार को मिली शिकस्त का बदला लेते हुए उसे शनिवार को यहां कलिंग स्टेडियम में महिला एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2021-22 मैच में शूटआउट में 3-1 से हरा दिया।

भारतीय टीम ने इससे पहले नीदरलैंड को कड़ी चुनौती दी और मैच को 1-1 से ड्रा कराया। मैच कितना रोमांचक और कड़ा रहा, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पूरे मैच में कुल दो गोल हुए, जो पहले और आखिरी क्वार्टर में हुए। भारत की तरफ से अनुभवी फॉरवर्ड राजविंदर कौर ने पहले ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिए गोल दाग कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद मैच काफी मुश्किल हो गया। दोनों ही ओर से आक्रामक रणनीति के साथ हॉकी खेली गई और साथ ही डिफेंस में भी मुस्तैदी दिखी। दोनों टीमें कई कोशिशों के बावजूद इसके बाद कोई गोल नहीं कर सकीं। देखते ही देखते तीन क्वार्टर और चौथे क्वार्टर का आधे से ज्यादा खेल खत्म हो गया, लेकिन स्कोर आगे नहीं बढ़ा। फिर 54वें मिनट में हालांकि नीदरलैंड को पेनल्टी कॉर्नर के रूप में वरदान मिला, जिसने मैच का सीधा नतीजा आने से रोक दिया। नीदरलैंड की कप्तान यिब्बी यानसन ने इस मौके को गोल में तब्दील कर स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया और फिर इसी स्कोर पर मैच समाप्त हुआ। परिणामस्वरूप मैच के नतीजे के लिए पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया, जिसमें भारतीय कप्तान एवं गोलकीपर सविता पुनिया ने बचाव की अच्छी कोशिश की, लेकिन टीम को मैच हारने से नहीं बचा पाईं। नीदरलैंड ने शूटआउट में चार प्रयासें में तीन में गोल किए, जबकि भारत चार में से महज एक को गोल में बदल पाया। नीदरलैंड इस जीत के साथ प्रो लीग अंक तालिका में 19 अंकों के साथ शीर्ष पर बरकरार है।

ला लिगा अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचा सेविला

ग्रेनाडा को 4-2 से शिकस्त दी

मैड्रिड। इंजरी टाइम में दो गोल की बदौलत सेविला ग्रेनाडा को 4-2 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग में दोबारा दूसरे स्थान पर पहुंच गया।

पांच दौर में पहली जीत से सेविला की टीम ने ला लिगा में बार्सीलोना और एटलेटिको मैड्रिड पर तीन अंक की बढ़त बना ली है। इन दोनों टीम को हालांकि सप्ताहांत अपने मुकाबले खेलने हैं। गेटाफे की मेजबानी करने वाले खिताब के प्रबल दावेदार रीयाल मैड्रिड ने नौ अंक की बढ़त बना रखी है। सेविला की ओर से डिएगो कार्लोस (36वें मिनट), लुकास ओकमपोस (66वें मिनट), राफा मीर (90 प्लस तीन मिनट) और पापू गोमेज (90 प्लस नौ मिनट) ने गोल दागे। ग्रेनाडा की ओर से डार्विन माचिस (23वें मिनट) और विक्टर डियाज मिगुएल (88वें मिनट) ने गोल किया।

द. अफ्रीका का विशाल स्कोर, बांग्लादेश लड़खड़ाया

पोर्ट एलिजाबेथ। लेफ्ट आर्म स्पिनर केशव महराज की 84 रन की सर्वश्रेष्ठ पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को 453 रन का विशाल स्कोर बना लिया जबकि बांग्लादेश ने स्टंप्स तक अपने पांच विकेट 139 रन तक गंवा दिए। बांग्लादेश अभी पहली पारी में 314 रन से पीछे है। डुएन ओलिवियर ने 17 रन पर दो विकेट और वियान मुल्डर ने 15 रन पर तीन विकेट झटके। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने पांच विकेट पर 278 रन से अपनी पारी को आगे बढ़ाया और पहली पारी में उसका स्कोर 453 रन पर समाप्त हुआ। केशव ने 95 गेंदों पर नौ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 84 रन बनाये। राशिद ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में आप अपने आप के गेंदबाज को और विस्तार देते हैं क्योंकि उसमें लंबे स्पेल करने का मौका होता है।

श्रीलंका के मुख्य कोच बने सिल्वरवुड

कोलंबो। श्रीलंका क्रिकेट ने शनिवार को क्रिस सिल्वरवुड को दो साल की अवधि के लिए अपनी राष्ट्रीय पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया। सिल्वरवुड बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला में श्रीलंका के मुख्य कोच का पदभार संभालेंगे, जो उनका टीम के साथ उनका पहला असाइनमेंट होगा। उल्लेखनीय है कि 47 वर्षीय सिल्वरवुड को अक्टूबर 2019 में इंग्लैंड का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था, जनवरी 2022 में एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया से 0-4 बड़ी हार के बाद पद से इस्तीफा दे दिया था। सिल्वरवुड ने कहा, मैं श्रीलंका के साथ जुड़ने के लिए बहुत उत्साहित हूं और मैं कोलंबो में आने और शुरुआत करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। श्रीलंका के पास खिलाड़ियों का एक प्रतिभाशाली और भावुक समूह है और मैं सच में बहुत जल्द ही खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ से मिलने के लिए उत्सुक हूं।

युजवेंद्र चहल को 15वें माले की बालकनी से लटकाने वाले मामले पर शास्त्री हुए सख्त, कहा- दोषी पर बैन लगाया जाए

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग में युजवेंद्र चहल के शुरूआती दिनों में इस लेग स्पिनर के शारीरिक उत्पीड़न के आरोपों पर भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने सुझाव दिया है कि दोषी खिलाड़ी को कभी क्रिकेट के मैदान के समीप आने की स्वीकृति नहीं दी जानी चाहिए। स्तब्ध करने वाले खुलासे में चहल ने कहा था कि 2013 में आईपीएल मुकाबले के बाद वह बाल बाल बच गए थे जब नशे में धुत्त एक खिलाड़ी ने बेंगलुरू होटल के 15वें माले की बालकनी से उन्हें लटका दिया था। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए शास्त्री ने कहा कि यह कोई हंसी-मजाक का मामला नहीं है। शास्त्री ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा, मुझे नहीं पता कि इससे जुड़ा व्यक्ति कौन है, वह उस समय होश में नहीं था। अगर ऐसा हुआ है तो यह बड़ी चिंता की बात है। किसी का जीवन खतरे में था, कुछ लोगों को यह मजाकिया लग सकता है लेकिन यह बिलकुल भी मजाकिया नहीं है। उन्होंने कहा, इससे पता चला है कि जिसने भी ऐसा करने का प्रयास किया वह उचित स्थिति में नहीं था। जब आप ऐसी स्थिति में होते हो और कुछ ऐसा करने का प्रयास करते हो तो गलती होने की संभावना और अधिक हो जाती है। यह बिलकुल भी स्वीकार्य नहीं है। देश के शीर्ष लेग स्पिनरों में शामिल 31 साल के चहल ने रविचंद्रन अश्विन के साथ बातचीत के दौरान यह खुलासा किया था। इस बातचीत का वीडियो उनकी नई आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स ने जारी किया। चहल शास्त्री के मार्गदर्शन में भारतीय टीम की ओर से खेले हैं। शास्त्री ने कहा, मैं पहली बार इस तरह की चीज सुन रहा हूं। यह बिलकुल भी मजाकिया नहीं है। अगर यह घटना आज होती है तो दोषी पर आजीवन प्रतिबंध लगना चाहिए और उस व्यक्ति को जितना जल्दी संभव हो पुनर्वास केंद्र में भेजा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, आजीवन प्रतिबंध, बेहतर है कि वह क्रिकेट के मैदान के समीप नहीं आए, तभी उसे पता चलेगा कि यह मजाकिया है या नहीं। चहल ने कहा था कि काफी लोगों को इस घटना की जानकारी नहीं थी क्योंकि उन्होंने इसे अपने तक रखा था। पूर्व भारतीय आलराउंडर शास्त्री ने कहा कि यह महत्वपूर्ण हे कि खिलाड़ी जल्द से जल्द इस तरह की घटनाओं की जानकारी दें और कोई त्रासदी होने का इंतजार नहीं करें। अश्विन के साथ बातचीत के दौरान चहल ने कहा था, मेरी कहानी कुछ लोगों को पता है। मैंने कभी इसके बारे में बात नहीं की, कभी इसे साझा नहीं किया। उन्होंने कहा, 2013 में मैं मुंबई इंडियन्स के साथ था। हमारा बेंगलुरू में मैच था। इसके बाद खिलाड़ी आपस में मिले। एक खिलाड़ी नशे में था, मैं उसका नाम नहीं लूंगा।

कोरिया ओपन के सेमीफाइनल में हारे सिंधु व श्रीकांत

टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त

सनचियोन। भारत की शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और किदांबी श्रीकांत के शनिवार को यहां अपने-अपने सेमीफाइनल मैच में हार के साथ कोरिया ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु को महिला एकल में स्थानीय खिलाड़ी एन सियॉन्ग से 48 मिनट तक चले मैच में सीधे गेमों में 14-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं पुरुष एकल के सेमीफाइनल में श्रीकांत एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से 50 मिनट तक चले मुकाबले में 19-21, 16-21 से हार गए। सिंधु पर कोरियाई खिलाड़ी की यह चौथी सीधी जीत है। उन्होंने इस जीत के साथ सिंधु के खिलाफ अपने रिकॉर्ड को 4-0 किया। दोनों खिलाड़ी पिछली बार बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स 2021 में एक-दूसरे से भिड़ीं थीं, जहां सियॉन्ग ने सिंधु को पराजित किया था। शुरुआती गेम में कोरियाई खिलाड़ी बहुत आत्मविश्वासी दिखीं, क्योंकि उन्होंने गेम की शुरुआत में ही आसानी से पहला अंक हासिल किया और 3-0 की बढ़त ले ली। इसके बाद उन्होंने 32 शॉट की रैली में दो फुल स्ट्रेच सेव के साथ 7-1 से बढ़त बनाई। सिंधु ने हालांकि सीधे तीन अंक हासिल किए, लेकिन सियॉन्ग ने सिंधु को लय हासिल नहीं करने दी और पांच अंकों की बढ़त के साथ 11-6 के साथ ब्रेक ले ली।सियॉन्ग ने सिंधु के खिलाफ कई तरह के शॉट्स का इस्तेमाल किया। फिर हालांकि सिंधु के दो लंबे शॉट्स ने बढ़त को सात अंक तक पहुंचा दिया। लंबी रैलियों के बाद सिंधु को दो अंक मिले, लेकिन सियॉन्ग ने 16-10 की बढ़त बना ली। सिंधु ने जब भी मोमेंटम को अपनी ओर शिफ्ट करने की कोशिश की, सियॉन्ग ने उस पर ब्रेक लगा दिया।इस बीच सिंधु के कई लंबे शॉट्स ने सियॉन्ग को फ्री पॉइंट दिए और वह गेम पॉइंट पर पहुंच गई। पहले गेम में सियॉन्ग से 14-21 से हारने से पहले सिंधु ने दो गेम अंक बचाए। दूसरे गेम में सिंधु ने अलग शुरुआत की। उन्होंने तेजी से तीन अंक लिए, लेकिन वाइड शॉट्स की एक श्रृंखला ने सियॉन्ग को स्कोर बराबर करने में मदद की। देखते ही देखते सियॉन्ग ने बढ़त बना ली, लेकिन सिंधु ने चतुर खेल से 5-5 से बराबरी कर ली। फिर करीबी मुकाबला जारी रहा, लेकिन बाद में सियॉन्ग ने 11-9 से बढ़त ले ली। इंटरवल के बाद सियॉन्ग ने 13-9 की बढ़त बनाई, जिसे सिंधु ने बादमें 14-16 कर दिया, हालांकि कोरियाई खिलाड़ी तेज खेलती रहीं, लेकिन सिंधु ने चार अंकों का फायदा उठाया और कई शॉट्स के साथ जवाबी कार्रवाई की। पर अंततः सियॉन्ग ने दूसरा गेम 21-17 से जीत की खिताब अपने नाम किया।

एक बार फिर सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ सके श्रीकांत

वहीं श्रीकांत एक बार फिर सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ सके। पिछले महीने भी श्रीकांत को क्रिस्टी के खिलाफ स्विस ओपन के सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। श्रीकांत ने पहले गेम में अच्छी शुरुआत करते हुए 9-7 की बढ़त बनाई और वह एक समय 11-8 से आगे थे। क्रिस्टी ने हालांकि वापसी करते हुए 13-13 से स्कोर बराबर किया। इसके बाद स्कोर 17-17 हुआ। क्रिस्टी ने स्मैश और शानदार रिटर्न के साथ दो गेम पॉइंट हासिल किए और अंत में 21-19 से पहला गेम जीत लिया। वहीं दूसरे गेम में क्रिस्टी ने बेहतर शुरुआत करते हुए 3-0 से बढ़त बनाई, जो अंत तक बरकरार रही। परिणामस्वरूप उन्होंने 21-16 से गेम जीत लिया।

मुख्तार अंसारी पर फिर चला बाबा का बुलडोजर, सम्पत्ति कुर्क

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। प्रदेश में भाजपा सरकार अपनी दूसरी इनिंग में आने के साथ ही बुलडोजर की

स्पीड को बढ़ा दी है और लगातार अवैध कब्जे, माफियागिरी, अवैध निर्माण पर कहर बरसा रही है। जनपद में भी बाबा का बुलडोजर लगातार कहर बरसा रहा है। इसी क्रम में आज रविवार के दिन मुख्तार अंसारी की माता रबिया खातून के नाम दर्ज महुआ बाग स्थित भूमि (प्लॉट) की कुर्की कर दी गई। कुर्की के दौरान सदर सीओ ओजस्वी चावला ने बताया कि जिलाधिकारी एम.पी. सिंह द्वारा पुलिस की आख्या पर विचारोपरांत गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के अंतर्गत आईएस 191 गैंग के लीडर मुख्तार अंसारी की बेनामी सम्पत्ति (प्लाट), जो इनकी माता राबिया खातून के नाम पर दर्ज है जो शहर के महुआबाग स्थित शुभ्रा काम्पलेक्स के सामने स्थित है। उक्त भूमि को आज कुर्क करने की कार्रवाई की गई। इस प्लाट का क्षेत्र लगभग 11 सौ 11 वर्ग मीटर है। इसका बाजारू मूल्य लगभग 3 करोड़ 50 लाख है। उक्त कुर्की को मिलाकर अब तक गाजीपुर पुलिस एवं प्रशासन द्वारा मुख्तार अंसारी कि लगभग 60 करोड़ की संपत्ति की कुर्की की जा चुकी है तथा मुख्तार अंसारी गैंग से सबंधित लगभग 100 करोड़ की अवैध संपत्ति का ध्वस्तीकरण किया जा चुका है। प्रशासन द्वारा आएदिन माफिया डाल मुख्तार अंसारी सहित उनके नाते-रिश्तेदारों के साथ ही करीबियों पर प्रशासन का शिकंजा कसने से हड़कंप मचा हुआ है। आज की इस कार्रवाई के दौरान सदर एसडीएम अनिरुद्ध सिंह, तहसीलदार अभिषेक राय, कोवाल विमलेश मौर्य सहित भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रही।

रामनवमी पर विहिप ने निकाली बाइक रैली

प्रखर अहरौरा (मिजार्पुर)। विश्व हिन्दू परिषद अहरौरा नगर की ओर से श्रीरामनवमी के अवसर पर विहिप के मिजार्पुर जिला सहमंत्री मिथिलेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में दिन रविवार को बाइक रैली का आयोजन किया गया। बाइक रैली सत्यानगंज (राधा कृष्ण मन्दिर) से नई बाजार, चुंगी, संकट मोचन से बूढ़ादेई से चुनार चौराहा से होते हुए नगर चौकी, साईबाबा, सम्मेत्तर त्रिमुहानी, खरंजा, तकिया, चौक बाजार से होते हुए पुनः राधा कृष्ण मन्दिर स्थल में समापन किया गया। नगर भ्रमण में सैकड़ो बाइक सवारों ने जय श्रीराम, भारत माता, वन्देमातरम के जयकारों से गूंज उठा पूरा नगर। जिला सहमंत्री मिथिलेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि रैली का मुख्य आयोजन लोगों द्वारा राम नवमी के पावन त्यौहार हिन्दू धर्म में राम नवमी का त्योहार एक पवित्र त्योहार का अलग की महत्व है, और सोमवार को राधा कृष्ण मंदिर से भव्य निकलेगा शोभायात्रा। इस शुभ अवसर पर नगर अध्यक्ष रणबीर त्रिपाठी, नगर संरक्षक शैलेंद्र श्रीवास्तव, नगर कार्यवाह अखिलेश कुमार, हिमांशु, आशीष, ओमप्रकाश

केशरी, राघवेंद्र सिंह, आनंद अग्रहरि, सानू त्रिपाठी, कृष्णा तिवारी, उमेश केशरी, प्रशांत अग्रहरि, विकास चन्द्र अग्रहरि, विकास अग्रहरि, रमेश बहेलिया, रजत अग्रहरी, रोशन अग्रहरि, त्रिलोकी केशरी, मनोज सोनकर, जितेन्द्र अग्रहरि, संतोष अग्रहरी के साथ सैकड़ो रामभक्त रहे। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था में नगर चौकी प्रभारी कुँवर मनोज सिंह मयू फोर्स कर साथ मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में आये 10 मरीजों का किया गया इलाज

प्रखर चंदवक जौनपुर। स्थानीय विकास खण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जयगोपालगंज तरियारी में रविवार को डाक्टर विंध्यवासिनी भारती के देखरेख में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला लगाकर लोगो का किया गया इलाज। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जायगोपालगंज तरियारी पर लगे मेले में आए 10 मरीजों का इलाज किया गया। इलाज के दौरान सभी लोगों को बेहतर ईलाज कर सुझाव व जानकारी दिया गया की हर रविवार को स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जायेगा।इस अवसर पर चिकित्सा प्रभारी डॉ विंध्यवासिनी भारती, निर्देश यादव वॉर्डबॉय, श्रुति कीर्ति श्रीवास्तव, डॉ राजेंद्र राव, कृष्ण कुमार चौहान फार्मासिस्ट, सूर्य प्रकाश चौहान एल०टी०, सौरभ तिवारी-ई०ई० रुक्मणि पाण्डे- स्टॉप नर्स समेत अन्य स्टाप मौजूद रहे।

दिल्ली बीजेपी नेता नवीन कुमार जिंदल के घर भी पहुंची पंजाब पुलिस

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता नवीन कुमार जिंदल के घर शनिवार को पंजाब पुलिस पहुंची। नवीन कुमार ने एक वीडियो पोस्ट किया था। जिसे फर्जी बताते हुए पंजाब में उनके खिलाफ शिकायत दी गई थी। पंजाब पुलिस ने इस शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया और 9 अप्रैल को नवीन कुमार के घर पहुंच गई। पंजाब पुलिस के नवीन कुमार जिंदल के घर पहुंचने पर नवीन कुमार ने ट्विटर के जरिए इसकी जानकारी दी और कहा कि वह डरेंगे नहीं और जनता को सच बताएंगे। इससे पहले पंजाब में भाजपा नेता तजिंदर पाल सिंह बग्गा के खिलाफ भी एक केस दर्ज किया गया था।

स्वामी हरिनारायणनंद जी के निधन से मिजार्पुर के अनुयायियों में शोक की लहर

प्रखर मिजार्पुर। भारत सेवक समाज के राष्ट्रीय चेयरमैन, अखिल भारतीय साधु समाज के महामन्त्री स्वामी हरिनारायणानन्द जी का महाप्रयाण राष्ट्र, समाज और सनातन धर्म के लिए अपूरणीय क्षति है। स्वामी जी बहुत दिनो से अस्वस्थ थे, शनिवार रात उन्होने अपनी सान्सारिक यात्रा वडी मठ पटना बिहार मे समाप्त कर परमलोक को प्रस्थान किया। उनके निधन से शोकाकुल अनुयायियो ने मिशन कम्पाउंट स्थित राष्ट्रीय कैम्प कार्यालय पर शोकसभा मे श्रध्दान्जली अर्पित कर रहे थे। राष्ट्रीय महासचिव इन्द्रदेव तिवारी ने कहा कि स्वामी जी का आशीर्वाद मीरजापुर को प्रायः मिलता रहता था, उनका विशेष लगाव था। समाज सेवा और सनातन धर्म के उत्थान मे उनके विचार अनुकरणीय है। स्वामी हरिनारायणानन्द जी के निकटस्थ राष्ट्रीय सचिव नरेन्द्र गुप्त नेउनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर विचार प्रकट करते हुए कहा कि भारत



सेवक समाज के संस्थापक अध्यक्ष पद जवाहरलाल नेहरू जी के निधन के बाद श्री गुलजारी लाल नन्दा जी अध्यक्ष और स्वामीजी को चेयरमैन निर्वाचित किया गया।अपने जीवन काल मे स्वामी जी ने भारतवर्ष मे सरकारी जन कल्याणकारी कार्यक्रमो के क्रियान्वयन मे महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया। उन्ही के प्रयास से मीरजापुर, सोनभद्र सहित तमाम जिलो मे जमीन दान मे प्राप्त हुई। शोकसभा मे प्रान्तीय कार्यकारी अध्यक्ष आशुतोष दूबे, मण्डलीय अध्यक्ष चक्रपाणी तिवारी, जिलाध्यक्ष अवथेश पाण्डेय, अरुण दूबे, नगर अध्यक्ष रामैश्वर गुप्ता, हृदय प्रकाश, रवि तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष ओपी सिहं सहित अन्य लोगो ने पुष्पांजलि देकर श्रध्दान्जली अर्पित किया। इसी प्रकार राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अनीस अन्सारी, प्रदेशाध्यक्ष सत्यजीत ठाकुर, दिल्ली प्रदेशाध्यक्ष विपिन गुप्ता, प्रान्तीय महासचिव शरद प्रकाश अग्रवाल आदि ने भी श्रध्दान्जली अर्पित किया।

रानीपुर रजमो के लाल ने किया कमाल कला और संस्कृति के क्षेत्र में उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू के हाथों मिला सर्वोच्च सम्मान से हुए सम्मानित

प्रखर गंभीरपुर /आजमगढ़। आजमगढ़ रानीपुर रजमो के लाल ने किया कमाल कला और संस्कृति के क्षेत्र में उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू के हाथों मिला सर्वोच्च सम्मान से हुए सम्मानित परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर मिली जानकारी के अनुसार देवेश उपाध्याय पुत्र सुरेंद्रनाथ उपाध्याय निवासी रानीपुर रजमो के पहिलेपुर के रहने वाले जिनको कला और संस्कृत के क्षेत्र में देश का सर्वोच्च सम्मान से उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने किया सम्मानित देवेश उपाध्याय मूल रूप से मोहम्मद पुर विकासखंड के रानीपुर रजमो पहिलेपुर के निवासी है देवेश उपाध्याय चार भाइयों में दूसरे नंबर पर और इनसे छोटे भाई आशीष उपाध्याय इंजीनियर गुरुग्राम में और सबसे छोटे भाई अभिषेक उपाध्याय एडवोकेट आजमगढ़ दीवानी है पिता किसानी का कार्य करते हैं देवेश उपाध्याय की प्राथमिक शिक्षा प्राथमिक विद्यालय

रानीपुर रजमो हाई स्कूल इंटर की शिक्षा अमजद अली इंटर कॉलेज मोहम्मदपुर से हुई और स्नातक और स्नातकोत्तर की शिक्षा काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी से संपन्न हुई इसी बीच यूजीसी नेट भी उत्पन्न किया और 2011 में इनका चयन सहायक अध्यापक रखता था और नौकरी से त्यागपत्र दे दिया और अपना सारा ध्यान कला के क्षेत्र में लगाया जिसके उपरांत उन्हें कई नेशनल और अन्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया जिसमें बिरला अकैडमी अवॉर्ड प्रफुल्ल धानुका अवार्ड गोल्ड सिल्वर मेडल सीवीएम राष्ट्रीय पुरस्कार एक्जिबिशन प्रमुख अवार्ड भी मिले लगन और मेहनत का परिणाम आज उन्हें देश के उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू द्वारा कला के क्षेत्र में देश का सर्वोच्च सम्मान मिलने का गौरव प्राप्त हुआ जिससे क्षेत्र के तमाम लोगों में खुशी दोस्तों मित्रों में मिठाई बांटी गई के संदर्भ में जब देश उपाध्याय के पिता सुरेंद्रनाथ उपाध्याय से बात किया क्या तूने बताया कि इससे बड़ी खुशी की बात क्या है बेटे को देश के उपराष्ट्रपति द्वारा यह सम्मान यह गौरव प्रदान किया गया।

न्यायालय ने वर्गिश अब्राहम पर समन की कार्रवाई के लिए किया तलब

प्रखर वाराणसी। कैंट थाना क्षेत्र के बंगला नंबर-12 निवासी विकास झा और बंगला नंबर-12 के ही निवासी वर्गिश अब्राहम के विरूद्ध चल रहे मुकदमे में वाराणसी न्यायालय ने वर्गिश अब्राहम पर समन की कार्रवाई के लिए 25 मई 2022 को न्यायालय में तलब किया है। विकास झा ने व?र्गिश के खिलाफ कैंट थाने में 12 जनवरी 2020 को धारा 323, 504,506 के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें विवेचक ने वर्गिश अब्राहम के खिलाफ प्रर्याप्त सबूत मिलने पर उसे न्यायालय में पेश किया। यह दाखिल होने के बाद वर्गिश अब्राहम ने उच्च न्यायालय, इलाहाबाद से 07 जनवरी को स्थगन आदेश ले किया। अब इसकी अवधि भी समाप्त हो चुकी है। ऐसे में चार अप्रैल 2022 को वाराणसी न्यायालय के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सरकार बनाम वर्गिश अब्राहम मामले में वर्गिश अब्राहम के विरूद्ध समन की कार्रवाई करने के लिए उसे 05 मई 2022 को तलब होने का आदेश जारी किया है।

हस्ताक्षर की मासिक काव्य गोष्ठी संपन्न

प्रखर डेस्क । रावल पाढ़ा दहिसर प्रसिद्ध साहित्यिक - सामाजिक संस्था हस्ताक्षर की मासिक काव्यगोष्ठी संस्था कार्यालय दहिसर (पूर्व) में संपन्न हुई । मुम्बई के मशहूर कवि स्वर्गीय निराला द्वारा स्थापित संस्था । बाकी के काव्यपाठ करने वाले कवियों में काव्यगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे , कवि- विन्ध्या शुक्ल , वरिष्ठ कवि - राम सिंह, संस्था अध्यक्ष - जवाहर लाल निर्झर, सूर्यकांत शुक्ल, कवि पत्रकार रवि यादव , ऊषा सक्सेना तथा सत्य

हस्ताक्षर की मासिक काव्यगोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि - विन्ध्या शुक्ल ने की तथा संचालन कवियत्री ऊषा सक्सेना द्वारा किया गया । प्रमुख अतिथि के तौर पर दैनिक पहला समाचार के संपादकीय प्रमुख राकेशमणि तिवारी उपस्थित रहे । श्री तिवारी ने स्वर्गीय निराला को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये अपनी काव्य रचना प्रस्तुत की स्वरूप निराला का नाम उल्लेखनीय रहा । स्वर्गीय निराला के सुपुत्र शील कुमार निराला सभी उपस्थित महानुभावों के प्रति आभार प्रकट किया । आप को अवगत करा दें कि - प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को हस्ताक्षर संस्था द्वारा गत तीन दशक से काव्यगोष्ठी आयोजित कर नवोदित कवियों को उभरने का मौका दिया जाता रहा है ।

संतकबीरनगर में बढ़ते साइबर अपराध को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक ने शुरू किया अभियान : कहा- पुलिस के साथ-साथ समाज को भी जागरूक होना जरूरी

प्रखर संतकबीरनगर । साइबर अपराध को रोकने के लिए संत कबीर नगर में पुलिस ने अभियान शुरू कर दिया है। आपको बता दें कि पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने रविवार को पुलिस लाइन के सभागार में सभी पुलिस कर्मियों के साथ बैठक किया। उन्होंने साइबर अपराध से निपटने के लिए साइबर सेल एवं थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क की समीक्षा किया। साइबर अपराधों में तेजी से वृद्धि से पुलिस के लिए चुनौती बन गई है। साइबर अपराध की दुनिया में अपराधी पुलिस से आगे निकल रहें है, अपराध के बाद अपने बचाव में अपराधी द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले तरह-तरह के साइबर प्लेटफार्म पर हर बार नए हो जाने से पुलिस को निराशा हाथ लगता है। इन सभी छोटी-छोटी गतिविधियों और साइबर क्राइम को रोकने के लिए एसपी डॉक्टर कौस्तुभ ने पुलिस कर्मियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक किया है जिसमें साइबर अपराधों को रोकने के लिए

पुलिस कर्मियों को महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए हैं। उन्होंने आम जनता से भी अपील करते हुए कहा कि पुलिस के साथ-साथ साइबर जैसे मामले में आम जनता को भी जागरूक होना बहुत जरूरी है, जिसकी मदद से साइबर घटना को बढ़ने से रोका जा सकता है। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि साइबर अपराध से जुड़े मामले में पीड़ित व्यक्ति की समुचित सुनवाई होनी चाहिए, जिससे आम जनता के बीच पुलिस की छवि अच्छी बनी रहे। एसपी डॉक्टर कौस्तुभ ने साइबर सेल व साइबर हेल्प डेस्क को साइबर जागरुकता कार्यक्रम चलाने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने ने कहा कि आम जनता को साइबर से सम्बन्धित होने वाले क्राइम पर विस्तृत कार्ययोजना तैयार करते हुए इन्टरनेट बैकिंग, ओलेक्स फ्राड, वालेट/ यूपीआई संबंधित धोखाधड़ी में सावधानियां बरते, फेसबुक हैकिंग, बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्राड, व्हाट्सएप हैकिंग से बचाव, फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्राड, इंस्ट्राग्राम, व्हास्टएप आदि सोशल साइट्स से हनी ट्रैप के संबंध साइबर अपराध एवं सिम कार्ड के माध्यम से होने वाले फ्रॉड, अळट कार्ड बदलकर होने वाले फ्रॉड, डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड, लाटरी का लालच देकर होने वाले फ्रॉड व आनलाइन एप्प के तथा सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले साइबर अपराधों के बारे में सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन सभी बिंदुओं पर लोगों को सावधानियां बरतने एवं जागरूक रहने के लिए गांव स्तर तक जागरूकता कार्यक्रम किया जाए।

सभासद एवं सांसद प्रतिनिधि ने किया शूज कलेक्शन का उद्घाटन

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। नगर के नई बाजार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने नवरात्रि के आखिरी दिन श्री राम चंद्र जी के जन्म उत्सव के शुभ दिन पर राधे महादेव शूज कलेक्शन का नगर के युवा सभासद सांसद प्रतिनिधि अपना दल एस के नेता सिद्धार्थ सिंह उर्फ मिक्की सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया, शूज कलेक्शन के मालिक राकेश श्रीवास्तव ने आए हुए अतिथियों का स्वागत कर बताया कि नगर में हमारे प्रतिष्ठान पर उच्च एवं सस्ते दर पर फैशन के हिसाब से अच्छे क्वालिटी के जूते चप्पल युवाओं समेत सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए उपलब्ध रहेगा

इस अवसर पर उपस्थित रहने वालों में हिमांशु केसरी,सत्यम विश्वकर्मा, शिवम विश्वकर्मा, सोनू जायसवाल, वसीम अंसारी, संजय विश्वकर्मा ,सोनू केसरी समेत भारी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

चिढ़ाती धूप पर भारी पड़ा चैत्र नवरात्र की आस्था

प्रखर वाराणसी। कछवारोड के ग्रामीण क्षेत्रों में चैत्र नवरात्र के नवमी के दिन रोज के अपेक्षा धूप व उमस अधिक रहा फिर भी श्रद्धालुओं में आस्था का सैलाब अत्यधिक मात्रा में रहा शक्तिपीठ मां शारदा मंदिर में भोर से श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही प्रधान पुजारी ?रामसागर बाबा ने बताया कि आज नवरात्री का अंतिम दिन नवमी का है जिसमें भोर से ही भक्तों की भीड़ लगी है रात्रि 8बजे हवन पूजन किया जाएगा जहां व्यवस्थापक अनिल बाबा रामतीरथ मोदनवाल रमेश जायसवाल जयमल पटेल जुगल किशोर विनय मिश्रा मौजूद रहे कोटेश्वरी देवी चौरा माता डीहबाबा शंकर जी के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

146 छात्रो को मिला स्मार्टफोन, आधुनिक शिक्षा का महत्वपूर्ण साधन है -विधायक अजगरा

प्रखर दानगंज वाराणसी। चोलापुर क्षेत्र के लखनपुर स्थित बाबा विश्वनाथ महाविद्यालय के 146 छात्रो को स्मार्टफोन अजगरा विधायक त्रिभुवन राम ने किया ।वितरण समारोह का संचालन सुभाष श्रीवास्तव और धन्यवाद सीमा सिह ने दिया।अध्यक्षता मनीष पाडेय ने किया।अजगरा विधानसभा के विधायक त्रिभुवन राम ने तुलसी वेदी पूजन, माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।मुख्य अतिथि श्री त्रिभुवन राम जी ने 146 छात्रो को स्मार्टफोन प्रदान करते हुए कहा कि शिक्षा और रोजगार का साधन है स्मार्टफोन। प्रदेश की सरकार ने युवाओ के रोजगार और आधुनिक शिक्षा को बढावा देने के उपदेश से स्मार्टफोन का वितरण करा रही है।छात्र देश की भविष्य है वह ऐसा कोई क्षेत्र नहीं बचा है जिसमे इनकी आवश्यकता नही है । इस अवसर पर सीमा सिह, गगेश प्रताप सिह ,राणा प्रताप चौहान, गौरव सिह, मनीष पाण्डेय, अतुल सिह,रामेश्वर गिरि शैली केसरवानी आदि सैकडो उपस्थित रहे।

सपा प्रत्याशी उमेश यादव का दावा, भारी मतों से होगी जीत, बीजेपी प्रत्याशी की जमानत जब्त होना तय

प्रखर दानगंज वाराणसी। MLC चुनाव 2022 के लिए समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी उमेश यादव ने दावा किया है कि इस बार के चुनाव में वे भारी मतों से जीतकर भाजपा प्रत्याशी की जमानत जब्त कराने जा रहे हैं। उन्होंने कहा मेरी लड़ाई भाजपा से है। तीनों जिलों में मुझे पूरा सहयोग मिल रहा है। मैदागिन स्थित पराड़कर भवन में मीडिया से बात करते हुए उमेश यादव ने कहा कि अगर वे एमलएसी चुनाव जीतते हैं तो सदन में क्षेत्र पंचायत सदस्य के मानदेय की बात रखूंगा। इसके साथ ही जिला पंचायत सदस्यों के भी मानदेय की बात को रखूंगा। इसके अलावा पार्षदों और प्रधानगण के मानदेय में भी वृद्धि की बात करुंगा। उमेश यादव ने कहा है कि उनका संघर्ष धनबल और बाहुबल के खिलाफ है। सत्ता के बल पर उन्हें चुनाव मैदान से हटाने की तमाम साजिश की गई पर वाराणसी चंदौली व भदोही के सम्मानित ग्राम प्रधान, बीडीसी, पार्षद, जिला पंचायत सदस्य, विधायक व तमाम जनप्रतिनिधियों के सहयोग व समर्थन के बल पर वो मैदान में मजबूती डटे हैं।उमेश यादव ने खुद को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बूथ का सिपाही बताते हुए कहा कि इस चुनाव में समाजवादी विचारधारा की जीत होगी। तीनो जिले में स्थानीय निकाय के जनप्रतिनिधियों से सम्पर्क के दौरान उन्हें व्यापक समर्थन मिल रहा है।

भक्तों के दुख का निवारण करती हैं मां पाटेश्वरी

नवरात्रि के नवमी के दिन भक्तों ने रामचंद्र का मनाया जन्मोत्सव

प्रखर संत कबीर नगर। खलीलाबाद शहर के मडया स्थित रामनगर कॉलोनी में बने मां पाटेश्वरी के मंदिर में भक्तों ने आस्था की डुबकी लगाते हुए मां पाटेश्वरी का किया पूजन अर्चन। आपको बता दें की जहां एक तरफ नवमी के दिन जगत जननी जगदंबा का पूजा अर्चन किया गया तो वहीं भगवान राम के जन्म उत्सव का कार्यक्रम किया गया। मंदिर के व्यवस्थापक शंकर प्रसाद मिश्रा ने कहा कि अनंत काल से मां दुर्गा भक्तों के संकटों का निवारण करती आ रही हैं। मान्यता है कि मां पाटेश्वरी के दर्शन मात्र से भक्तों की सभी मनोकामना पूर्ण होती हैं। और मां की महिमा को देखते हुए मंदिर में लोग पूरी आस्था के साथ पूजा-अर्चना करते हैं। इस दौरान रामनवमी पर रविवार को भक्तों ने भजन-कीर्तन कर भगवान श्रीरामचंद्र का जन्मोत्सव मनाया। मंदिर के व्यवस्थापक शंकर प्रसाद मिश्रा ने बताया कि धरती पर पाप का बोझ बढ़ने पर परमात्मा खुद ही विभिन्न रूपों में अवतार लेते हैं। इसी कड़ी में राम का जन्म हुआ। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना कर हवन आरती की ।इस दौरान मौजूद रहे मंदिर समिति के व्यवस्थापक शंकर प्रसाद मिश्रा, मंदिर समिति के अध्यक्ष दुर्गावती पांडे, विष्णु कुमार मिश्रा भाजपा नगर महामंत्री, परमेश्वर प्रसाद मिश्रा, पंकज मिश्रा अखिल भारतीय परशुराम वाहिनी, संदीप मिश्रा, श्रीकांत पांडे, हर्ष मिश्रा, नीरज पांडे, विवेकानंद पांडे, सहित आदि लोग मौजूद रहे।

अवयस्क बालिका के साथ दुष्कर्म व हत्या का प्रयास की घटना

प्रखर विन्ध्यांचल मीरजापुर। ज्ञातव्य हो कि दिनांक 09.04.2022 को समय करीब 16.00 बजे थाना विन्ध्याचल क्षेत्रांतर्गत ग्राम शिवपुर में घायल अवस्था में अवयस्क बालिका मिली जिसके शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बीएचयू वाराणसी इलाज हेतु भेजा गया है जहाँ इलाज जारी है। घटना के सम्बन्ध में वादिनी की तहरीर के आधार पर थाना विन्ध्यांचल पर मु०अ०सं०- 62/2022 धारा 307 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम मे व चिकित्सीय साक्ष्यों के आधार पर लैंगिक अपराध पाया गया जिसके आधार पर धारा 363/376(अ)(इ) भादवि व 5/6 पाक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गयी। घटना के

अनावरण हेतु पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक मीरजापुर के द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी नगर प्रभात राय की नेतृत्व में थाना प्रभारी विन्ध्यांचल एवं स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम गठित की गई। गठित उक्त टीम द्वारा सुरागरसी पतारसी व साक्ष्य संकलन की कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 10.04.2022 को प्राप्त पुष्ट सूचना के आधार पर अभियुक्त रामबाबू मुसहर पुत्र स्व० राजमनी मुसहर निवासी सेबेदार दद्दा की पहाड़ी घमहापुर मुसहर बस्ती थाना विन्ध्याचल मीरजापुर उम्र करीब 28 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। विवरण पुछताछ- गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त ने होने के नाते साथ लेकर घटना स्थल पर आया और उसके साथ लैंगिक अपराध किया परन्तु बहुत कम उम्र की होने के कारण घायल हो गयी बात खुल न जाये इसलिए मैंने उसको जान से मारने का प्रयास किया और मरा जान कर छोड़ कर चला गया।

तीन सौ साल पुरानी घुड़दौड़ चेतक प्रतियोगिता का हुआ भव्य आयोजन

प्रखर ब्यूरो सेवराई/गाजीपुर। वासंतिक नवरात्र के नवमी तिथि के दिन पूर्वांचल के प्रसिद्ध शक्तिपीठ के रूप में विख्यात मां कामाख्या धाम पर परंपरागत रूप से होने वाले घुड़दौड़ प्रतियोगिता का इस साल भी आयोजन बहुत ही धूमधाम से किया गया। इस प्रतियोगिता में यूपी बिहार के कई जनपदों से आए घुड़सवारो ने अपने घोड़ों के साथ प्रतिभाग किया। परंपरागत रूप से चली आ रही इस प्रतियोगिता को देखने के लिए करीब पचास हजार लोगों की भीड़ मौजूद रही। इस शानदार चेतक प्रतियोगिता में मधु सिंह चौसा बिहार के घोड़े ने अपना अभूतपूर्व प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया।

मालूम हो कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवमी के दिन मां कामख्या धाम मेन गेट के सामने चेतक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक जमानिया विधायक ओमप्रकाश सिंह ने प्रथम चक्र के घुड़सवारों को हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का आगाज किया। इस चेतक प्रायियोगिता में उत्तर प्रदेश एवं बिहार के कुल 24 घुड़सवारों ने अपने घोड़ो के साथ हिस्सा लिया। कुल चार चक्र की प्रतियोगिता चली, जिसमें प्रथम आए घुड़सवारों को अंतिम चौथे चक्र के फाइनल राउंड में पूरे प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय और तृतीय घुड़सवारों सहित बेस्ट घुड़सवार का भी चयन किया गया। निर्यायक मंडल द्वारा मधु सिंह चौसा बिहार को प्रथम, मकसूद खान महेशपुर को द्वितीय एवं राजेन्द्र सिंह रामगढ़ को तृतीय स्थान घोषित किया गया। राजन सिद्दीकी जमनिया को बेस्ट घुड़सवार के खिताब से नवाजा गया। विजेताओं को मुख्य अतिथि जमानिया विधायक ओमप्रकाश सिंह ने संयुक्त रुप से ट्राफी के साथ प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित। इस मौके पर पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि घुड़दौड़ तीन सौ साल पुरानी परंपरा है। इस तरह के प्रतियोगिताओं से अपनेपन का एहसास होता है। साथ ही अपनी संस्कृति और सभ्यता को करीब से जानने का मौका मिलता है। इस तरह के आयोजन से हमारे क्षेत्र का नाम रौशन होगा। निर्यायक मंडल में सुधीर सिंह, सचितानंद, धन जी सिंह पूर्व प्रधान शामिल रहे। इस अवसर पर औरंगजेब खान (ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि), संतोष कुशवाहा (ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि) हे राम सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, राकेश उपाध्याय, श्रवण गुप्ता, दुर्गा चौरसिया, शैलेश सिंह, कक्कू सिंह, मोहित गुप्ता, अजय सिंह, जैनुल बशरव मनीष सिंह सहित सैकड़ों लोग लोग मौजूद रहे।

प्रियदर्शी सम्राट अशोक महान का जयंती समारोह व भव्य कवि सम्मेलन संपन्न हुआ

प्रखर जमुई,मिजार्पुर। चुनार -थाना अंतर्गत सरैया सिकंदरपुर, चुनार विमल उत्सव वाटिका में बौद्ध महासभा सुष्मार गिरी के तत्वाधान में प्रियदर्शी सम्राट अशोक महान का जयंती व कवि सम्मेलन किया गया ,जिसके मुख्य अतिथि राष्ट्रीय समानता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय मोतीलाल शास्त्री जी रहे, विशिष्ट अतिथि में माननीय सतनारायण जैसल पूर्व विधायक बसपा राबर्टसगंज, माननीय राम राज पटेल पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मिजार्पुर, माननीय सुशीला वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष महिला विंग आम आदमी पार्टी, इंजीनियर केसी मौर्य जिला अध्यक्ष जन अधिकार पार्टी मिजार्पुर रहे तथा विख्यात कवियों में जयप्रकाश जय चुनार, श्रीनाथ सोलंकी वाराणसी,श्री छोटेलाल सिंह मनजीत जी वाराणसी,अखलाक खान भारती जी गाजीपुर,श्री रामबली गुप्ता देवरिया,श्री मनीष यथार्थ जी म्योरपुर,श्री सुनील भारतीय चउचक जी शाहगंज, श्री नयन कुमार वर्मा नयन जी चुनार, सुजींद्र सिंह उर्फ सुरेंद्र सुमेधापूरी अहरौरा, श्री हरिवंश सिंह बवाल जी चकिया, श्री राजेश विश्वकर्मा राजू जी चकिया, बंधु लाल बंधु जी चकिया, श्री राजेंद्र प्रसाद भ्रमर जी चंदौली, श्री संतोष कुमार धूर्त जी चंदौली, श्री अनवर अली अनवर जी चुनार, राजेश मिश्र ज्योति जी चुनार, श्री बी प्रसाद साहेब जी चुनार, श्री राधेश्याम पाल श्याम जी मधुपुर, श्री गोपाल कुशवाहा मधुपुर, इत्यादि कवियों ने अपनी- अपनी लेखनी कलमबद्ध करके विभिन्न विषयों पर कविताओं के माध्यम से उपस्थित श्रोताओं को मनमुग्ध कर खुब तालियां बटोरी, कार्यक्रम आयोजक अजय कुमार मौर्य विमल जी ने समस्त अतिथियों, कवियों एवं श्रोताओं का आभार प्रकट करते हुए स्वागत व अभिनंदन किया ,साथ ही साथ डॉक्टर रंगबहादुर सिंह ,और धर्मेंद्र मौर्य, कृपाशंकर ,राजकुमार मौर्य, बल्लू राम मौर्य,यशवंतराव, शालिनी, कार्यक्रम के संरक्षक जयप्रकाश जय जी इत्यादि प्रमुख लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाते हुए अपने अपने विचार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम का सफल संचालन अशोक सिंह एडवोकेट ने किया।

अवध में राम आए हैं जय श्री राम से गूंज उठा परिसर

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। नगर के सत्यानगंज मोहल्ले में स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर में मनाया गया आनंद कंद योगेश्वर श्री रामचन्द्र जी का जन्मोत्सव मनाया गया इस अवसर पर भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिला जन्म उत्सव प्रारंभ होते ही जय श्री राम के ध्वनि से मंदिर परिसर गूंज उठा, मंदिर के पुजारी अमरेश चन्द्र पाण्डेय ने भगवान का सर्वप्रथम आरती किया वही स्थानिय महिलाए मंगल गित गाती दिखी इस अवसर पर आशीष पाण्डेय, शिवम पाण्डेय, शशांक शेखर, विनित अग्रहरि, पारसनाथ केशरी आदि सैकड़ों भक्त मौजूद रहे अगले दिन सायं काल चार बजे से मंदिर परिसर से निकाली जाएगी श्री रामचन्द्र जन्म जी की भव्य शोभायात्रा।

सड़क दुर्घटना में एक घायल, एक की दर्दनाक मौत

प्रखर कछवाँरोड वाराणसी। मिजार्मुराद स्थानीय थाना क्षेत्र के खजूरी चौकी के अंतर्गत ग्राम मेंहदीगंज स्थित कोका कोला फैक्ट्री के पास राष्ट्रीयराजमार्ग 19 पर रविवार की सुबह करीब 7:45 बजे एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर चलती ट्रक से जा टकराई और मोटरसाइकिल सवार दोनो युवक बुरी तरह घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार अजय कुमार माझी (25वर्ष) पुत्र तूफानी माझी निवासी हरि नगर कॉलोनी छित्तुपुर थाना सिगरा जनपद वाराणसी व सहदेव भारती उर्फ. विकास (22वर्ष) पुत्र लाल बहादुर निवासी लहरतारा, जनपद वाराणसी दोनो दोस्त बीती रात 12:00 बजे एक मोटरसाइकिल यूपी 65 वाई 2780 पर सवार हो

जनपद मिजार्पुर स्थिति विंध्याचल धाम दर्शन करने के लिए गए थे। दर्शन करने के उपरांत वापसी मे सुबह 8:00 बजे के करीब रखौना रिंग रोड के समीप मेंहदीगंज ग्राम अंतर्गत कोका कोला फैक्ट्री के पास राष्ट्रीयराजमार्ग 19 पे चालक अजय कुमार मांझी का नियंत्रण मोटरसाइकिल से खो जाता है और मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर चलती हुई ट्रक से जा टकराई जिसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद खजरी चौकी इंचार्ज अभिषेक कुमार राय मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार हेतु एंबुलेंस के माध्यम से तुरंत ट्रामा सेंटर भिजवा दिया। जहां इलाज के दौरान चालक अजय कुमार मांझी का दुखद निधन हो गया। और साथी सहदेव भारती भी ज़िंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा है।

हिन्दू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने निकली भव्य हिन्दू शोभायात्रा

प्रखर दानगंज वाराणसी। आज हिन्दू युवा वाहिनी पलहीपट्टी गोसाईपुर क्षेत्रीय के कार्यकताओं ने नव वर्ष व नवरात्री के शुभ अवसर पर हिन्दू शोभा यात्रा निकाल कर सौहार्द प्रेम का सन्देश दिया।जिसके मुख्य अतिथि हिन्दू युवा वाहिनी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष पाण्डेय जी रहे।मुख्य अतिथि ने शोभा यात्रा को सम्बोधित करते हुए कहा की यह एक भव्य शोभा यात्रा उन सोए हुए हिंदुओं को जगाने के लिए है जो अपना नव वर्ष 1 जनवरी को मनाते हैं।विशिष्ट अतिथि जिला प्रभारी त्रिलोकी राम शास्त्री जी ने बताया की विश्व के समस्त हिन्दू जनमानस का नव वर्ष है इसे ऐसे ही प्रेम और सौहार्द से मनाना चाहिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हिन्दू युवा वाहिनी जिला संयोजक सुनील सिंह जिलाध्यक्ष आशुतोष सिंह आशु जी,जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह, प्रभु सिंह, जिला महामंत्री श्रवण मिश्र, जिला मंत्री प्रभात, वरुण सिंह मोनू, नन्देश सिंह, किशन दादा, प्रभाकर,मनोज गुप्ता,कान्हा मिश्र, अजय दुबे, हिमांशु मिश्र, निर्मल सिंह, नन्दलाल मिश्र पूर्व प्रधान, दिव्यांशु, पंकज गौड़, कन्हा मिश्र, डी के मिश्र इत्यादि उपस्थित रहे।

रामनवमी पर मंदिर में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनाती:सीओ फरेंदा

प्रखर पूर्वांचल महाराजगंज/बृजमनगंज।आज रामनवमी के पर्व पर मां लेहरा देवी मंदिर में उमड़ी लाखों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई। पुलिस उपाधीक्षक /क्षेत्राधिकारी सुनील दत्त दुबे प्रभारी निरीक्षक बृजमनगंज श्री चंद्रहास मिश्रा व चौकी प्रभारी दिनेश पांडे के द्वारा अतिरिक्त पुलिस बल के साथ व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाते हुए सभी दर्शनार्थियों को सुगम और सुरक्षित दर्शन करा कर अपने गंतव्य को रवाना किया गया ।पुलिस के सहयोग के लिए 50 स्काउट एंड गाइड के बच्चे भी उपस्थित रहे जिन्होंने अथक मेहनत से पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपना योगदान प्रदान किया मंदिर की आयोजन समिति के शिवम पांडे के नेतृत्व में वॉलिंटियर्स पुलिस बल के साथ व्यवस्था में लगे रहे ।बाहर से आए दर्शनार्थी लोगों ने पुलिस व्यवस्था की सराहना की।

पतरही में हनुमान मंदिर पर श्री राम महोत्सव शोभायात्रा के तहत बाइक रैली का समापन

प्रखर पतरही जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोपा के पतरही बाजार में हनुमान मंदिर पर श्री राम महोत्सव शोभायात्रा के तहत बाइक रैली का हुआ समापन।बता दें कि श्री शुभ संवत २०७९ शाके १९४४ चैत्र शुक्ल पक्ष नवमी तद्नुसार श्री राम महोत्सव शोभायात्रा के तहत बाइक रैली का आयोजन किया गया। बाइक रैली के दौरान डीजे की धुन पर भजन बजे तो वहीं कार्यकताओं ने जय श्री राम के उद्घोष भी लगाए। विश्व हिन्दू परिषद के बैनर तले निकली बाइक रैली की शुरूआत रविवार को 8 बजे सुबह अवनीश सिंह (प्रखंड अध्यक्ष) विश्व हिन्दू परिषद काशी प्रान्त, प्रवीण पाण्डेय (प्रखंड मंत्री) विश्व हिन्दू परिषद ,श्लोक सिंह (प्रखंड संयोजक) बजरंग दल, ऋषभ सिंह (प्रखंड सह संयोजक) बजरंग दल के सम्बोधन के साथ हनुमान मंदिर मेंन रोड़ बजरंगनगर बाजार से श्री राम महोत्सव शोभायात्रा प्रभात फेरी आरंभ होकर कर्रा,खुज्झि, चन्दवक,बिरिबारी विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए डीजे पर बजते श्री राम के

भजनों के बीच बाइक सवार कार्यकताओं ने जय श्री राम के नारे लगाते हुए इस शोभायात्रा में शामिल हुए। दरअसल कोरोना काल के बाद पहली बार क्षेत्र में इस प्रकार से विशाल स्तर पर शोभायात्रा निकाली गई थी।इस शोभायात्रा को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा था।वही दूसरी ओर शोभायात्रा को लेकर बजरंगनगर से पतरही मार्ग पर केसरिया झंडे लगाये गये थे।शोभायात्रा में समाजसेवी आशू सिंह बिरिबारी,पंकज सिंह,राहुल सिंह,विवेक सिंह डब्बू,मनोज सिंह,राजेश सिंह (पिंटू दादा), समाजसेवी मुकेश सिंह (गेंदी),बचाऊ कुमार सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग हाथों में ध्वज लेकर शामिल हुए। गौरतलब हो कि श्रीमती आशा सिंह सहित विशाल जनसमूह ने भगवान श्री राम की आरती के साथ पतरही बाजार पुलिस चौकी के पास हनुमान मंदिर पर श्री राम महोत्सव शोभायात्रा का समापन किया गया।बताते चलें कि स्टेशन रोड़ पर पंकज सिंह द्वारा उनके आवास पर शोभायात्रा में शामिल हुए सभी गणमान्य लोगों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी।

धरहरा गांव में गायब हो गया खोदा गया तालाब

तालाब को जमीं खा गई या आसमा, पता नहीं चल पा रहा है मुख्यमंत्री से खोजने की गुहार लगाई

प्रखर चंदौली। जिला में लूट खसोट व भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी हो चुकी है कि कभी सड़क तो कभी पोखरा ही गायब हो जा रहा है .8 महीने पहले गांव की 1 सड़क ही गायब हो गई थी धरहरा गांव का 1 पोखरा ही गायब होने की सूचना मिली है नौगढ़ में 8 महीने पहले गांव की 1 सड़क ही गायब हो गई थी अब सकलडीहा विकासखंड के धरहरा गांव का 1 पोखरा ही गायब होने की सूचना मिली है क्योंकि इस तालाब को लाखों खर्च करके बनाया गया था धरहरा गांव के निवासी संजय पाण्डेय ने सीएम पोर्टल पर शिकायत की है कि कागज पर लाखों ? की खर्च और सैंकड़ों मजदूरों द्वारा जिस आराजी नम्बर पर 1 वर्ष पूर्व पोखरे की खुदाई की गई थी आज वह पोखरा मौके पर दिखाई ही नहीं दे रहा है



उन्होंने गुम हुए पोखरे को खोजने के लिए मुख्यमंत्री के यहां गुहार लगाई है संजय पाण्डेय ने लिखा है कि मनरेगा के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2021/22में लाखों खर्च करके आराजी नम्बर 139 में पास पोखरे की खुदाई की गई थी लेकिन यह तालाब कहां गया पता नहीं चल रहा है जिसे गांव आलो में काफी आक्रोश दिखाई दे रहा है जिसे पिछले 1 सप्ताह से गांव के लोग उसे खोज रहे हैं पर पोखरा मिल ही नहीं रहा है संजय ने मुख्यमंत्री से अनुरोध करते हुए लिखा है कि कृपया गुम हुए पोखरे को ढूंढ कर आराजी नम्बर 139 में स्थापित करने की कृपा करें पोखरा गुम होने की खबर को लेकर के विकास विभाग में हड़कम्प मच गया है क्षेत्र में तरह तरह की चचाएं व्याप्त है लोगों ने कहा कि पहली बार इतिहास में ऐसा हुआ है कि जिस पोखरे की खोदाई कुछ दिन पहले हुई हो हुआ पोखरा ही आराजी समेत गुम हो गया है हालांकि मामले में बीडीओ सकलडीहा अरुण कुमार पाण्डेय ने कहा कि सकलडीहा के धरहरा गांव में पोखरे का कोई मामला अभी संज्ञान में नहीं है अगर ऐसा है तो इसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

एनजीओ कार्यालय पर लगा मेडिकल चेकअप कैम्प

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। साथ इंडिया फाउंडेशन (एनजीओ) के अहरौरा स्थित महुली ब्रांच पर दिन सोमवार को सुबह 7बजे से मेडीकल चेकअप और आधार

करेक्शन कैम्प का आयोजन किया गया। काव्यश्री हॉस्पिटल टेंगरा मोड़ रामनगर वाराणसी के डॉ. एसएस ठाकुर एमडी डॉक्टर जूही देशपांडे एमडी के साथ उनके मेडकल टीम वार्ड बॉय नर्सिंग स्टाफ के द्वारा जनरल मेडिसिन, स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं आर्थो विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा इलाज किया गया। एनजीओ के डायरेक्टर एसके श्याम तथा ज्वाइंट डायरेक्टर हरिशचंद्र सिंह ने बताया की हमारे एनजीओ की संस्था भविष्य में ऐसे कैंप लगाकर गरीब व असहाय लोगो के लिए हमारी संस्था कार्य कराती रहेगी, गरीब असहाय लोगों को निःशुल्क सुविधा हो सके यही हमारा और हमारे संस्था का उद्देश्य है।

संक्षिप्त खबरें

गैर जमानती का आरोपी वारंटी गिरफ्तार

प्रखर केराकत जौनपुर। पुलिस अधीक्षक के द्वारा अपराध एवं अपराधियों एवं वाँछित वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व सीओ केराकत शुभम तोदी के पर्यवेक्षण एवं दिशा झ निर्देशन में थाना केराकत कोतवाली पुलिस द्वारा प्र0नि0 केराकत लक्ष्मण पर्वत के नेतृत्व मे उ0नि0 हैदर अली वारण्टी इसराइल खाँ पुत्र अफसर खाँ नि0 मनियरा थाना केराकत को मनियारा से गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया। गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक केराकत कोतवाली लक्ष्मण पर्वत, उपनिरीक्षक हैदर अली कांस्टेबल रंजीत यादव, कांस्टेबल अमित पटेल आदि शामिल रहे।

नाजायज तमंचा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

प्रखर केराकत जौनपुर। पुलिस अधीक्षक के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व सीओ केराकत शुभम तोदी के पर्यवेक्षेण एवं दिशा झ निर्देशन में थाना केराकत कोतवाली पुलिस द्वारा प्र0नि0 केराकत लक्ष्मण पर्वत के नेतृत्व मे उ0नि0 विनित मोहन पाठक द्वारा मय हमराह पुलिस बल के हुरहुरी पेट्रोल पम्प के पास से अभियुक्त धीके हुरहुरी पेट्रोल पम्प के पास से अभियुक्त धीरज सरोज उर्फ कुस्सू पुत्र रामदुलार सरोज निवासी मीरपुर थाना केराकत को एक अदद नाजायज तमंचा 315 बोर साथ रात्रि मे गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर धीरज सरोज उपरोक्त के ऊपर मुकदमा पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्र0नि0 लक्ष्मण पर्वत,उ0नि0 विनित मोहन पाठक, उ0नि0 संतोष यादव, हे0का0 सुशील यादव,का0 अनूप यादव आदि शामिल रहे।

जमीन के लिए दिए धन को मांगने पर जान से मारने की धमकी

प्रखर पिंडरा वाराणसी। सिंधोरा थाना क्षेत्र के बसन्तपुर गांव के एक किसान ने जमीन के लिए दिए डेढ़ लाख रुपए एक दबंग द्वारा हड़प लेने की शिकायत करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। सिंधोरा पुलिस को दिए शिकायती पत्र में वीरेंद्र यादव निवासी बसन्तपुत ने आरोप लगाया है कि गांव के ही एक ब्यक्ति ने अपनी जमीन देने की बात कही। जिसपर 8 वर्ष पूर्व डेढ़ लाख रुपये नोटरी हलफनामा और गवाह के समक्ष दिया गया था। लेकिन चोरी से उक्त जमीन को बेंच दिया गया। धन वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। यही नही नोटरी हलफनामा पर जमीन न देने पर दो फीसदी दर से ब्याज सहित रुपये वापस करने की बात हुई थी। जिसपर सिंधोरा इंस्पेक्टर ने सोमवार को दोनों पक्षो को बुलाकर हल कराने का आश्वासन दिया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बजरंगनगर में लगा मुख्यमंत्री जन अरोग्य मेला

प्रखर चंदवक जौनपुर। स्थानीय विकास खण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बजरंगनगर में रविवार को डाक्टर अशोक कुमार सोनकर की देखरेख में मुख्यमंत्री जन अरोग्य मेला लगा कर लोगो का किया गया इलाज।प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बजरंगनगर पर लगे मेले में आए 60 मरीजों का इलाज किया गया। इलाज के दौरान निरीक्षण करने पहुंचे डोभी स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ एस के वर्मा ने बताया कि हर रविवार को स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री जन अरोग्य मेले का आयोजन किया जायेगा।इस अवसर पर फार्मासिस्ट छोटे लाल चौहान,स्टाप नर्स नेहा सिंह पटेल, वार्ड बॉय राघवेंद्र सिंह व आनंद त्रिपाठी समेत अन्य स्टाप मौजूद रहे।

नवमी पर हरिकीर्तन के साथ कन्याओं का हुआ पूजन

प्रखर पिंडरा वाराणसी। नवरात्र के नवमी को क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों में हरि कीर्तन और अखण्ड रामायण पाठ के स्वर गूँजते रहे। पूरी रात भक्त हरि के नाम का स्मरण कर रतजगा किये। क्षेत्र के रामपुर स्थित देवी माता मंदिर, रमईपुर स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर, नकटेश्वरी स्थित नकटी भवानी मन्दिर चरए स्थित करणरेश्वरी देवी मंदिर में भक्त हरिकीर्तन में लगे रहे। क्षेत्र के मंगारी स्थित दुर्गा मंदिर में कन्याओं का पूजन भी किया गया। वही घर घर मे भी लोंगो ने कन्या पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पूर्व नवमी की रात्रि में घर घर देवी माँ की पूजा हुई और सुबह भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। जिसके चलते रातभर मन्दिरो के कपाट खुले हुए थे।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोड: 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालय: 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोड: 233001
सम्पर्क सूत्र: 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं